3 राजधानी
मर्सिडीज चालन ने सिपाही से की मारपीट

6 प्रादेशिकी
आग पर 38 घंटे बाद पाया गया काबू

11 राष्ट्रीय
भारत ने 2022-23 में सर्वाधिक रक्षा निर्यात किया

12 स्पोर्ट्स
लखनऊ ने दिल्ली को 50 रनों से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 146
नई दिल्ली, रविवार, 2 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पोप फ्रांसिस को अस्पताल से छुट्टी मिली
विदेश-10

# हर भारतीय मेरा सुरक्षा कवच: मोदी

**● प्रधानमंत्री का विपक्षी दलों पर हमला- कुछ लोगों ने मुझे मारने के लिए भांति-भांति के लोगों को दे रखी है सुपारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल



**भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रानी कमलापति स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन, नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन में पीएम ने 300 से अधिक स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। यह ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के बीच छह दिन रविवार से शुक्रवार तक (शनिवार छोड़कर) चलेगी। ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 5:40 पर चलेगी और दोपहर में 1:10 पर हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। डेढ़ घंटे बाद यह हजरत निजामुद्दीन से दोपहर 2:40 पर वापस रानी कमलापति स्टेशन के लिए रवाना होगी और रात 10:10 पर पहुंचेगी। यात्री तीन अप्रैल से इस ट्रेन में सफर कर सकेंगे।**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने उन्हें मारने के लिए भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है, लेकिन भारत के गरीब, मध्यम वर्ग, आदिवासी, दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समेत हर भारतीय आज मोदी का सुरक्षा कवच बना हुआ है।

विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में इन लोगों ने मोदी की छवि धूमिल करने का संकल्प लिया और अब इन लोगों ने संकल्प ले लिया है कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। मोदी ने यहां रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन (नई दिल्ली) के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को यहां हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने मध्य प्रदेश सहित देश में उनके शासनकाल में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि देश एवं मध्य प्रदेश में हो रहे विकास प्रयासों के बीच आप सभी देशवासियों का ध्यान वह एक और बात की ओर खींचना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि हमारे देश में कुछ लोग हैं जो 2014 के बाद से ही यह ठान कर बैठे हैं और उन्होंने सार्वजनिक रूप से बोला भी है। उन्होंने अपना संकल्प घोषित किया है। उन्होंने अपना संकल्प घोषित किया है कि हम मोदी की छवि को धूमिल करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए इन लोगों ने भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है और खुद भी मोर्चा संभाले हुए हैं।

इन लोगों का साथ देने के लिए कुछ लोग देश के भीतर हैं और कुछ देश के बाहर भी बैठकर अपना काम कर रहे हैं। इन साजिशों के बीच हर देशवासी को राष्ट्र निर्माण एवं विकास पर ध्यान देना है। हमें विकसित भारत में मध्यप्रदेश की भूमि के गौरव को और बढ़ाना है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कहा कि आज एक अप्रैल के इस कार्यक्रम पर हमारे कांग्रेस के मित्र यह बयान जरूर देंगे कि ये मोदी तो अप्रैल फूल बना रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक ही परिवार को देश का प्रथम परिवार मानती रही। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत अब नई सोच और नए दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। पहले की सरकारें तुष्टीकरण में ही इतना व्यस्त रहीं कि देशवासियों के संतुष्टीकरण पर उनका ध्यान नहीं गया। वे वोटों के तुष्टीकरण में जुटे हुए थे और हम देशवासियों के संतुष्टीकरण में समर्पित हैं। मोदी ने गुरुवार को इंदौर के एक मंदिर में रामनवमी को हुए हादसे पर दुख व्यक्त किया। मोदी ने पिछली सरकारों पर प्रहार करते हुए कहा कि आजादी के बाद उन्हें बना-बनाया रेलवे नेटवर्क मिला था, अगर तब की सरकारें चाहतीं तो बहुत तेजी से रेलवे को आधुनिक बना सकती थीं, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के लिए, रेलवे के विकास को ही बलि चढ़ा दिया गया।

उनका हाल तो यह था कि आजादी के दशकों बाद भी हमारे नॉर्थ-ईस्ट के राज्य रेलवे से नहीं जुड़े थे। बीते नौ वर्षों में हमारा यह निरंतर प्रयास रहा है कि भारतीय रेल दुनिया का श्रेष्ठ रेल नेटवर्क कैसे बने। मोदी ने कहा कि आज रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण किया जा रहा है, 6,000 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा दी जा रही है। उनका कहना था कि देश के 900 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाने का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि पहले सांसद चिट्ठी लिखते थे कि ट्रेन इस स्टेशन पर रुकने की व्यवस्था हो, यहां रोकी जाए, वहां रोकी जाए। आज मुझे गर्व है कि सांसद चिट्ठी लिखते हैं और मांग करते हैं कि हमारे यहां भी वंदे भारत ट्रेन जल्दी से जल्दी चालू हो।

# गड़बड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई: नीतीश

**● गृहमंत्री अमित शाह ने सासाराम की यात्रा रद्द की बिहार के अन्य कार्यक्रम यथावत, सासाराम और बिहारशरीफ में हिंसा थमी, 45 गिरफ्तार, कई इलाकों में निषेधाज्ञा बरकरार**

**पीएनएस/एजेंसी।** पटना/हावड़ा



**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहा कि सासाराम और बिहारशरीफ शहरों में रामनवमी उत्सव के दौरान सांप्रदायिक तनाव कुछ लोगों द्वारा शरारत में शामिल होने के कारण हुआ। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज कर दिया कि यह राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति के खराब होने का संकेत देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड़बड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बिहार दौरे पर सासाराम जाने की योजना रद्द कर दी है। सासाराम और बिहार शरीफ मे हिंसा के सिलसिले में अब तक 45 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि दोनों जगहों पर सामान्य स्थिति बहाल कर दी गई है लेकिन भारी संख्या में बलों की तैनाती भी बरकरार रखी गई है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के काजीपाडा इलाके में राम नवमी पर शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद शनिवार को स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में रही। बहरहाल, इलाके में अभी भी निषेधाज्ञा लागू है और इंटरनेट सेवा निलंबित है। एक अधिकारी ने बताया कि भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच सुबह से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई और दुकानें तथा बाजार भी खुले।

अधिकारी ने बताया कि राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने झड़पों की शुरू कर दी है। बिहार में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना में पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शाह शनिवार शाम को पटना पहुंचेंगे और तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को नवादा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। हालांकि, उन्हें सासाराम में सम्राट अशोक के जयंती समारोह में शामिल होने की अपनी योजना को रद्द करना पड़ा है। चौधरी ने आरोप लगाया, यह स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में नहीं है। यहां तक कि नीतीश के गृह जिले नालंदा में आने वाले बिहार शरीफ में भी कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है। राज्य के कई अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की स्थिति है। उन्होंने कहा, सासाराम में धारा-144 लागू करना एक स्पष्ट संकेत है कि वहां कोई बड़ी सभा नहीं हो सकती है। इसलिए, माननीय गृह मंत्री ने सम्राट अशोक के जयंती समारोह के लिए शहर की अपनी यात्रा रद्द कर दी है।

इस बीच, पटना में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए, नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दंगों के मद्देनजर सासाराम के अपने दौरे को रद्द करने पर कहा कि मुझे नहीं पता कि वह क्यों आ रहे थे और मुझे समझ में नहीं आया कि उन्होंने क्यों नहीं आने का फैसला किया। सासाराम और बिहारशरीफ की घटना से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, जो घटना घटी है वह बहुत ही दु:ख की बात है और जरूर किसी-न-किसी ने ( शेष पेज 9 )

# भारत ने अब तक का सर्वाधिक रक्षा निर्यात किया

**● रक्षामंत्री के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात हुआ**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो अब तक सर्वाधिक है। उन्होंने इस वृद्धि को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में देश का रक्षा निर्यात 12,814 करोड़ रुपए था।

सिंह ने ट्विटर पर कहा, भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपए के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया। यह देश के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में हमारा रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ता रहेगा। सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक, भारत ने 2020-21 में 8,434 करोड़ रुपए, 2019-20 में 9,115 करोड़ रुपए और 2018-19 में 10,745 करोड़ रुपए के सैन्य हार्डवेयर का निर्यात किया था। 2017-18 में देश का कुल रक्षा निर्यात 4,682 करोड़ रुपए और 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपए का था। केंद्र सरकार ने 2024-25 तक 1,75,000 करोड़ रुपए के रक्षा हार्डवेयर के उत्पादन के साथ ही रक्षा निर्यात को 35,000 करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

## पीएम ने सुरक्षा बलों की तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भोपाल में सेना, नौसेना और वायु सेना के शीर्ष कमांडरों के एक प्रमुख सम्मेलन में भारत के समक्ष सुरक्षा चुनौतियों और उनसे निपटने के लिए सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने सेना के तीनों अंगों से नए और उभरते खतरों से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा निर्यात का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचना यह दर्शाता है कि पिछले कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधार अच्छे परिणाम दे रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि केंद्र सरकार भारत को रक्षा उत्पादन केंद्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगी। मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ट्वीट पर यह प्रतिक्रिया दी।

# जॉर्जिया असेम्बली ने हिंदूफोबिया के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

**● इस तरह का कानूनी उपाय करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बना, प्रस्ताव में कहा गया यह धर्म स्वीकार्यता, सम्मान व शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं और आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है**

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** की जॉर्जिया असेम्बली ने हिंदूफोबिया (हिंदू धर्म के प्रति पूर्वाग्रह) की निंदा करने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है। हिंदूफोबिया और हिंदू विरोधी कट्टरता की निंदा करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना धर्म है और दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। प्रस्ताव में कहा गया कि यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान एवं शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं एवं आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है। इस प्रस्ताव को अटलांटा की फोरसाइथ काउंटी से जनप्रतिनिधि लॉरेन मैक्डोनल्ड और टॉड जोन्स ने पेश किया था।

अटलांटा में बड़ी संख्या में हिंदू और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग रहते हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिकी-हिंदू समुदाय का चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, आतिथ्य, वित्त, शिक्षा, विनिर्माण, ऊर्जा और खुदरा व्यापार जैसे विविध क्षेत्रों में प्रमुख योगदान रहा है। इसमें कहा गया है कि योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला के क्षेत्र में समुदाय के योगदान ने सांस्कृतिक ताने-बाने को समृद्ध किया है और इसे अमेरिकी समाज में व्यापक रूप से अपनाया गया है तथा इसने लाखों लोगों के जीवन को सुधारा है। प्रस्ताव में कहा गया है कि बीते कुछ साल में देश के कई हिस्सों में हिंदू-अमेरिकियों के खिलाफ नफरती अपराध के कई मामले दर्ज हुए हैं। प्रस्ताव के मुताबिक, कुछ ( शेष पेज 9 )

# सिद्धू पटियाला जेल से रिहा, केंद्र व पंजाब सरकार पर साधा निशाना

**● कांग्रेस नेता ने कहा, बेड़ियों में जकड़ा हुआ है लोकतंत्र**

**पायनियर समाचार सेवा।** पटियाला



**रोड** रेज में हत्या के मामले में कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार को पटियाला केंद्रीय कारागार से रिहा हो गए। जेल से बाहर आते ही सिद्धू ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा हुआ है और संस्थान गुलाम हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है।

सिद्धू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अखबारी मुख्यमंत्री कहा और कानून-व्यवस्था तथा ऋण के मुद्दे पर उनकी सरकार की आलोचना की। वर्ष 1988 के रोड रेज मौत के मामले में करीब 10 महीने जेल में बिताने वाले सिद्धू शनिवार को रिहा हो गए। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू को 65 वर्षीय गुरनाम सिंह की मौत के मामले में मई 2022 में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद जेल भेज दिया गया था। सिद्धू के वकील ने कहा था कि जेल में उनके अच्छे आचरण के कारण उन्हें समय से पहले रिहा किया जा रहा है। सिद्धू ने सुबह से जेल के बाहर प्रतीक्षा कर रहे पत्रकारों से कहा कि देश में जब भी तानाशाही आई तब एक क्रांति आई और आज मैं कहता हूं कि क्रांति का नाम राहुल गांधी है। उन्होंने कहा कि बहस और असहमति इस लोकतंत्र का सार है, लेकिन विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस दमन के खिलाफ लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया, आज लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा हुआ है, आज लोकतंत्र जैसा कुछ भी नहीं है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,991 | |
| निफ्टी | 17,359 | |
| सोना | 59,680 | /10g |
| चांदी | 71,300 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कानूनी प्रक्रिया के बगैर किसी को बंदी बनाकर नहीं रखा जाना चाहिए: कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय का कहना है कि राज्य की जिम्मेदारी अपराध रोकने और सुरक्षा बनाए रखने की है लेकिन इसमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित नहीं होनी चाहिए और कानूनी प्रक्रिया के बिना किसी को बंदी बनाकर नही रखा जाना चाहिए। दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 167(2) के प्रावधान (ए) मे उल्लेखित 60।90 दिनो की डिफॉल्ट जमानत अवधि की गिनती करते हुए हिरासत की तिथि को उसमें जोड़ा जाए या नही, उच्चतम न्यायालय ने इस कानूनी प्रश्न पर विचार करते हुए उक्त टिप्पणी की। सीआरपीसी की धारा 167 के अनुसार, अगर जांच एजेंसी हिरासत के दिन से 60 दिनों के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने में असफल रहती है तो आरोपी स्वतः जमानत पाने का पात्र होगा।

## बैंकाक-मुंबई उड़ान में चालक दल की सदस्य के साथ छेड़छाड़ के आरोप में स्वीडिश नागरिक गिरफ्तार

**भाषा।** मुंबई

**इंडिगो** के विमान में सवार एक स्वीडिश नागरिक को चालक दल की एक सदस्य के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को बैंकाक-मुंबई की उड़ान इंडिगो 6ई-1052 में बृहस्पतिवार को हुई घटना के दौरान आरोपी के. एरिक हेराल्ड जोनस वेस्टबर्ग (63) कथित रूप से नशे में था। अधिकारी ने बताया कि वेस्टबर्ग पर विमान में भोजन खरीदने के दौरान चालक दल की सदस्य को गलत तरीके से छूने और एक सहयात्री को पीटने का आरोप है। उन्होंने बताया कि विमान के मुंबई पहुंचने पर वेस्टबर्ग को मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (छेड़छाड़) और विमान अधिनियम के अन्य प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अंधेरी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने शुक्रवार को वेस्टबर्ग को जमानत पर रिहा कर दिया था।

# अप्रैल से जून तक पड़ेगी भीषण गर्मी

## देश के अधिकांश हिस्सों को करना पड़ सकता है हीट वेव का सामना: मौसम विभाग

**● वर्ष 1901 के बाद से अब तक सबसे ज्यादा गर्मी रही 2023 की फरवरी मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा, ओलों से कई जगह तबाह हो गईं फसलें**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मार्च** में बेमौसम बारिश से फसलों की तबाही के बाद अगले तीन महीने भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून से पहले अप्रैल से जून तक की अवधि में उत्तर पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों एवं प्रायद्वीपीय क्षेत्र को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी भारत में दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि क्षेत्र भी आते हैं।

मौसम विभाग के अनुसार 2023 में गर्मी के मौसम (अप्रैल से जून) के दौरान दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में प्रचंड गर्मी (हीटवेव) पड़ने की आशंका है। हीटवेव की घोषणा तब की जाती है जब किसी क्षेत्र का अधिकतम तापमान मैदानों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय इलाकों में कम से कम 37 डिग्री सेल्सियस और पर्वतीय क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है।

आईएमडी के अनुसार, भारत में 1901 के बाद से 2023 में फरवरी में सबसे ज्यादा गर्मी रही। हालांकि, सात पश्चिमी विक्षोभ के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण मार्च में तापमान में गिरावट रही। मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिमी भारत तथा प्रायद्वीपीय क्षेत्र के दूरदराज हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे अधिक रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि भारत में अप्रैल में सामान्य बारिश की संभावना है। वर्ष 1971 से 2020 तक एकत्रित ( शेष पेज 9 )

# क्रिकेटर सुरेश रैना के रिश्तेदारों की हत्या में वांछित कुख्यात अपराधी राशिद मुठभेड़ में मारा गया, एसएचओ को गोली लगी

**भाषा।** मुजफ्फरनगर (उप्र)

**मुजफ्फरनगर** के शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने क्रिकेटर सुरेश रैना के रिश्तेदारों के तिहरे हत्याकांड में वांछित कुख्यात अपराधी राशिद को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव सुमन ने यहां पत्रकारों को बताया कि कुख्यात अपराधी राशिद उर्फ सिपहिया शनिवार को मुठभेड़ में मारा गया जिसके ऊपर 50 हजार रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बाइक पर सवार दो बदमाशों को रोका तो उन्होंने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी।

उनके अनुसार पुलिस की जवाबी फायरिंग में कुख्यात अपराधी राशिद मारा गया, जबकि उसका साथी फरार होने में सफल रहा। एसएसपी ने बताया कि इस मुठभेड़ के दौरान शाहपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) बबलू सिंह को भी गोली लगी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार राशिद 2020 में पंजाब में सुरेश रैना के तीन रिश्तेदारों की हत्या सहित डकैती और हत्या के दर्जनों मामलों में वांछित था। पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है और तलाशी अभियान जारी है। पुलिस के अनुसार मृतक बदमाश के पास से दो तमंचा व एक बाइक बरामद हुई है। एसएसपी ने कहा कि शाहपुर थाना क्षेत्र में अंतर्राज्ईय गिरोह के कुख्यात अपराधी के छिपे होने की सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

# नोएडा में 26 सेक्टरों में मई से मिलेगा गंगाजल

## तीसरे फेज में 37.50 क्यूसेक पानी के लिए 90 एमएलडी परियोजना का 95 प्रतिशत काम पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के 26 सेक्टरों के 6 लाख लोगों को मई से मीठा जल गंगाजल मिलने लगेगा। इसके लिए तीसरे फेज 37.50 क्यूसेक गंगाजल 90 एमएलडी परियोजना का 94.50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

ये काम उप्र जल निगम कर रही है। परियोजना पर 304.18 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसमें 228.14 करोड़ रुपए प्राधिकरण खर्च कर रहा है। परियोजना से नोएडा को कुल 330 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई हो जाएगी। वर्तमान में 240 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। यह योजना 50 क्यूसेक गंगाजल की है। जिसमें नोएडा का 75 प्रतिशत 37.50 क्यूसेक गंगाजल मिलेगा और यूपीएवीपी का 25 प्रतिशत 22.5 क्यूसेक गंगाजल की सप्लाई की जाएगी। 14 मार्च 2018 को योजना पर कार्य शुरू किया गया। 30 नवंबर 2021 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था।



इस योजना को 30 अप्रैल 2023 तक पूरा किया जा सकता है। प्राधिकरण ने बताया कि उप्र जल निगम गाजियाबाद की ओर से डासना में 80 मीटर भूमि अधिग्रहीत न होने पर यहां 1200 एमएम का पाइप नहीं डाला गया है। इसके लिए कार्यवाही शुरू कर दी गई है। ये काम जल्द पूरा हो जाएगा। इसके अलावा विभाग की ओर से हैड रेग्युलेटर से प्राइमरी ट्रिटमैंट प्लांट तक चैनल का निर्माण नहीं होना है।

इन दोनों कार्यों को इसी महीने पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद गंगाजल की सप्लाई शुरू की जा सकेगी। वर्तमान में प्राइमरी ट्रीटमेंट का कार्य 100 प्रतिशत पूरा किया जा चुका हैं। 120 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य करीब पूरा हो चुका है। 1500 एमएमडाया की 7.8 किमी लंबाई में पाइप बिछाने के का काम किया जा रहा है। फि लहाल ये पैंच पूरा होने के बाद लोगों को गंगाजल मिलेगा।

### इन इलाकों को मिला लाभ

इस परियोजना से 26 सेक्टरों के लाखों लोगों को गंगाजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इसमें सेक्टर.122, 128, 130, 131, 133, 134, 135, 137, 143, 144, 145, 143बी, 146, 147, 151, 168 शामिल है। इन सेक्टरों में करीब 6 लाख लोग रहते है। साथ ही इनमें से कुछ सेक्टर औद्योगिक विकास के है।

## थाना शालीमार गार्डन शुरू, 24 घंटों में सात मुकदमे दर्ज

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट सिस्टम और जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिये स्थापित किये गए नवसृजित शालीमार गार्डन थाने में विधिवत रूप से विधिक कार्य होने शुरू हो गये।

सूत्रों के अनुसार इस थाने के प्रारंभ होने के शुरुआती 24 घंटों में जहां सात मुकदमे दर्ज हुए वहीं पहली रिपोर्ट डीएलएफ में हुए झगड़े/बलवे की हुई। वहीं दूसरी ओर इस थाने की पुलिस ने अमन उर्फ बंदर निवासी पसौंड़ा व दानिश निवासर सोनिया विहार खजूरी दिल्ली नामक दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करके गुडवर्क का भी श्रीगणेश कर दिया। इस गुडवर्क के संदर्भ में एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर लुटेरे हैं। ज्ञात हो कि इलाके में बढ़ते अपराधों को देखते हुए क्षेत्र में नया थानों खुला गया है। उम्मीद जताई जा रही है इस प्रयास से अपराधों में कमी आएगी।

## प्रेमिका को मौत के घाट उतारा ओयो होटल में मिला शव

● प्रेमी की तय हो गई थी शादी, युवती कर रही थी विरोध



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में ओयो होटल के रूम नंबर-104 में प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर दी। होटल के बाथरुम में उसका शव मिला। महिला पहले से शादी शुदा थी। शुक्रवार दोपहर को प्रेमी से मिलने होटल आई थी।

पुलिस ने बताया कि प्रेमी की शादी होने वाली थी। प्रेमिका शादी का विरोध करती थी। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसके बाद प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। घटना सेक्टर-63 के छिजारसी का है।

राजविला होटल के कर्मचारियों ने बताया कि अनीता शुक्रवार की दोपहर को सोनू नामक के युवक के साथ आई थी। देर शाम जब होटल का स्टाफ कमरे में पहुंचा तो अनीता बाथरुम में लहूलुहान हालत में मृत पड़ी हुई थी। कमरे से सोनू नहीं था। होटल मैनेजर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृत महिला की पहचान अनीता पत्नी राजेंद्र बाबू निवासी इटावा के रूप में की है।

पुलिस ने मृतका के पति राजेंद्र बाबू को इस हादसे की सूचना दी। राजेंद्र ने बताया कि सोनू उनका दूर का रिश्तेदार है और वह भी हाल में चोटपुर कॉलोनी में उनके पड़ोस में रह रहा है। राजेंद्र कुमार एक कंपनी में मजदूरी का काम करता है। वहीं, हत्यारोपी सोनू कुमार गारमेंट की एक कंपनी में कटिंग का काम करता है। पुलिस ने पति की तहरीर पर आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएचओ अमीत कुमार मान ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे ओयो होटल के मैनेजमेंट ने उन्हें फोन कर इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनीता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अनीता के सिर व चेहरे पर चोट के निशान मिले है। महिला के दो बच्चे है। इसमें बड़े लड़के की उम्र करीब 18 साल है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आरोपी महिला को अपने साथ लेकर ओयो होटल में आया था।

जिस लड़की से शादी तय हुई थी होटल में उसी लड़की का फोन आ गया था। इसके बाद दोनों के बीच वाद विवाद हो गया। जिसको लेकर आरोपी ने महिला की हत्या कर होटल से फरार हो गया।

एसएचओ अमीत कुमार मान ने बताया कि मृतक अनीता अपने पति के साथ चोटपुर कालोनी में किराए के मकान में रहती थी। वह मूल रूप से इटावा के रहने वाली थी। प्रेमी सोनू उसका दूर का रिश्तेदार है। पिछले कुछ दिनों से सोनू नोएडा के चोटपुर कालोनी में किराए के मकान में रहने लगा। दोनों के बीच काफी नजदीकी बढ़ने लगी। इसके बाद शुक्रवार शाम को उसने अनीता को ओयो होटल बुलाया। एसएचओ अमीत कुमार मान ने बताया कि सोनू की शादी जल्द होने वाली थी। प्रेमिका अनीता इसका विरोध कर रही थी। अनीता बार बार सोनू पर शादी नहीं करने का दवाब बना रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि उसने किसी भारी हथियार से उस पर हमला कर हत्या कर दिया। ओयो होटल में लगे कैमरे की फुटेज, एंट्री रजिस्टर सहित अन्य चीजों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## ऋतु बनीं अपर निदेशक नगर विकास पांच आईएएस का भी हुआ तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश शासन ने आईएस व पीसीएस अफसरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है जिसमें गाजियाबाद में तैनात सिटी मजिस्ट्रेट, एडीएम के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है।

ऋतु सुहास को अपर निदेशक लोकबाड़ी नगर विकास बनाया गया है। बता दें कि इनके पति आईएएस सुहास एलवाई लखनऊ में सचिव खेल एंड डीजी होमगार्ड पद पर तैनात हैं। जिले में तैनात एडीएम सिटी बिपिन कुमार को एडीएम प्रशासन के पद पर तैनात किया गया है। उनके पद पर यहां सिटी मजिस्ट्रेट पद पर तैनात गंभीर सिंह को एडीएम सिटी बनाया गया है। पीसीएस बिपिन कुमार जिले में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर रह चुके हैं, फि र उनका प्रमोशन किया गया और शासन ने उन्हें जिले में ही एडीएम सिटी की जिम्मेदारी दी और अब वह एडीएम प्रशासन पद पर तैनात किए गए हैं।



## अधिकारी से परेशान किसान ने काटी नस

**गाजियाबाद।** डिडौली गांव में एक किसान ने अधिकारियों के रवैए से परेशान हो अपने हाथ की नस काट ली है। शनिवार को समाधान दिवस में अधिकारियों को सामने अपने हाथ की नस काट ली। किसान की पहचान सुशील कुमार के रूप में हुई है।

नस काटने के बाद किसान को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनको मेरठ रेफर कर दिया गया। फि लहाल किसान की हलात गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि किसान आबादी की संपत्ति की पैमाइश कराने की मांग कर रहे थे। आरोप है कि कई बार शिकायत देने के बाद भी लेखपाल उनकी सुनवाई नहीं कर रहा था।

## मूर्ति विसर्जन करने गए दो युवक नहर में डूबे

● मौके पर पहुंचे गोताखोर, देर रात तक करते रहे तलाश

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में गंगनहर घाट पर शनिवार सुबह दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने आए दो युवक नहर के तेज बहाव में पानी में बह गए। पुलिस व परिजनों ने मंदिर के गोताखोरों की मदद से नहर में युवकों की तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। पुलिस ने एनडीआरएफ व फ्लड कंपनी को सूचना दी है। गाजियाबाद साहिबाबाद के गरिमा गार्डन एफ ब्लॉक निवासी विपिन कुमार 26 पुत्र मदन शर्मा अपनी मां, बहन, भाई, दोस्त रंग बहादुर 20 पुत्र भगवान दास व अन्य लोगों के साथ शनिवार सुबह को मुरादनगर गंगनहर पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने आए थे। बताया गया है कि दोनों कच्चे घाट की तरफ नहा रहे थे। नहाते समय दोनों तेज बहाव पानी में बह गये। बताया गया है कि खुद को डूबता देख विपिन ने शोर मचाया, लेकिन मदद न मिलने के कारण वह पानी में बह गया। सूचना पर पुलिस व गोताखोर मौके पर पहुंचे। पुलिस व परिजनों ने मंदिर के गोताखोरों की मदद से दोनों की नहर में तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। बताया गया है कि हाल ही में विपिन की इंगेजमेंट हुई थी। परिवार के सामने ही विपिन नहर में बह गया। उधर, परिजनों का आरोप है कि उनकी कोई मदद नहीं की जा रही है। गोताखोर नहर में बहे युवकों की तलाश नहीं कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि एनडीआरएफव फ्लड कंपनी को मेल कर दिया गया है, जिससे नहर में बहे युवकों की तलाश हो सके।



## टैंकर लूट की कहानी फर्जी निकली

● सीसीटीवी से खुली पोल, तीन पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मथुरा में चल रही पुरानी मुकदमेबाजी में गाजियाबाद में टैंकर लूट की फर्जी कहानी रच दी गई।

सफारी गाड़ी सवार चार कथित बदमाशों ने टैंकर का पीछा किया और ड्राइवर को गन पॉइंट पर लेकर लूट लिया। पुलिस ने फुटेज से इस फर्जी कहानी का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रवि कुमार ने बताया, 22 मार्च को गाजियाबाद के थाना वेब सिटी पर टैंकर लूट का एक मुकदमा दर्ज किया गया। ड्राइवर नरेंद्र ने बताया कि बदमाश सफारी गाड़ी में आए थे और टैंकर लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस केस की जांच शुरू की तो मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ।

टैंकर के ड्राइवर ने तत्काल न तो पुलिस हेल्पलाइन पर कॉल की और न ही तुरंत थाने पर पहुंचकर सूचना दी। पुलिस ने इस केस की गहनता से जांच की। जांच में पता चला कि टैंकर मालिक उत्तम सिंह निवासी दलौता मथुरा की दूसरे पक्ष के सौरभ और थान सिंह से रुपयों को लेकर मुकदमेबाजी चल रही है। सौरभ और थान सिंह को फंसाने के लिए उत्तम सिंह ने अपना टैंकर लुटवाने की प्लानिंग बनाई।

4 लोगों को 50 हजार रुपए में हायर किया। ये सफारी गाड़ी लेकर टैंकर का पीछा करने लगे और प्लानिंग के अनुसार गाजियाबाद में डासना स्थित पेरिफेरल एक्सप्रेसवे रोड पर टैंकर लूट लिया। रवि कुमार ने बताया, इस केस में टैंकर मालिक उत्तम सिंह सहित टैंकर ड्राइवर नरेंद्र व एक अन्य हरिओम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी ने टैंकर लूट की फर्जी कहानी रची थी। टैंकर और लूट में प्रयुक्त सफ ारी गाड़ी बरामद कर ली गई है।

## मनचले के खौफ से छात्रा ने छोड़ी पढ़ाई

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली छात्रा को अपनी पढ़ाई इसलिये छोड़नी पड़ गई, क्योंकि एक मनचले ने उसका जीना दुश्वार कर दिया था।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के मुताबिक छात्रा के परिजनों द्वारा तहरीर दिये जाने पर जहां खोड़ा थाना पुलिस ने उक्त प्रकरण की रिपोर्ट तत्काल प्रभाव से दर्ज कर ली।

इसके बाद छात्रा को परेशान करने वाले मनचले को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस की कई टीम लगा दी गईं। सिंह ने बताया कि मनचले को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

## कोरोना जांच किट खत्म, शासन को चिट्ठी भेजी

● कोविड-19 : नोएडा में 28 व गाजियाबाद में 17 के नए मामले

● स्वास्थ्य विभाग ने कुछ मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए स्पेशल लैब में भेजे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/गाजियाबाद





गाजियाबाद में शनिवार को कोरोना के 17 व गाजियाबाद में 17 कोविड-19 के नए मामले आए। इस बीच गाजियाबाद में कोरोना जांच किट खत्म हो गई हैं। इससे जांच प्रभावित हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जांच किट के लिए शासन को पत्र लिखा है।

शनिवार सुबह जारी हुए स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में 1180 लोगों की एंटीजन जांच हुई। इसमें 17 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। बीते 24 घंटे की संक्रमण दर 2.44 फीसदी है। मार्च महीने में कुल 133 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है।

गाजियाबाद में अब कोरोना के एक्टिव केस 75 हैं। इसमें 10 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया कि जांच के लिए ट्रूड वॉयल और एंटीजन जांच की किट खत्म हो गई है। इसके लिए शासन को पत्र भेज दिया गया है, ताकि जांच प्रभावित न हो।

उधर, नोएडा में कोरोना संक्रमित सक्रिय मरीजों की संख्या 84 पहुंच गई थी। कोरोना के म्यूटेशन का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कुछ मरीजों के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए स्पेशल लैब में भेजे हैं।

### सीएमओ ने निजी अस्पताल को किया सर्तक

नोएडा में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या ने 100 का आंकड़ा पार कर लिया है। विगत 24 घंटों में 28 नए कोविड के मामले सामने आए। इससे पहले एक दिन में 36 केस आए थे। वहीं 24 घंटे में 10 मरीज ठीक हुए है। यहां सक्रिय मरीजों की संख्या 102 हो गई है। इनमें से अधिकांश मरीजों असिम्प्टोमेटिक है। जिनमें लक्षण कम या दिखाई ही नहीं दे रहे है। अभी तक कोई गंभीर नहीं है। इनमें से 65 मरीज होम आइसोलेशन में है। सीएमओ ने बताया कि निजी अस्पतालों को अलर्ट पर किया गया है। उनको निर्देश दिए गए कि वे कोविड मरीजों की रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा करे। यहां अधिकांश मामलों में निजी लैब में ही कोरोना की जांच कराई गई है। जिला अस्पताल में रोजाना 1000 से ज्यादा जांच की जा रही है। इसकी संख्या को बढ़ाया जाएगा। ताकि संक्रमण की चेन को तोड़ा जा सके। सीएमओ ने लोगों से अपील की वे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करे साथ ही लक्षण दिखते ही कोरोना की जांच कराए। ताकि समय से इलाज किया जा सके और संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चार एल-1 और चार एल-2 स्तर के अस्पताल अलर्ट मोड कर दिया गया है। सेक्टर 39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल के तृतीय तल पर कोविड डेडिकेटेड वार्ड तैयार है। जनपद में 17 ऑक्सीजन संयंत्र क्रियाशील हैं। इनमें 11 सरकारी और 6 निजी संयंत्र हैं। विभाग के पास बड़ी संख्या में 10 लीटर के ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं।



## संक्षिप्त समाचार



महिला की हत्या कर शव को छुपाने वाले तीन आरोपी।

### वीके सिंह ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय पर्यावरण विभाग से मिले फंड से शहर में अब विकास कार्य शुरु हो गए हैं। इसी क्रम में केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने इंडस्ट्रीयल एरिया के साइट.4 में आज एक सड़क के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। बता दें कि केन्द्रीय पर्यावरण विभाग की ओर से शहर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कुछ पैसा मंजूर हुआ था। इसके बाद नगर निगम प्रशासन की ओर से इंडस्ट्रीयल एरिया में कुछ सड़कें बनाने का प्लान तैयार किया गया। इसी के तहत केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस मौके पर वीके सिंह ने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या कम होगी। इस मौके पर जिलाधिकारी आरके सिंह, मेयर आशा शर्मा, साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा, नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश कुमार आदि अधिकारी भी शामिल रहे।

### जनसुनवाई में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

**गाजियाबाद।** माह के पहले शनिवार को नेहरू नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान एक दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं जिसमें से कई का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### ग्रेनो इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी पर जुर्माना

**नोएडा।** चंडीगढ़ के एक व्यक्ति को तय समय पर कंस्ट्रक्शन वर्क पूरा कर फ्लैट का पोजेशन न देना ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी को भारी पड़ा है। चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर कमीशन ने इसे शिकायतकर्ता को हुई मानसिक पीड़ा और शोषण के चलते 10 हजार रुपए हर्जाना भरने को कहा है। वहीं 5 हजार रूपए अदालती खर्च के रूप में भी देने के आदेश दिए गए हैं। चंडीगढ़ के सेक्टर 35 डी निवासी मोहित नागपाल ने अथॉरिटी को पार्टी बनाते हुए यह शिकायत दायर की थी।

## दो मोबाइल लुटेरों समेत पांच बदमाश गिरफ्तार

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर-39 पुलिस ने 2 शातिर मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे गए पांच मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी अजय चाहर ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर अमन व आनंद को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में इनके पास से पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं। लूट की वारदातों में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने मोबाइल लूट की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। इसके अलावा पुलिस ने प्रेमदास को 1 किलो 650 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

वहीं थाना फेस.1 पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा, कारतूस, गांजा बरामद हुआ है। मुखबिर की सूचना के आधार पर नूरी क्रेन चौराहे के पास से संजय पुत्र मोहन सिंह निवासी सेक्टर 12 को गिरफ्तार किया गया।

## नौकर ने रिटायर्ड आईएएस के घर की थी चोरी

● आरोपी के पास से 15 लाख रुपए की जूलरी और 1.5 लाख रुपए नगद बरामद किए गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में रिटायर्ड आईएएस के यहां लाखों रुपए की जूलरी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी घर में नौकर था और वो साफ-सफाई का काम करता था। पीड़िता की शिकायत के महज 24 घंटे में ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उसके पास से 15 लाख रुपए की जूलरी और 1.5 लाख रुपए नगद बरामद किए है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि प्रवीण होरो सिंह पत्नी अशोक सिंह नोएडा के सेक्टर.128 जेपी विश टाउन में रहती है। वो हाल ही में रिटायर्ड हुई थी। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि 22 दिसंबर को उनके घर से एक सोने का हार, 3 जोड़ी कान के टाप्स, 1 जोड़ी कान के कुंडल, 1 सोने का कड़ा, 1 सोने का ब्रेसलेट, 1 सोने की अंगूठी, 1 बारीक सोने की चेन गायब है। ये सारा सामान धीरे-धीरे उनकी अलमारी से गायब हुआ। इसकी शिकायत उन्होंने 31 मार्च को थाना सेक्टर-126 पुलिस से की।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने रिटायर्ड आईएएस के ड्राइवर और घर में साफ सफाई करने वाले नौकर से पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर नौकर योगेंद्र पुत्र भिखारी लाल ने चोरी करने की बात स्वीकार की। चोर की निशानदेही पर पुलिस ने जूलरी और करीब 1.5 लाख रुपए कैश बरामद किया। एसीपी ने बताया कि योगेंद्र पिछले आठ साल से रिटायर्ड आईएएस के यहां साफ सफाई का के काम कर रहा था। जब भी पीड़िता बाहर घूमने जाती थी वह चोरी की घटना को अंजाम देता था। उसने चोरी किए गए कुछ गहनों को राह चलते लोगों को बेचकर नगद रुपए लिए थे।

## घायल युवक को अस्पताल के गेट पर फेंक गया कार चालक

● आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल युवक को आरोपी कार चालक अस्पताल के गेट पर फेंक कर फरार हो गया।

घायल के दोस्त ने कार चालक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-135 जेनपैक्ट स्टेलर सोसायटी में रहने वाला अविनाश कुमार पुत्र ओमप्रकाश रात्रि ड्यूटी कर अपने घर के लिए जा रहा था। सेक्टर-135 स्थित फायर स्टेशन के सामने पीछे से तेज गति में आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान कार चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। भीड़ के विरोध करने पर कार चालक घायल को उपचार के लिए फेलिक्स अस्पताल पहुंचा। अस्पताल के गेट पर अविनाश कुमार को उतारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल अविनाश की स्थिति को देखकर अस्पताल कर्मियों ने उसे भर्ती कर उसका उपचार किया।

इस संबंध में अवनीश कुमार के दोस्त अजय सिंह ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पीड़ित द्वारा उपलब्ध करा, गए कार नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कंझावला कांड में 800 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

## कार के नीचे फंस कर युवती की हुई थी मौत, आरोपियों के खिलाफ केस चलाने के लिए पर्याप्त सामग्री : पुलिस

● हत्या, आपराधिक षडयंत्र, सबूत नष्ट करने, अपराधी को पनाह देने, साझा मंशा और झूठी सूचना देने के आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने कंझावला मामले में सात आरोपियों के खिलाफ शनिवार को 800 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल ने इस आरोपपत्र पर विचार करने के लिए 13 अप्रैल की तारीख तय की है। इसी साल एक जनवरी की सुबह सुल्तानपुरी से कंझावला तक एक कार के नीचे फंसकर घिसटने से 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई थी। पुलिस ने दो जनवरी को इस मामले में दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्ण, मिथुन और मनोज मित्तल को गिरफ्तार किया था। अदालत ने दो अन्य आरोपियों आशुतोष भारद्वाज और अंकुश को पहले जमानत दे दी थी। एक सत्र अदालत ने दीपक खन्ना की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

पुलिस के अनुसार, सात लोगों को गिरफ्तार किया गया और जांच पूरी होने के बाद करीब 117 गवाहों के साथ 800 पृष्ठों का एक आरोपपत्र तैयार किया गया। पुलिस का यह भी कहना है कि जांच के दौरान एकत्रित की गई सामग्री और सबूतों के आधार पर आरोपियों पर अभियोग चलाने के लिए पर्याप्त सामग्री है।

आरोपपत्र के अनुसार, अमित खन्ना, कृष्ण, मिथुन और मनोज मित्तल पर हत्या का आरोप लगाया गया है। आशुतोष और अमित खन्ना पर मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें कहा गया है कि सभी आरोपियों पर आपराधिक षडयंत्र, सबूत नष्ट करने, अपराधी को पनाह देने, साझा मंशा और झूठी सूचना देने के आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने अमित खन्ना पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और दूसरों की जान या निजी सुरक्षा खतरे में डालकर क्षति पहुंचाने के अतिरिक्त आरोप लगाए हैं। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत पुलिस को 90 दिन के भीतर आरोपपत्र दाखिल करना होता है। दिल्ली पुलिस ने हाल में मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) लगाई थी।

उसने पहले गैर इरादतन हत्या और लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया था। गौरतलब है कि अंजलि सिंह (20) की नए साल के दिन तब मौत हो गई थी, जब उसकी स्कूटी को एक कार ने टक्कर मार दी थी और स्कूटी के कार में फंसने के बाद वह उसके साथ घिसटती चली गई थी।

# केजरीवाल सरकार की जांच कर रहीं केंद्रीय एजेंसियां : भाजपा



सुधांशु त्रिवेदी


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यायपालिका के खिलाफ केजरीवाल की टिप्पणी से संकेत मिलता है कि वह या तो अपना विवेक खो रहे हैं या फिर भविष्य के लिए अपनी जमीन तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि जांच एजेंसियां धीरे-धीरे दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश कर रही हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या केजरीवाल को अपनी गिरफ्तारी का भी डर है, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाताओं से कहा कि जिस तरह से जांच के दौरान चीजें धीरे-धीरे सामने आ रही हैं, उससे कई संभावनाएं हो सकती हैं।

केजरीवाल का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कोई कुछ करता है तो वह जानता है कि उसने क्या किया है।

### मोदी की डिग्री के फैसले से स्तब्ध हैं लोग : सीएम



*नई दिल्ली।* *दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अकादमिक योग्यता के बारे में जानने का अधिकार रखने वाले लोग गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले से स्तब्ध हैं। केजरीवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरा देश उच्च न्यायालय के फैसले से हैरान है, क्योंकि लोकतंत्र में सूचना मांगने और सवाल पूछने की आजादी होनी चाहिए। उच्च न्यायालय के आदेश ने प्रधानमंत्री की शिक्षा को लेकर संदेह बढ़ा दिया है। वहीं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भाजपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री सार्वजनिक करने की मांग की है। सांसद संजय सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों ने नरेंद्र मोदी को अपना प्रधानमंत्री चुना है तो क्या उनको प्रधानमंत्री की पढ़ाई के बारे में जानने का अधिकार नहीं है।*

# राजधानी में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार 24 घंटे में 416 नए केस सामने आए

● संक्रमण दर बढ़कर 14 प्रतिशत हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी में कोरोना वायरस के नए मामलों की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। शनिवार को कोरोना वायरस के 416 से ज्यादा नए केस सामने आए हैं। वायरस के मामलों की संक्रमण दर बढ़कर 14 फीसदी के पार हो गई है। बीते 24 घंटे के दौरान दिल्ली में हुए 2895 टेस्ट हुए। बीते 24 घंटे के दौरान एक मरीज़ की मौत हुई है, हालांकि हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मौत का कारण कोरोना नहीं है।

दिल्ली में बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को बैठक भी की थी। केजरीवाल ने बैठक के बाद कहा दिल्ली सरकार कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी पर नजर रख रही है और हर प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार-पांच दिन में संक्रमण से तीन मरीजों की मौत हुई है और ये लोग पहले से ही किसी अत्यंत गंभीर बीमारी से ग्रसित थे।

# मर्सिडीज चालक ने सिपाही से की मारपीट, आरोपी पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के तुगलक रोड पर लाल बत्ती पार करने के कारण रोके गए मर्सिडीज चालक ने पुलिस कांस्टेबल को कथित रूप से गालियां दी और उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की उम्र 28 से 30 साल के बीच है और उसका दावा है कि उसके पिता केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे। थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, सहायक उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार और कांस्टेबल सुरेंद्र की 25 मार्च को हुमायूं रोड पर सुब्रमण्यम भारती मार्ग टी-पॉइंट पर ड्यूटी थी।

प्राथमिकी के अनुसार, शाम 6 बजकर करीब 55 मिनट पर सफेद मर्सिडीज और एक टोयोटा फॉर्च्यूनर कार लाल बत्ती पार कर हुमायूं रोड पर आ गए। तब सिंह ने कुमार को वाहनों को रोकने का निर्देश दिया। प्राथमिकी में बताया गया कि जैसे ही कार रुकी, मर्सिडीज चालक (जिस पर एक अस्थाई नंबर प्लेट लगी थी) कार से उतरा और कथित रूप से कुमार को गालियां दीं।

# गरीब छात्रों को निजी स्कूलों में 12वीं तक मुफ्त शिक्षा मिले

● दिल्ली विधानसभा की एससी-एसटी कल्याण समिति ने की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में गरीब छात्रों को निजी स्कूलों में 12वीं तक मुफ्त शिक्षा की एससी-एसटी कल्याण समिति ने शनिवार को सिफारिश की है। यह सिफारिश एससी-एसटी दिल्ली विधानसभा के कल्याण संबंधी समिति के अध्यक्ष विशेष रवि की अध्यक्षता में किया गया।

समिति की 13वीं बैठक में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। समिति के अध्यक्ष विशेष रवि ने प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले ईडब्ल्यूएस/डीजी छात्रों के अधिकारों और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए शिक्षा विभाग को तलब किया था। बैठक में विचार-विमर्श किया गया कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम वर्तमान में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करता है, लेकिन लाभ केवल कक्षा 8 तक ही प्रदान किया जाता है। इस समस्या से दिल्ली में कई ईडब्ल्यूएस/डीजी छात्र संघर्ष कर रहे हैं। कक्षा 8 से आगे की फीस का भुगतान न कर सकने पर छात्र स्कूल छोड़ने का जोखिम भी ले लेते है।

एससी/एसटी दिल्ली विधानसभा के कल्याण संबंधी समिति ने सिफारिश की है कि शिक्षा विभाग को प्राइवेट स्कूलों में 12वीं तक पढ़ने वाले सभी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/डीजी के छात्रों को मुफ्त शिक्षा का लाभ देना चाहिए। इस बात पर भी चर्चा की गई कि कुछ निजी स्कूलों को सरकारी एजेंसियों से जमीन मिली है, वे पहले से ही कक्षा 12 तक के ईडब्ल्यूएस बच्चों को मुफ्त शिक्षा दे रहे हैं।

करोल बाग के विधायक विशेष रवि ने कहा कि शिक्षा एक प्रगतिशील और न्यायसंगत समाज की नींव है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर बच्चे तक इसकी पहुंच हो। इस सिफारिश से दिल्ली में हजारों ईडब्ल्यूएस/डीजी छात्रों को बिना किसी वित्तीय बोझ के अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद मिलेगी।

# डीयू की 18 कॉलेजों की छात्राओं ने खेलों में दिखाये जौहर

● एनसीवेब सेंटर ने अरबिंदो कॉलेज में किया खेल उत्सव का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रोफेसर गीता भट्ट

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री अरबिंदो कॉलेज के एनसीवेब सेंटर ने शनिवार को अन्तर महाविद्यालयी खेल उत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन में विभिन्न सेंटर से 18 महाविद्यालयों के एनसीवेब सेंटर की छात्राओं ने सेंटर द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं जैसे शतरंज, टग ऑफ वार, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, शॉट पुट, योगा आदि खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

खेल उत्सव का शुभारंभ शनिवार को कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विपिन कुमार अग्रवाल, एनसीवेब की निदेशक प्रोफेसर गीता भट्ट , विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर हंसराज सुमन, एनसीवेब सेंटर प्रभारी प्रोफेसर अंजलि भटनागर, समन्वयक डॉ. रेणुका अनूप ने दीप प्रज्वलित करके किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विपिन कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज सम्पूर्ण देश अपनी साकारात्मक ऊर्जा से आगे बढ़ रहा है जिसमें हमारी छात्राएं अपना योगदान देकर भारत को विश्व गुरु बना सकती हैं।

एनसीवेब की निदेशक प्रोफेसर गीता भट्ट ने इस अवसर पर कहा कि विकास की प्रक्रिया में एनसीवेब अपनी स्थापना से लेकर अब तक नए-नए कीर्तमान बना रहा है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में संभवत: यह पहला अवसर है जिसमें अरबिंदो कॉलेज का एनसीवेब सेन्टर खेल उत्सव का इतना भव्य एवं सफल आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जिस 'एस्पिरेशनल इंडिया' की बात करते हैं, वह हमारी आज की छात्राएं ही हैं।

कार्यक्रम के अंत में शिक्षक प्रभारी प्रो. अंजलि भटनागर ने नारी शक्ति पर प्रकाश डालते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. प्रीतम, डॉ. जावेद, डॉ. बन्नी सिंह, डॉ. रोशन लाल, डॉ. देवव्रती, डॉ. आयुषी, डॉ. कृष्ण और डॉ. शिवमंगल उपस्थित रहे।

# मालवाहक विमान उड़ान भरने के बाद पक्षी से टकराया


**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे से दुबई जा रहा एक मालवाहक विमान शनिवार सुबह उड़ान भरने के तुरंत बाद एक पक्षी से टकरा गया जिसके बाद उसे यहां हवाई अड्डे पर उतारा गया। अधिकारी ने बताया कि विमान के उतरने के लिए हवाईअड्डे पर पूरी तरह से आपातस्थिति की घोषणा कर दी गई और संभवत: पक्षी के टकराने के कारण विंडशील्ड में दरार आ गई।

फेडएक्स द्वारा संचालित विमान सुबह करीब 10 बजकर 50 मिनट पर हवाई अड्डे पर लौट आया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जांच के बाद दोपहर करीब 1.40 बजे विमान ने दुबई के लिए उड़ान भरी। फेडएक्स के प्रवक्ता ने घटना की पुष्टि की है।

# अतिथि गृह में मृत मिला गाजियाबाद का व्यक्ति

● मामले में पुलिस हत्या का केस दर्ज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव स्थित एक अतिथि गृह में 54 वर्षीय एक व्यक्ति मृत मिला। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि उन्हें शुक्रवार दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर होटल बलजीत लॉज में एक व्यक्ति की मौत होने की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए मिली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त मनोज सी. ने बताया कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी दीपक सेठी बृहस्पतिवार रात 8.50 बजे अतिथि गृह में पहुंचे थे।

उनके साथ एक महिला भी थी, जो आधी रात को अतिथि गृह से चली गई थी। उन्होंने बताया कि सेठी को अगली सुबह जब कर्मियों ने देखा तो उसके मुंह के पास झाग था और तकिए पर दाग लगे थे।

पुलिस ने बताया कि उसने कमरे में शराब पी थी और उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे।


उन्होंने बताया कि सेठी के पास पिछले सात-आठ साल से कोई स्थाई नौकरी नहीं थी और वह कमीशन पर काम कर रहा था।

पुलिस उस महिला का पता लगाने की कोशिश कर रही है जो सेठी के साथ थी। मनोज ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई अस्वाभाविक मौत को देखते हुए हत्या का मामला दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है ताकि मामला सुलझ सके।

# सरकार को शराब बिक्री से सबसे ज्यादा कमाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● वर्ष 2022-23 में शराब बिक्री से 5,548.48 करोड़ रुपए का राजस्व मिला : अधिकारी




आप सरकार साल के बीच में आबकारी नीति में बदलाव और रद्द हो चुकी नीति के खिलाफ जांच के बावजूद 2022-23 में शराब बिक्री से 5,548.48 करोड़ रुपए का राजस्व हासिल करने में सफल रही, जो अब तक का सर्वाधिक आबकारी राजस्व है।

आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 17 लाख बोतलों की दैनिक औसत बिक्री के साथ, आबकारी विभाग का दैनिक औसत राजस्व 19.71 करोड़ रुपए रहा, जिसके चलते 2021-22 की तुलना में राजस्व में वृद्धि हुई है। अधिकारी ने कहा कि हमने 2021-22 में आबकारी और वैट सहित 6,762 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व हासिल किया था, जो 2022-23 में बढ़कर 6,821 करोड़ रुपए हो गया। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को एक नई आबकारी नीति लागू की थी। बाद में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोपों के चलते इस नीति को रद्द कर दिया गया। इस नीति के तहत निजी विक्रेताओं ने पूरे शहर में शराब की दुकानें खोली थीं। हालांकि, पिछले साल उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की, जिसके बाद दिल्ली सरकार ने नीति को वापस ले लिया था। आबकारी नीति (2021-22) को आखिरकार अगस्त, 2022 में समाप्त कर दिया गया।

सरकार ने एक सितंबर, 2022 से पुरानी आबकारी व्यवस्था लागू की, जिसके तहत उसके चार उपक्रमों ने शहर में शराब का कारोबार किया।

# पिस्तौल से केक काटने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नेब सराय इलाके से पुलिस ने 21 वर्षीय युवक को अवैध पिस्तौल से केक काटने और उसका वीडियो ऑनलाइन अपलोड करने के मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान संगम विहार निवासी अनिकेत उर्फ अनीश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो रहा है, जिसमें युवक को मोमबत्तियां फूंकते और पिस्तौल से केक काटते दिखाया गया है। पुलिस ने ट्वीट किया कि घटना का संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस ने आरोपी की पहचान की और उसे प्वाइंट 315 बोर की देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त समाचार



पुस्तक का विमोचन करते किसान नेता राकेश टिकैत व अन्य

### किसान बनाम सरकार : आंदोलन की कहानियां का विमोचन

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को ऐतिहासिक किसान आंदोलन पर प्रभाकर मिश्रा द्वारा लिखित 'किसान बनाम सरकार : आंदोलन की कहानियां' पुस्तक का विमोचन गांधी शांति प्रतिष्ठान में किसान नेता राकेश टिकैत ने किया। पुस्तक के लेखक प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि यह पुस्तक किसान आंदोलन में अपना हक मांगने आए उन सात सौ शहीद किसानों को समर्पित है जो घर वापस नहीं लौट सके। इस अवसर पर एंकर संदीप चौधरी, पत्रकार दर्पण सिंह, प्रभात रंजन, लेखक धीरेन्द्र नाथ, प्रकाशक रूपम मल्लिक दत्ता, प्रभास कुमार, सम्पादक बिंदु मिश्रा, मनोज मिश्रा आदि मौजूद थे। प्रभाकर मिश्रा की यह दूसरी पुस्तक है।

### वक्फ बोर्ड कर्मियों को दो हफ्ते में दें बकाया वेतन : हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** हाई कोर्ट ने सरकार और वक्फ बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बोर्ड के कर्मचारियों के छह महीने से लंबित वेतन का दो सप्ताह के भीतर भुगतान करें। अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड कर्मचारी संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आदेश का अनुपालन नहीं होने पर वह 18 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई के दौरान प्रतिकूल आदेश पारित कर सकता है। कर्मचारी संघ और बोर्ड के एक कर्मचारी ने इस साल की शुरुआत में अदालत का रुख किया था और दावा किया था कि पिछले साल अक्टूबर से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किए जाने की वजह से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह द्वारा पारित आदेश में कहा गया कि प्रतिवादियों (दिल्ली वक्फ बोर्ड, बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दिल्ली सरकार के संभागीय आयुक्त सह राजस्व सचिव) को निर्देश दिया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि वादी संख्या एक के सदस्य कर्मचारियों के साथ वादी संख्या दो के सभी बकाए का दो सप्ताह के भीतर भुगतान किया जाए।

# बिना महरम दिल्ली की 51 महिलाएं करेंगी हज यात्रा

● 2540 हज यात्रियों का चयन, 1570 लोग प्रतीक्षा सूची में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली से हज बैतुल्लाह 2023 के लिए 4110 आवेदकों में से 2540 हज यात्रियों को ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से चुना गया है।

इनमें पुरुष हज यात्रियों की संख्या 1330 है जबकि महिला हज यात्रियों की संख्या 1210 है। चुने गए इन श्रद्धालुओं में 51 बिना महरम (पति समेत करीबी रिश्तेदार) महिलायें और 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 210 हज यात्री अपने एक साथी के साथ चुने गए हैं। हालाकि अभी 1570 आवेदक प्रतीक्षा सूची में हैं। दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन मोहतरमा कौसर जहां, हज कमेटी सदस्य गौतम गंभीर (सांसद), नाजिया दानिश (निगम पार्षद) और मोहम्मद साद ने ड्रा में चुने गए सभी हज यात्रियों को हार्दिक बधाई दी है। दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने बताया कि चयनित हज यात्रियों की लिस्ट हज कमेटी के कार्यालय में चस्पा कर दी गई है और उन्हें उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर भी सूचित किया जा रहा है।

दिल्ली स्टेट हज कमेटी चयनित हज यात्रियों के आवश्यक कागजात की प्राप्ति और उनको पुरा करने के लिए हज यात्रियों के साथ लगातार संपर्क में रहेगी। रमजान के महीने के तुरंत बाद हज यात्रियों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा और इसके लिए दिल्ली राज्य हज समिति दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में अपने माहिर और अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा कई चरणों में हज यात्रियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी। गौरतलब हो कि अल्पसंख्यक मामलों के विभाग और हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी हज कैलेंडर के मुताबिक इस साल हज बैतुल्लाह के लिए हज उड़ानों का सिलसिला 21 मई से शुरू होने की संभावना है।

### पैसा जमा करने की अंतिम तिथि 7 को

दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन मोहतरमा कौसर जहां ने चयनित हज यात्रियों से अनुरोध किया है कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित अग्रिम राशि 81,800/- बैंक में जमा कराने के बाद की रसीद, असली पासपोर्ट, सफेद बैकग्राउंड वाली एक फोटो, मेडिकल सर्टिफिकेट और अन्य कागजात दिल्ली स्टेट हज कमेटी में 7 अप्रैल तक जमा करा दें। ज्ञात रहे कि इस बार केवल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी परफोर्मा पर ही चिकित्सा प्रमाण पत्र लिया जाएगा, जो सरकारी डाक्टर (एलोपैथिक) से प्रमाणित होना अनिवार्य है। उक्त चिकित्सा प्रमाण पत्र का परफोर्मा हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee-gov-in से डाउनलोड किया जा सकता है या दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

# सरकार ने हज समिति को दिया ऑफिस खाली करने का नोटिस

● समिति की अध्यक्ष ने उपराज्यपाल से की हस्तक्षेप करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल को शिकायती पत्र सौंपती हज कमेटी की अध्यक्ष कौसर।

दिल्ली राज्य हज समिति की अध्यक्ष कौसर जहां ने उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से मुलाकात की और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड से किराए पर लिए गए अपने परिसर को खाली करने के लिए प्राप्त नोटिस के संबंध में हस्तक्षेप करने की मांग की।

दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कौसर ने पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी के साथ अरविंद केजरीवाल सरकार पर हज समिति को परेशान करने का आरोप लगाया।

कौसर ने कहा कि डीयूएसआईबी ने समिति को नोटिस भेजकर तुर्कमान गेट स्थित हज मंजिल स्थित उनके परिसर खाली करने के लिए कहा है, जिसमें लाइसेंस शुल्क और ब्याज सहित एक लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि है।

इल्मी ने कहा कि दिल्ली सरकार की एजेंसी का नोटिस शर्मनाक है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आरोप लगाया कि डीयूएसआईबी नोटिस आप सरकार द्वारा प्रतिशोध की कार्रवाई है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 2 अप्रैल, 2023



# बीपीएल परिवारों के इलाज के लिए जल्द शुरू होगा डेडिकेटिड काउंटर

## सुविधा मेदांता व फोर्टिस अस्पताल में भी दी जाएगी

**कुल बेड संख्या का 20 प्रतिशत हिस्सा बीपीएल परिवारों के लिए आरक्षित**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में बीपीएल परिवारों के इलाज के लिए डेडिकेटिड काउंटर शुरू करने के लिए मुआयना करते डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम** के दो और नामी अस्पतालों में जल्द ही बीपीएल परिवारों को भी इलाज की सुविधा मिलेगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) से रियायती दरों पर जमीन प्राप्त करने वाले अस्पतालों को सरकार की योजना के अनुसार इन परिवारों को इलाज मुहैया करवाना होगा। इस कड़ी में मेदांता और फोर्टिस अस्पताल का नाम भी जुड़ गया है। इन दोनों अस्पतालों में बीपीएल परिवारों के इलाज के लिए डेडिकेटिड काउंटर शुरू किया जाएगा। आर्टिमिस अस्पताल ने पहले ही इस तरह की व्यवस्था शुरू कर दी है।

शनिवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने मेदांता द मेडिसिटी, फोर्टिस व आर्टिमिस अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने तीनों अस्पतालों बीपीएल परिवारों के इलाज से संबंधित सरकार की गाइडलाइंस का हवाला देते हुए प्रबंधन से जरूरी विषयों पर चर्चा की। आर्टिमिस अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बीपीएल परिवारों के इलाज से संबंधित विषयों की व्यवस्था के लिए ही स्थान पर निपटाने के लिए विशेष काउंटर बनाया गया है। इस काउंटर पर हरियाणा सरकार की ओर से स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे और पात्र व्यक्तियों के इलाज प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने काउंटर का कार्य समझा और प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसी तरह मेदांता द मेडिसिटी और फोर्टिस अस्पताल प्रबंधन को भी डीसी ने इसी तरह का काउंटर शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों अस्पताल अपने यहां कुल बेड संख्या का 20 प्रतिशत हिस्सा बीपीएल परिवारों के इलाज के लिए आरक्षित रखें। डीसी ने अस्पताल प्रबंधन से कहा यदि कोई बीपीएल मरीज उपलब्ध नहीं है तो गरीबों के लिए आरक्षित बेड पर सामान्य मरीज को दाखिल किया जा सकता है, लेकिन जैसे ही बीपीएल या ईडब्ल्यूएस श्रेणी का कोई मरीज आएगा तो वह बेड खाली करवाना पड़ेगा।

# स्कूली बच्चों को बोधराज सीकरी ने दिया शिक्षा, संस्कार का उपहार


गुरुग्राम के आंबेडकर नगर स्थित नीलकंठ पाठशाला में बच्चों को सम्मानित करते समाजसेवी बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** समाजसेवी बोधराज सीकरी ने अंबेडकर नगर स्थित नीलकंठ पाठशाला मुफ्त शिक्षा केंद्र पहुंचकर बच्चों को शिक्षा और संस्कारों का उपहार दिया। उनके आह्वान पर बच्चों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही प्रतिदिन स्कूल के प्रारम्भ और समापन के समय दो बार हनुमान चालीसा का पाठ करने का वायदा भी किया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बोधराज सीकरी बच्चों की प्रतिभा के कायल हो गए। स्कूल की संयोजिका डॉक्टर वीना अरोड़ा ने मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बोधराज सीकरी ने बच्चों को कॉपियां आवंटित की। उन्होंने सभी 100 बच्चों को स्कूल की एक ही यूनिफॉर्म होने का सुझाव भी दिया। साथ ही घोषणा की कि दो-दो ड्रेस प्रति छात्र वे अपने खर्च पर बच्चों को देंगे। बोधराज सीकरी ने कहा कि इस स्कूल में अत्यंत गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। बच्चों में देशप्रेम की उमंग और राष्ट्र के प्रति सम्मान गीतों के माध्यम से देखा तो उन्होंने बच्चों की खुलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वास्तव में बच्चे प्रतिभाशाली हैं। वे अभाव में पढ़ रहे हैं, लेकिन प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सीकरी ने डॉक्टर वीना की प्रशंसा की और कहा कि वे एक अच्छे राष्ट्र निर्माण की नींव डाल रही हैं। बच्चे सनातन वैदिक पद्यति को ग्रहण कर रहे हैं। डॉक्टर वीना अरोरा नि:स्वार्थ भाव से अपने अन्य साथियों के साथ बेहतर शिक्षा असहाय बच्चों को दे रही हैं। शशि बजाज और आशा रानी का नाम अग्रणी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध हालत में लापता पति की पत्नी ने कराई शिकायत दर्ज

**सोहना।** सोहना ढाणी से मजदूरी पर गया 30 वर्षीय मजदूर संदिग्ध हालत में लापता हो गया। पति के घर वापस न लौटने पर पत्नी ने शहर थाना सोहना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति के लापता होने की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरु कर दी है। मूलरुप से मध्यप्रदेश निवासी महिला सोनिया ने बताया कि वह अपने पति व सास-ससुर के साथ सोहना ढाणी में रहती है। उसका पति 28 मार्च को रोजाना की तरफसे घर से काम पर गया था। लेकिन वह 72 घंटा बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटा। जिसकी अपने स्तर पर तलाश करने में सफ्लता न मिलने पर शिकायत दर्ज कराई है।

### शहर में फिर हुई इको चोरी, चोरों का बढ़ता आतंक

**सोहना।** शहर में इको चोरी करने वाले चोरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। बीते चार दिन में शहर से तीन अलग-अलग स्थानों से तीन इको चोरी हो गई। शहर में बाइक-स्कूटी चोरी जहां आम बात हो चली है। वहीं अब बड़े वाहना चोरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ने लगा है। विशेष रुप से इको गाड़ी चोरी की वारदात अधिक बढ़ने लगी है। बीते चार दिन में तीन इको चोरी हो गई। गुरुवार की रात को वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी निवासी रामबीर की इको रात के समय में घर के बाहर से चोरी हो गई। रामबीर ने बताया कि गुरुवार की रात को उसने रोजाना की तरफसे अपनी इको को खड़ा किया था। शुक्रवार की सुबह 4 बजे उठा जो इको मौके से गायब थी। जिसे रात के समय में चोरी कर ले गए। इससे पहले शहर के ही वार्ड-7 त्रिपत कॉलोनी में सोमवार की रात को घर के बाहर खड़ी इको रात के समय में चोरी हो गई। बुधवार को दिन दहाड़े गांव गढ़ीबाजीदपुर निवासी की अनाज मंडी परिसर में से चोरी हो गई। गढ़ीबाजीदपुर निवसी अपनी इको को मंडी परिसर में खड़ा करने के बाद बाजार में सामान खरीदने के लिए चला गया था। जब वह वापस अपनी इको के पास मंडी में आया तो वह उसे नहीं मिली।

### वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस-डे पर आज होगी राहगीरी

**गुरुग्राम।** विश्व आत्म केंद्रित जागरूकता दिवस (वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस-डे) के अवसर पर जिला प्रशासन की पहल पर राहगीरी फाउंडेशन द्वारा दो अप्रैल रविवार की सुबह 7 बजे गैलेरिया मार्केट रोड पर क्रॉस पॉइंट मॉल के पास राहगीरी का आयोजन होगा। राहगीरी कार्यक्रम की थीम सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित और समावेशी बनाना रहेगी। डीसी निशांत कुमार यादव ने जिलावासियों से राहगीरी में भागीदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राहगीरी कार्यक्रम में ऑटिस्टिक व्यक्तियों के लिए भी समावेशी सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराना और उनके अधिकारों का समर्थन भी किया जाएगा। राहगीरी में जिला प्रशासन के साथ-साथ गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए), नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) व पुलिस की भी विशेष साझेदारी रहेगी। वहीं राहगीरी फाउंडेशन, सस्टेनेबल मोबिलिटी नेटवर्क और नागरो इस आयोजन के नॉलेज पार्टनर हैं। इस इवेंट के लिए बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव को जिला प्रशासन की ओर से समन्वय के लिए नोडल अधिकारी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि राहगीरी के दौरान गैलेरिया रोड को व्हीकल फ्री रखा जाएगा। साथ ही योगा, जुंबा, खेल-कूद से जुड़े इवेंट, संगीत, डांस का लाइव डेमो और अन्य गतिविधियां भी आयोजित होंगी।

### सफलता पाने के लिए अपने जुनून को खोजें महिलाएं



**गुरुग्राम।** नवज्योति इंडिया फाउंडेशन ने डेफसिस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर दमदमा स्थित एक रिसोर्ट में दीक्षांत समारोह एवं सौवेनीर रिलीज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. किरण बेदी ने सभी उद्यमियों को कहा कि सफलता पाने के लिए अपने जुनून को खोजें, अपने बाजार को जानें, अपने वित्त को प्राप्त करें। उस उद्यम में आगे बढ़ने के लिए त्याग करना होगा। एक सलाहकार खोजें और अपने व्यवसाय को अच्छे से जानकर उसकी योजना बनायें। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, संगीत के कार्यक्रम हुए। उद्यमियों को उनके बेहतर प्रदर्शन पर ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए एवं सलाहकारों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। नवज्योति इण्डिया फाउंडेशन के 2023 के सौवीनेर का लांच किया गया। इस अवसर पर नवज्योति कि एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उजाला बेदी चौधरी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। अपने अनुभवों को सांझा करते हुए गांव घामड़ोज की कुसुम ने कहा कि नवज्योति में प्रोजेक्ट नवज्योति-डेफसिस इन्क्यूबेशन उद्यमिता विकास केंद्र (नाइस) से ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के पास फूड कोर्ट लगाया। वहां से आर्थिक रूप से मजबूती मिली है। अपने घर की आर्थिक मदद भी कर पा रही हैं। गांव रायसीना के जगदीश ने बताया कि प्रोजेक्ट नाइस से जुड़ने के बाद उन्हें एक नवीन तकनीक का पता चला अब वे मिट्टी के फिल्टर बनाएंगे और उसके माध्यम से साफ पानी पहुंचाएंगे। ग्रामीण प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक नवज्योति की चांदनी बेदी ने कहा कि सोहना ब्लॉक के 150 से भी अधिक महिलाओं और पुरुषों के जीवन में बदलाव आया है। हमने इच्छुक महिलाओं, पुरुषों और किशोरों का एक समूह बनाया जो, विभिन्न उद्यमों में आगे बढ़ना चाहते थे। सुरक्षित पेयजल को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी के फिल्टर हो या खाना पकाने का कार्य सभी में उद्यमियों ने आगे आने का जोश दिखाया।

# अपराध से बचाने के लिए चलाया जागरुकता अभियान


शनिवार भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव रिठौज में पुलिस द्वारा साईकिल रैली निकालते हुए ग्रामीणों को अपराध से दूर रहने का संदेश दिया।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बहलपा, सहजावास और रिठौज में साईकिल रैली निकालते हुए नशा से दूर रहने का संदेश दिया**

**गुरुग्राम** पुलिस ने भोंडसी थाना के गांव रिठौज में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक करते हुए साईकिल रैली निकाली। रैली का उद्देश्य आम जनता को महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर अपराध, यातायात के नियमों के संबंध में तथा नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक करना था।

शनिवार को गुरुग्राम पुलिस ने भोंडसी थाना क्षेत्र के गांवों में साईकिल रैली का आयोजन करते हुए ग्रामीणों को नशा की लत से दूर रहने का संदेश दिया। जिसके लिए गांवों में निकाली गई रैली को गांव बहलपा के राजकीय स्कूल से शुरु करते हुए सहजावास होते हुए राजकीय विद्यालय, गांव रिठौज के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में समाप्त किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस उपायुक्त सुरिंद्र कौर और महिला थाना प्रभारी सेक्टर -51, गुरुग्राम निरीक्षक सुमन ने ग्रामीण वासियों को महिला सशक्तिकरण और समाज में बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाकर आगे बढ़ाने की अपील की तथा ग्रामीण वासियों को महिला विरुद्ध अपराध, छेड़खानी,बच्चों के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा के विषय में जानकारी दी। किसी भी महिलाओं को अपराध का शिकार होने पर तुरंत दुर्गा शक्ति हेल्पलाइन या पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने तथा ग्रामीण वासियों को अपने बच्चों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। ट्रैफिक पुलिस से एएसआई राजेश ने ग्रामीण वासियों को यातायात नियमों के प्रति जागृत करते हुए बताया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करे तथा सीट बेल्ट का प्रयोग करें ताकि गुरुग्राम शहर में सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम यातायात पुलिस ने ग्रामीण वासियो से सड़क सुरक्षा अभियान में सहयोग की अपील की। उप-निरीक्षक कपिल ने विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयों तथा उनसे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अगर कोई भी प्रतिबंधित नशीली दवाओं का उपयोग करता है या उनका व्यापार करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। पीएसआई दीपक ने साईबर अपराध के विषय में ग्रामीण वासियों को जागरूक किया।

# गुरुग्राम पुलिस ने निकाली हौसला बुलंद साइकिल रैली

**यातायात नियमों साइबर व महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति किया जागरुक**

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में यातायात, साइबर व महिला विरुद्ध अपराधों के प्रति जागरुकता के लिए हौसला बुलंद साइकिल रैली निकालतीं महिला पुलिसकर्मी।

**गुरुग्राम** पुलिस ने महिला सशक्तिकरण के विषय में आमजन को जागरूक करने के लिए साईकिल रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य आम जनता को महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर अपराध, यातायात के नियमों के संबंध में तथा नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक करना था।

साईकिल रैली राजकीय विद्यालय गांव बहल्पा, गुरुग्राम से शुरू होकर गांव सहजावास होते हुए राजकीय विद्यालय, गांव रिठोज, गुरुग्राम में पहुंची। सरकारी विद्यालय गांव रिठोज में सहायक पुलिस उपायुक्त सुरिंद्र कौर और महिला थाना प्रभारी सेक्टर-51 निरीक्षक सुमन ने ग्रामीण वासियों को महिला सशक्तिकरण और समाज में बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाकर आगे बढ़ाने की अपील की तथा ग्रामीण वासियों को महिला विरुद्ध अपराध, छेड़खानी, बच्चों के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा के विषय में जानकारी दी। किसी भी महिलाओं को अपराध का शिकार होने पर तुरंत दुर्गा शक्ति हेल्पलाइन या पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने तथा ग्रामीण वासियों को अपने बच्चों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

इस कार्यक्रम में ट्रैफिक एएसआई राजेश ने ग्रामीण वासियों को यातायात नियमों के प्रति जागृत करते हुए बताया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करे तथा सीट बेल्ट का प्रयोग करें, ताकि गुरुग्राम शहर में सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम यातायात पुलिस ने ग्रामीण वासियों से सड़क सुरक्षा अभियान में सहयोग की अपील की। सहायक उप-निरीक्षक कपिल ने विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित नशीली दवाइयों तथा उनसे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अगर कोई भी प्रतिबंधित नशीली दवाओं का उपयोग करता है या उनका व्यापार करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

पीएसआई दीपक ने साईबर अपराध के विषय में ग्रामीणों से कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन या व्हाट्सएप मैसेज के द्वारा आए अनजान ब्लू लिंक पर क्लिक ना करें तथा किसी से भी अपनी बैंक से संबंधित निजी जानकारी साझा ना करें। एसएचओ थाना भोंडसी ने भी ग्रामीणों को नशे से दूरी रखने तथा पुलिस व आमजन के बीच समन्वय बनाए रखने की अपील की।

# जुनून-ए-समाजसेवा: अजय ने चंदा जुटाकर शुरू की एम्बुलेंस सेवा

**गुड़गांव विकास मंच, ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन से जोड़े शहर के लोग**

**हर समय कोई ना कोई सेवा कार्य करने की रहती है सोच**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


एम्बुलेंस के साथ अजय शर्मा।

**अगर** आप समाज में कोई विशेष काम करना चाहते हैं तो यह जरूरी नहीं कि आपके पास बहुत बड़ा बैंक बैलेंस हो। इसके लिए आपके भीतर ऐसी सोच और जुनून होना जरूरी है। फिर चाहे आप गरीब हों या मध्यमवर्गीय, जो सोचते हैं वो करते चले जाएंगे। हम आपको एक ऐसे ही शख्स से रूबरू करा रहे हैं।

नाम है अजय शर्मा। काम है श्रीमाता शीतला मंदिर में व्यवस्थाएं देखना। श्रद्धालुओं का सहयोग करना। मंदिर में ड्यूटी के बीच वे समाज में सेवा के क्षेत्र में भी कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। आज से नहीं कई वर्ष से वे समाजसेवा के लिए जुटे हैं। शिक्षा, चिकित्सा, पत्रकारिता, पुलिस, राजनीति, होनहार विद्यार्थियों समेत लगभग हर क्षेत्र से नि:स्वार्थ सेवा, काम के प्रति निष्ठा एवं ईमानदार लोगों को वे अपनी संस्थाओं गुड़गांव विकास मंच व ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से सम्मान देते हैं। वे इस औपचारिकता में नहीं पड़ते कि किसी व्यक्ति को प्रभावित करने के लिए महंगे उपहार दें। किसी को महंगा कोई अन्य आइटम दें। सम्मान स्वरूप वे स्मृति चिन्ह देने के साथ अच्छे लेखकों की पुस्तकें भी उपहार और पुरस्कार के रूप में देते हैं। बात करें एम्बुलेंस सेवा की। इस पर अजय शर्मा कहते हैं कि उनके जहन में आया कि क्यों न गरीबों, जरूरतमंदों के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू की जाए। अक्सर बहुत से बीमार लोगों का सुविधाओं के अभाव में समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण निधन हो जाता है। ऐसे लोगों की सेवार्थ ही उन्होंने एम्बुलेंस सेवा शुरू की। एम्बुलेंस खरीदने के लिए धन की भारी कमी थी। अपनी सोच को मूर्त रूप देने के लिए अजय शर्मा ने एम्बुलेंस खरीदने के लिए धन जुटाया शुरू कर दिया। किसी ने 100 रुपये तो किसी 1000 या इससे अधिक रुपये देने शुरू किए। यानी पाई-पाई जोड़कर उन्होंने सभी मेडिकल सुविधाओं से सुज्जित एम्बुलेंस खरीदकर जनता की सेवा में समर्पित की। सभी सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस 8.75 लाख रुपये में मिली है।

### सेवा के साथ कोरोना वॉरियर को दिया सम्मान

**लॉकडाउन** में गरीबों, जरूरतमंदों को राशन पहुंचाने के साथ कोरोना वॉरियर को सम्मान देकर वे हौंसला बढ़ाते रहे। कोरोना के बाद भी उनकी सेवा यात्रा थमी नहीं है। अस्थायी सेवाओं के साथ उन्होंने राजीव नगर ईस्ट में स्थायी रूप से भगवान परशुराम परामर्श केंद्र की शुरुआत की। वहां रोजाना काफी लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। बकायदा वहां पर मेडिकल बेड व अन्य जांच सुविधाएं दी जा रही हैं।

# ब्याज माफी योजना के आखिरी दिन 153 उपभोक्ताओं ने निगम को जमा कराए 23 लाख

**बिजली निगम ने योजना के लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं को आखिरी दिन पौने पांच लाख की छूट दी**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में स्थित बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में ब्याज माफी योजना के आखिरी दिन बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं की लगी भीड़।

**बिजली** निगम की ब्याज माफी योजना के आखिरी दिन 153 उपभोक्ताओं ने लाभ उठाया। आखिरी दिन निगम को करीब 23 लाख रुपये बकाया बिल पर ब्याज समेत राशि प्राप्त हुई। जिसमें निगम ने माफी योजना के तहत उपभोक्ताओ का 4 लाख 75 हजार रुपये का ब्याज किया। बिजली निगम ने 15 से 31 मार्च के बीच में उपभोक्ताओं पर बकाया बिल पर ब्याज माफकरने की योजना लागू की थी।

इस योजना के आखिरी दिन निगम के एसडीओ कार्यालय में उपभोक्ताओं की भारी भीड़ रही। ब्याज माफी का आखिरी दिन होने के कारण निगम अधिकारियों ने अधिक से अधिक उपभोक्ताओ को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सायं 7 बजे तक कार्यालय को खोलकर रखा। जिससे निगम को अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से बिल की बकाया राशि की वसूली हो सके और उपभोक्ताओं को ब्याज माफी का लाभ मिल सके। जिसका उपभोक्ताओं ने लाभ लेते हुए 153 ने अपना बकाया बिल का भुगतान किया। निगम को योजना के आखिरी दिन करीब 23 लाख रुपये का वसूली हुई। जिस पर उपभोक्ताओं का 4 लाख 75 हजार रुपये का ब्याज माफ किया गया। निगम के स्थानीय एसडीओ लियाकत अली ने बताया कि उपभोक्ताओं में जागरुकता देर से आती है। जबकि निगम की तरफ से बिल बकायादार उपभोक्ताओं को निजी स्तर पर फोन करके योजना का लाभ उठाने के लिए कहा जाता था। एक दिन में 550 से 600 उपभोक्ताओं को बकाया बिल की राशि जमा करने और ब्याज माफी का फायदा उठाने के लिए प्रेरित किया जाता रहा था।

# सोहना घाटी में फलों से भरा ट्रॉला गहरी खाई में गिरा


सोहना घाटी में उतरते समय फलों से लदा ट्रॉला गहरी खाई में जा गिरा।

**सोहना।** सोहना घाटी में उतरते समय फलों से भरा ट्राला ब्रेक फेल होने पर टूटी सुरक्षा दीवार के स्थान से करीब 20 फुट गहरी खाई में जा गिरा। चालक व कंडैक्टर ने ट्राला खाई में गिरने से पहले कूदकर अपनी जान बचाने में सफ्ल रहे।

शनिवार की सुबह करीब 4 बजे तावडू की तरफ से तीन ट्राला आगे पीछे एक साथ घाटी से उतर रहे थे। सभी ट्राला चीकू से भरे हुए थे। जिन्हे गुजरात से लाया गया और दिल्ली लेकर जा रहे थे। सबसे आगे चल रहा ट्राला के बीच घाटी में ब्रेक पाइप का मुख्य पाइप अधिक दबाव के कारण फ्ट गया। जिससे ट्राला के ब्रेक व क्लीच पेडल जाम हो गए। ट्राला बेकाबू होता हुआ घाटी से लगता आबादी क्षेत्र के साथ टूटी सुरक्षा दीवार वाले स्थान रुका। इस दौरान सामने गहरी खाई को देख ट्राला का चालक व कंडैक्टर अपनी-अपनी तरफ की खिड़कियों से कूद गए। देखते-देखते ट्राला घाटी के साथ पत्थरों की बनी ढहलान पर फीसलता हुआ खाई में जा गिरा। प्रत्यक्ष दर्शी व स्थानीय निवासी गणेश ने बताया कि ट्राला मालिक व चालक खंड तावडू जिला नूंह का गांव भूतलाका के निवासी था। यदि ट्राला तेज गति में होता और उसके सीधा खाई में गिरने से जान लेवा हादसा हो सकता था। ट्राला में 30 से 40 फीसदी नुकसान हुआ है। जिसकी सूचना ट्राला मालिक और दिल्ली निवासी फ्ल व्यापारी को दी गई। व्यापारी दिल्ली से अपने साथ अन्य गाड़ी और मजदूरों को लेकर हादसे से करीब 4 घंटा बाद मौके पर पहुंचा। खाई में गिरा ट्राला भरी चीकू की पेटियों को सुरक्षित बाहर निकाला और अन्य दो गाड़ियों में भरकर दिल्ली ले गए।

# हुनर से रोजगार चलाने वाले को सिखाने वाला बनें : किरण बेदी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


दमदमा स्थित दी गेट वे रिसोर्ट होटल में नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक किरण बेदी हुनर सिखने के बाद रोजगार चलाने वाली महिला व पुरुषों के साथ।

**नवज्योति** इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक किरण बेदी ने कहा कि हुनर के बिना रोजगार प्राप्त नहीं होता। लेकिन रोजकार प्राप्त करने के साथ-साथ दूसरों को सिखाने वाला बनना भी बहुत जरुरी होता है। जिससे अपने साथ-साथ सामने वाले को भी रोजगार देने वाला बनने की कला हर किसी में नहीं होती।

शनिवार दी गेट वे रिसोर्ट दमदमा के प्रांगण में नवज्योति इंडिया फाउंडेशन ने डेफसिस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर दीक्षांत समारोह एवं सौवेनीर रिलीज़ के कार्यक्रम का आयोजन किया। डेफसिस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की तरफसे अजय मार सिंह चन्देले, आरपी कश्यप, पियर स्मेडगार्ड, समर भार्गव, रजनेश खुराना और शिवा गंजू उपस्तिथ थे। घामड़ोज की कुसुम ने बोला कि यहाँ नवज्योति में प्रोजेक्ट नवज्योति - डेफिसस इन्क्यूबेशन उद्यमिता विकास केंद्र (नाइस) से ट्रेनिंग लेने के बाद उन्होंने के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी के पास फूड कार्ट लगा कर अपने पैरो पर खड़ी हुई और अपने घर की आर्थिक मदद भी कर पा रही है।

उसी प्रकार गांव रायसीना के जगदीश ने बताया कि प्रोजेक्ट नाइस से जुड़ने के बाद उन्हें एक नवीन तकनीक का पता चला अब वे मिटटी के फ़िल्टर बनाएंगे और उसके माध्यम से साफ़ पानी पहुंचाएंगे । नवज्योति की तरफ से सुश्री चाँदनी बेदी - निदेशक, ग्रामीण प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान ने सभी को इस प्रोजेक्ट से अवगत कराया कि किस प्रकार डेफिसस सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड कि मदद से प्रोजेक्ट नवज्योति - डेफिसस इन्क्यूबेशन उद्यमिता विकास केंद्र (नाइस) के द्वारा सोहना ब्लॉक के 150 से भी अधिक महिलाओं और पुरुषों के जीवन मे बदलाव आया है। हमने इच्छुक महिलाओं, पुरुषों और किशोरों का एक समूह बनाया जो विभिन्न उद्यमों में आगे बढ़ना चाहते थे।

# बिना संसाधन और सूचना के कैसे मनेगा जननी सुरक्षा माह

**कविता।** फरीदाबाद

### सीएचसी-पीएचसी और पीपीई सेंटर में किसी को नहीं था पता

### पिछले डेढ़ माह से बंद है गर्भावस्था में होने वाली जरूरी थायराइड की जांच

**जननी** सुरक्षा माह के तहत सभी गर्भवती महिलाओं की पूरी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन बीके अस्पताल में थायराईड समेत कई जांचों का सामान पिछले डेढ़ माह से समाप्त है। जिससे गर्भवतियों को परेशानियां हो रही है। शनिवार से शुरू हुए जननी सुरक्षा माह में जांच के दावे पहले ही दिन फेल होते नजर आए।

ज्यादातर अस्पताल और डिस्पेंसरियों के चिकित्सकों और कर्मचारियों समेत लाईनों में लगी गर्भवतियों को जननी सुरक्षा माह की जानकारी नहीं थी। केवल बीके अस्पताल की ओपीडी के चिकित्सकों को पता था। वे ही गर्भवती महिलाओं को इलाज करवाने आने पर ही जागरूक कर रहे थे। इसके अलावा पूरे जिले में चिकित्सकों, कर्मचारियों, आशा वर्करों और एएनएम को इसकी कोई जानकारी थी। गर्भवतियों को जहां गर्भावस्था के दौरान इंजेक्शन लगाए जाते है, उस पीपीई सेंटर तक में एएनएम और स्टाफ को इसकी जानकारी नहीं थी।


बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी में गर्भवती महिलाओं को जागरूक करतीं डॉ. वीना शर्मा, डॉ. पूनम गौड।

**जागरूकता माह :** जननी सुरक्षा माह में महिलाओं की गर्भावस्था की जांचे की जाएगी। सभी सीएचसी और पीएचसी पर भी अभियान चलेगा। जांच के दौरान गर्भवतियों का फुल बॉडी चेकअप किया जाएगा। विभाग ने दावा किया है कि अगर गर्भवती महिला अस्पताल आने में असमर्थ होगी तो वह कॉल करके एंबुलेंस से जा सकेंगी। लेकिन इस अभियान की शुरुआत में ही न तो स्वास्थ्य कर्मी जागरूक दिखे न ही चिकित्सक और न ही एंबुलेंस कर्मी।

**जांच बंद :** बीके अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाएं अधिकांश डिस्पेंसरियों से रेफर होकर आती हैं। जिसमें उन्हें थायराइड की जांच करवाई जाती है। लेकिन बीके सिविल अस्पताल में थाइराइड की जांच पिछले डेढ़ माह से नहीं हो रही है। इसके अलावा विटामिन बी-12 और विटामिन डी की जांच भी नहीं हो रही है।

**केवल डाटा मांगा :** आशा वर्करों ने इस विषय में बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की लिस्ट देने के लिए कहा है, इसके अलावा उन्हें जननी सुरक्षा माह के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। उन्हें केवल इतना बताया गया कि एक अप्रैल से यह माह शुरू हो रहा है। लेकिन उसके लिए क्या करना है, जागरूक कैसे करना है, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# कैसे पढ़ेगा और कैसे बढ़ेगा भारत, जब सरकारी स्कूल के द्वार ही होंगे जलमग्न



सेक्टर-55 स्कूल के बाहर खड़े विद्यार्थी और अभिभावक। स्कूल के बाहर भरा पानी।


एनएच- पांच में मौजूद सरकारी स्कूल के बाहर भरा पानी।

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** भर के स्कूलों में नई कक्षाओं में दाखिले किए जा रहे है। इसी कड़ी में जिले में मौजूद सरकारी और मार्डन संस्कृति स्कूलों में भी दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसमें हजारों बच्चे दाखिले के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन सरकारी स्कूलों के बाहर बरसाती पानी भरा हुआ देखने को मिल रहा है। जिलेभर में जगह-जगह मौजूद सरकारी तथा मॉडर्न संस्कृति स्कूलों के मुख्य द्वार पर बरसाती पानी भरा हुआ है। वहीं स्कूलों के बाहर बड़े-बड़े गड्ढे बने हैं और पानी एकत्रित होने से विद्यार्थियों सहित स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**पहुंच रहे हजारों बच्चे :** सेक्टर-55 स्थित राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नए सैशन में विद्यार्थियों के दाखिले के लिए पहली कक्षा, छठी, 9वीं एवं 11वीं में लगभग डेढ़ से 200 छात्र छात्राओं के लिए ही सीटें खाली हैं। लेकिन आवेदन कर्ता हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं। इसलिए विद्यालय प्रशासन द्वारा लिखित परीक्षा ली जा रही है।

शनिवार को भी वहां पर हजारों की संख्या में विद्यार्थी और उनके माता-पिता स्कूल के चारों ओर बैठे नजर आए। जिसमें छठी एवं नवमी कक्षा के लिए तीन चरणों में लिखित परीक्षा ली गई। हरियाणा जैसे विकसित राज्य के स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में हजारों विद्यार्थी सरकारी स्कूलों से प्रवेश लेने से वंचित रह जाएंगे। जिसका फायदा उठाते हुए प्राइवेट स्कूलों द्वारा इनका आर्थिक रूप से शोषण किया जाएगा। सभी को शिक्षा का अधिकार जो संविधान में दिया हुआ है, वह केवल ढकोसला मात्र साबित हो रहा है। सरकार ने अभी तक पर्याप्त संख्या में ना तो भवनों का निर्माण करवाया है और ना ही पढ़ाने के लिए शिक्षकों की भर्ती की है।

**हर जगह गेट पर पानी:** जिले के ज्यादातर सरकारी स्कूलों के बाहर गेट पर पानी भरा हुआ देखा जा सकता है। स्कूलों तक पहुंचने वाला रास्ता ऐसा है कि यहां स्कूल पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। क्योंकि स्कूल के बाहर गड्ढे भी देखने को मिल रहे है।

# क्रमिक भूख हड़ताल रही जारी दूसरे दिन भी किया प्रदर्शन



काले झंडे व उल्टी झाड़ू हाथों में लेकर आक्रोश प्रदर्शन करते हुए।

**फरीदाबाद।** सरकार की वादाखिलाफी व अफसरशाही के खिलाफ नगर निगम मुख्यालय पर कर्मचारियों ने छटवें दिन भी की क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखी। लगातर दूसरे भी काले झंडे व उल्टी झाड़ू हाथों में लेकर बीके चौक से नीलम चौक तक आक्रोश प्रदर्शन भी किया।


संघ ने चेतवनी दी है कि यदि सरकार ने चार अप्रैल तक मांगों के पत्र जारी नहीं किए तो हम उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। साथ ही कहा कि पालिका, परिषद, नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सरकार के पत्र के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, एलटीसी देने तेल साबुन देने, एसीपी का लाभ देने, 1327 फायर मैनो व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने नए पद सृजित कर पक्की भर्ती करने हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने विभिन्न प्रकार के ठेकों में लगे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने, समान काम समान वेतन देने आदि मांगों को करें लागू करें। अन्यथा संघ 4 अप्रैल के बाद राज्य कमेटी की बैठक बुलाकर हड़ताल का ऐलान करेगा। इस दौरान कर्मी नेता मनोज शर्मा, देवी चरण शर्मा, शहाबुद्दीन, प्रेमपाल, प्रदीप चावरिया, शिवकुमार, राहुल चंडालिया, राकेश, दर्शन सोया, शक्ति सिंह, श्रीपाल मौर्य, देवेंद्र मंझावली, देवा, प्रेमपाल, रघुवीर, सुदेश कुमार, सुरेश मेलादा, जिला महिला कन्वीनर सुरेश देवी तथा सत्तो देवी, ज्ञानवती, माया, कमलेश, शकुंतला आदि थे।

# ऑटिज्म एक मानसिक विकार है: डॉ. दत्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हर** साल दो अप्रैल को 'विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल में पीडियाट्रिक्स विभाग के एचओडी एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संजीव दत्ता ने बताया कि ऑटिज्म एक मानसिक विकार है जो बच्चे के मानसिक विकास में बाधा डालता है। इस रोग से पीड़ित बच्चा बाहरी दुनिया से अनजान अपनी ही मानसिक दुनिया बनाकर रखता है और उसी में खोया रहता है।

बाहरी दुनिया के साथ संपर्क (सोशल कम्युनिकेशन) करने में उसे काफी समस्या होती है। किसी एक खास वस्तु के साथ ही खेलता रहता है और उसी के साथ व्यस्त रहता है। बच्चा किसी एक ही एक्टिविटी को बार-बार करता रहता है। बच्चे द्वारा बहुत ज्यादा खुश होना, गुस्सा करना, अन्य लोगों के साथ आंखों में आंखे डालकर बात करने से घबराना, बहुत अधिक बेचैन होना, बहुत अधिक निष्क्रिय होना या फिर बहुत अधिक सक्रिय होना, अकेले रहना अधिक पसंद करना, बच्चों के साथ एक ग्रुप में बैठकर नहीं खेलना, घर में भी अपना एक अलग माहौल बनाकर रहना, किसी के भी साथ बातचीत न करना आदि ऑटिज्म रोग के लक्षण हैं। आमतौर पर एक साल की उम्र के बाद ही बच्चों में ऑटिज्म का पता लगना शुरू हो जाता है। ओपीडी में महीने में 2-3 बच्चे इस मानसिक विकार के देखने को मिलते हैं। ऐसे ज्यादातर बच्चों में बोलने में तकलीफ होना और सामाजिक स्तर पर कम्युनिकेशन की कमी की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। इस रोग के कारण बच्चे के सम्पूर्ण विकास (मानसिक, शारीरिक, शिक्षण) पर प्रभाव पड़ता है।


डॉ. संजीव दत्ता।

# आईपीएल में जेड ब्लैक बना टीम का 'ऑफिशियल प्रेयर पार्टनर'

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मध्य** प्रदेश स्थित मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के प्रमुख अगरबत्ती ब्रांड जेड ब्लैक ने आईपीएल 2023 संस्करण के लिए दिल्ली कैपिटल्स के साथ 'ऑफिशियल प्रेयर पार्टनर' के रूप में साझेदारी की है। दिल्ली कैपिटल्स के साथ इस साझेदारी से जेड ब्लैक लोकप्रिय टी-20 लीग टीम के साथ जुड़ने वाला पहला अगरबत्ती ब्रांड एवं मध्य प्रदेश का पहला एफएमसीजी ब्रांड भी बन गया है।

कंपनी ने ब्रांड टैगलाइन 'प्रार्थना होगी स्वीकार' की भावना पर आधारित, दिल की धड़कने बढ़ाने वाला, रोमांचकारी ऐन्थम तैयार किया है जिसमें आम जनता, मिलेनियल्स को आकर्षित करने के लिए इतनी ऊर्जा, सकारात्मकता एवं स्वैग है। एक ऐसा स्वैग जो किसी व्यक्ति को सफलता के लिए अपने जीवन का सर्वोत्तम प्रयत्न करने के साथ-साथ आपको दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने से नहीं रोक पायेगा। जल्द दिखाए जाने वाले ऐन्थम में दिखेंगे दिल्ली कैपिटल्स टीम के तीन स्टार खिलाड़ी पृथ्वी शॉ, इशांत शर्मा और मनीष पांडे। मैच के समय और दिल्ली कैपिटल्स की यूनिफार्म के ट्रेनिंग ट्राउजर पर जेड ब्लैक का लोगो प्रमुखता से दिखाई देगा। इसके अतिरिक्त, साझेदारी में ब्रांड द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चलायी जा रही प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विशेष हस्ताक्षरित टीम मर्चेंडाइज और स्मृति चिह्नों का दिया जाना सम्मिलित होगा। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए,



मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस और ज़ड ब्लैक के पार्टनर और डायरेक्टर, अंकित अग्रवाल, ने कहा, भारत में क्रिकेट एक जुनून है और टी-20 लीग दुनिया भर के प्रशंसकों के बीच सबसे उत्सुकता से प्रतीक्षित खेल आयोजनों में से एक है। हमारा मानना है कि जेड ब्लैक दिल्ली कैपिटल्स के साथ अच्छी तरह मेल खाता है क्योंकि दोनों ब्रांड भारत को एक साथ ला रहे हैं।

जैसे यह टूर्नामेंट क्रिकेट प्रेमियों को उत्तेजक मनोरंजन प्रदान करता है, वैसे ही ज़ेड ब्लैक दुनिया भर में अगरबत्ती, धूप, धूप स्टिक्स, धूप कोन आदि जैसी आवश्यक पूजा सामग्रियों की विशाल श्रृंखला के माध्यम से प्रार्थना करता है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस और जेड ब्लैक के पार्टनर और डायरेक्टर, अंशुल अग्रवाल कहते हैं कि दिल्ली कैपिटल्स के आधिकारिक प्रार्थना पार्टनर के रूप में जेंड ब्लैक के आईपीएल में कदम रखने के साथ हमें लगता है कि यह लाखों लोगों के दिलों में प्रार्थना की शक्ति का प्रसार करने के सबसे अच्छे माध्यमों में से एक है।

# सर्वोदय सम्राट टीम की आंधी में उड़ी टीम एसएपीएल

**फरीदाबाद।** सर्वोदय सम्राट टीम की जबरदस्त गेंदबाजी के सामने टीम एसएपीएल औंधे मुंह गिर पड़ी और 127 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा कर 67 पर ही सिमट गई। टॉस जीत पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम सर्वोदय सम्राट के समय मौसम ने करवट लेते हुए तेज हवाओं और हल्की बूंदाबांदी के साथ उनका स्वागत किया, परन्तु फिर भी राहुल जोशी की तूफानी 40 रनों की पारी की बदौलत 17 ओवर की समाप्ति पर टीम 127 रन का लक्ष्य रखने में कामयाब हो पायी। दूसरी पारी के शुरुवात टीम एसएपीएल के लिए अच्छी नही रही और पहले ओवर में ही नरेश नागर की बॉलिंग के आगे वो अपनी दो विकेट खो चुके थे। अगले ओवर में कुछ कारनामे की उम्मीद भी उनकी विफल रही और दीपक कौशिश की तूफानी गेंदबाजी के आगे उनके दो प्लेयर्स धाराशाही हो गए। सर्वोदय सम्राट टीम की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे पूरी एसएपीएल टीम लड़खड़ी हुई नजर आयी और मात्र 67 के स्कोर पर आते आते पूरी टीम आउट हो गयी।

# मानव रचना अलुम्नाई की पुस्तक उत्कृष्ट का किया अनावरण

### पुस्तक में मानव रचना के अलुम्नाई की 26 कहानियां हैं

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद


आइकॉन्स ऑफ मानव रचना 2023 का अनावरण करते हुए।

**राकेश** ओमप्रकाश मेहरा, भारतीय फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक की विनम्र उपस्थिति में उत्कृष्ट-आइकॉन्स ऑफ मानव रचना 2023 का अनावरण किया गया। यह पुस्तक मानव रचना अलुम्नाई की 26 परिवर्तनकारी कहानियों का वर्णन करती है। राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में पुस्तक का अनावरण डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष, मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस, डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमडी, एमआरईआई और मानव रचना के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति, छात्र, शिक्षक और सम्मानित पूर्व छात्रों के परिवार की उपस्थिति में किया। पुस्तक विमोचन का क्षण जोश से भरा हुआ था। उत्साह की कभी न खत्म होने वाली लहरों के साथ, ऑडिटोरियम अनावरण के दौरान तालियों से गूंज उठा। समारोह के दौरान मानव रचना और उनके योद्धा दस्ते के गौरवान्वित पूर्व छात्र राहुल यादव द्वारा एक शानदार कलाबाजी का प्रदर्शन किया गया। गौर करने की बात है कि मानव रचना अलुम्नाई द्वारा शुरू किया गया वॉरियर स्क्वॉड इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन नौ की प्रसिद्धि रही है और अमेरिकाज गॉट टैलेंट सीजन 18 में परफॉर्म करने के लिए पूरी तरह तैयार है। डॉ. प्रशांत भल्ला ने साझा किया कि कैसे मानव रचना के अलुम्नाई अपने संस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले 26 वर्षों में, मानव रचना ने अपने छात्रों में प्रमुख मूल्यों और उद्योग से संबंधित कौशल विकसित करना कभी बंद नहीं किया। अपने अलुम्नाई को मानव रचना के ध्वजवाहक के रूप में देखते हुए, मैं इस बात पर गर्व किए बिना नहीं रह सकता कि आपने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कितनी लगन से काम किया है। डॉ. गौरी भसीन ने साझा किया, उत्कृष्ट के माध्यम से, हम अपने अलुम्नाई की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से न केवल समुदाय को महान लाभांश दिया है, बल्कि दुनिया भर में मानव रचना की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाया है।

# हरियाणा में पर्ची और खर्ची का सिस्टम हुआ बंद

**फरीदाबाद।** प्रदेश के परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बागपुर गांव के कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चौमुखी विकास कार्य हुए हैं और चले हुए हैं। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज योग्यता के आधार पर नौकरियां मिलती हैं। वहीं, हरियाणा में पर्ची और खर्ची का सिस्टम बंद हुआ है। उन्होंने कहा की हरियाणा के परिवहन विभाग में अब बसों की कोई कमी नही है। जिन भी रूट पर बसे नहीं है वहां पर बसे चलाई जाएगी। इसके अलावा हरियाणा में जल्द ही 375 इलेक्ट्रिक बसों को भी परिवहन बेड़ा में शामिल किया जाएगा। कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पलवल के विधायक दीपक मंगला, पृथला के विधायक नयनपाल रावत के भाई यशपाल रावत, जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया आदि थे।

# शिव विवाह का प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर 77** जलविहार सोसाइटी में चल रही कथा के दूसरे दिन महाराज ने शिव विवाह का प्रसंग एवं परीक्षित को श्राप लगने का प्रसंग सुनाया। काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से पधारे हुए आचार्य सर्वेश पांडे महाराज ने कथा के दौरान शिव विवाह का बड़ा सुंदर प्रवचन किया। किस तरह भगवान शिव इस समस्त ब्रह्मांड में व्यापक पदार्थों का सदुपयोग किया जाता है।

भगवान शिव के सोच से इस दुनिया में कोई भी वस्तु निरर्थक नहीं है सब की सार्थकता है। सभी वस्तु एक दूसरे की पूरक हैं और सभी जीव एक दूसरे के दुश्मन हैं। इसीलिए प्रकृति का संतुलन बना रहता है। भगवान शिव की पूजा पूरे परिवार के साथ होती है। शिव परिवार में गजानन भगवान का व्यवहार संस्कार वाहन अलग है। गौरी मां का सब कुछ अलग है कार्तिकेय का सब अलग है



भगवान शिव का वेशभूषा सब अलग है फिर भी एक दूसरे के साथ आनंद पूर्वक रहते हैं। इस प्रसंग से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम सदैव समस्त जीवो को समान व्यवहार से देखें। जिस प्रकार गणेश जी का वाहन चूहा है। भगवान शिव के गले में सांप है। सांप के सामने चूहा नहीं आता। परस्पर एक दूसरे के दुश्मन हैं। कार्तिकेय का वाहन मोर है। मोर की सांप से दुश्मनी है। मां पार्वती की सवारी शेर है। भगवान शिव बैल पर चलते हैं। सब एक दूसरे के दुश्मन है। कामदा एकादशी के अवसर पर महाराज ने यह संदेश दिया। आपसी सामंजस्य बैठाकर प्रेम पूर्वक इस संसार में जीवन गुजारे तभी परम सुख का अनुभव होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय विद्यालय तिगांव में मनाया प्रवेश उत्सव



**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नये प्रवेश लेने आई छात्र-छात्राओं का प्राचार्या अंजू मदान, मिडल हेड रेनू वालिया एवं हेड टीचर सुधीर ने तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रिंसीपल अंजू मदान ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव में आसपास के लगभग एक दर्जन गांवों के बच्चें पढ़ने आते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सभी कक्षाएं स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई जाती हैं। इसके अलावा शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के नवीन व आधुनिक साधनों के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। विद्यालय का वार्षिक परिणाम भी हमेशा अच्छा ही आता है। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला तिगांव के अध्यापक सुधीर ने बताया कि प्राईमरी विंग की सभी कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड, संपर्क टीवी तथा मनोरंजक टीएलएम साधनों की मदद से शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में सह-शिक्षा योजना लागू है तथा अंग्रेंजी माध्यम से शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में खेल का मैदान, स्वच्छ पीने का पानी, आधुनिक शौचालय, सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन आदि अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रवेश उत्सव के अवसर पर संजय कुमार, मनोज नागर, सुदेश कुमारी, योगराज, कविता शर्मा, अर्चना पंवार, सविता कटारिया, सरिता सैनी, कुसुम, महेन्द्र सिंह आदि शिक्षकगण मौजूद थे।

### भगवान विष्णु पौंडानाथ मंगलकारी हैं : बबली



**फरीदाबाद।** कामदा एकादशी के उपलक्ष्य में शेषशाई मन्दिर गांव शेषशाई होडल जिला पलवल हरियाणा-उत्तर प्रदेश से लगता हुआ हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली ने मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर भगवान विष्णु पौंडानाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहां के पुजारियों द्वारा मान सम्मान किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ने भी उन्हें भगवान परशुराम जी का पटका चालीसा भेंट कर सम्मान किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा बहुत मंगलकारी है एकादशी.व्रत के दिन दर्शन करने से भक्त की मनोकामना पूर्ण हो जाती है यहां बताया गया कि भगवान विष्णु के अनन्य भक्त ब्राह्मण बुजुर्ग हो गए वो बद्री विशाल जाने मे असमर्थ थे तो उन्होने भगवान विष्णु की स्तुति की तो भगवान प्रकट हो गए उस भक्त ब्राह्मण ने कहा प्रभु अब इतनी दूर आने की मेरी सामर्थ नही है, जो यहां आकर आपके दर्शन कर सकें। तब भगवान विष्णु ने उनसे कहा जिस जगह स्वत गाय के दूध की धार निकले उस जगह को खुदवाना मै वहीं पर शेष नाग शैया पर आपको लेटा मिलुंगा मेरे दर्शन कर वहीं पर स्थापित कर देना ऐसा ही हुआ इन्ही का दूसरा नाम ही पौंडानाथ है जो स्थानीय भक्तो ने रखा राजा बल्लू भी भगवान पौंडानाथ के अनन्य भक्त थे यहां बहुत सुन्दर नक्काशीदार चित्रण है जिनमे सभी तीर्थ व 33 कोटीश देवताओं का वर्णन है सुन्दर सरोवर हैं। तेजपाल शर्मा, रामराज शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, उमाशंकर, लक्ष्मण द्वारा सुन्दर भण्डारे की व्यवस्था की सभी ने भगवान के दर्शन कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### कोरोना के 19 नए मामले आए सामने, 85 एक्टिव केस

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार को भी 19 नए संक्रमित मरीज सामने आने से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 85 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि नौ मरीज पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। जिसमें अस्पताल में भर्ती दो मरीज भी शामिल हैं। वहीं जिले में 85 एक्टिव केसो में एक मरीज अस्पताल में भर्ती है। वहीं 84 मरीज होम आईसोलेशन में हैं। पिछले 24 घंटे में 274 लोगों के सैम्पल जांच किए गए। अभी फिलहाल 106 सैंपलों की रिपोर्ट आनी शेष है। कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या का आंकड़ा बदलते मौसम के कारण है। जिससे मरीज लगातार बढ़ रहे है।

### न्यूनतम वेतन 26 हजार करने की मांग को लेकर बैठक



**फरीदाबाद।** बेरोजगारों को रोजगार देने, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये लागू करने, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आवास की गारंटी देने, के साथ-साथ 4 लेबर कोड्स रद्द करने सहित सार्वजनिक क्षेत्र के निजी करण और ठेका प्रथा पर रोक लगाने की मांग को लेकर आगामी 5 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली मजदूर किसान संघर्ष रैली में मौजपुर गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह निर्णय शनिवार को मौजपुर गांव बल्लभगढ़ तहसील में सम्पन्न हुई मीटिंग में लिया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान महेंद्र सिंह ने की जबकि संचालन राजु उपप्रधान ने किया। इस अवसर पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने केंद्र और राज्य सरकार पर महंगाई गरीबी और बेरोजगारी को बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मेहनतकश जनता सड़कों पर आकर संघर्ष कर रही है। लेकिन सरकार आम लोगों की ज्वलंत समस्याओं की अनदेखी कर रही है। खाद्य पदार्थों, जीवन रक्षक दवाइयों, की कीमतों में लगातार बढ़ रही है। बेरोजगारी नहीं रुक रही रही है। सरकारें सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण कर रही हैं। हमारी राष्ट्रीय संपत्ति को निजी कॉरपोरेट्स को सौंपने का काम तेजी से किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, परिवहन ,बैंक, बीमा, एलआईसी, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई मार्गों का निजीकरण करके ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताकि स्वीकृत पदों को समाप्त किया जा सके ।

### चार कौशल विकास केंद्र की मिली मंजूरी



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार ने चार कौशल विकास केंद्र खोलने को हरी झंडी दे दी है। बजट में की गई घोषणा के मुताबिक इनके लिए 14 करोड़ 91 लाख रुपये स्वीकृत कर दिए गए हैं। यह कौशल विकास केंद्र एचएसआईआईडीसी और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय मिल कर चलाएंगे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने इसे कौशल विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने बजटीय भाषण में इन चार कौशल विकास केंद्रों की घोषणा की थी। इनमें से एक केंद्र दुधौला स्थिति श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय परिसर में खुलेगा, जबकि दूसरा केंद्र फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन परिसर में खोला जाएगा। एक-एक कौशल विकास केंद्र आईई कुंडली और आईएमटी फरीदाबाद में स्थापित किया जाएगा। यह सभी केंद्र श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय से संबद्ध होंगे। कुलपति राज नेहरू ने कहा कि कौशल विकास विकास के क्षेत्र में यह हरियाणा सरकार की बड़ी पहल है। इन कैशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवाओं को इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जाएगा। यह कोर्स पूरी तरह से रोजगारपरक होंगे। इसके लिए चारों क्षेत्रों में अध्ययन किया जाएगा, ताकि सटीक आंकलन किया जा सके कि इंडस्ट्री को किन जॉब रोल में कुशल मानवीय संसाधनों की आवश्यकता है। इसके लिए इंडस्ट्री के साथ तालमेल करके उनका परामर्श भी लिया जाएगा। कुलपति राज नेहरू ने बताया कि इन कौशल विकास केंद्रों में तीन महीने, छह महीने और एक वर्ष तक के शॉर्ट टर्म डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करवाए जाएंगे। एचएसआईआईडीसी के साथ समन्वय बना कर शीघ्र ही इन चारों कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

# मिशन अखंड भारत शिक्षा निकेतन की प्रतियोगिता में 11 बच्चों ने मारी बाजी

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**भारत** के सबसे बड़े सनातनी संगठन मिशन अखंड भारत अपनी द्वारा संचालित मिशन अखंड भारत शिक्षा निकेतन की एक प्रतियोगिता 14 मार्च 2023 को करवाई थी। जिसमें मिशन अखंड भारत में कुल 28 बच्चों ने हिस्सा लिया था और 28 बच्चों में जो प्रथम 11 आए थे। उनको अधीक्षक पुलिस अधीक्षक बीबी जीपीएस मूर्ति जी द्वारा सम्मानित करते एक सरस्वती माता की प्रतिमा और एक मिशन अखंड भारत का प्रमाण पत्र दिया गया बच्चों ने खुशी जताई और पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात आदरणीय मूर्ति जी ने संगठन के भले के लिए कामना की उन्होंने कहा रवि द्विवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी आप अच्छे कार्य करते रहिए और मैं आपके साथ हूं आपका संगठन बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है और मैं लगातार आप से जुड़ा हुआ हूं वहीं पर बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए का कि आप लोग पढ़ते रहिए और जगह.जगह अपने संगठन का और अपने माता-पिता का नाम रोशन करिए चाहे पुलिस अधीक्षक हो या डीएम सभी आपके साथ हमेशा था साथ खड़े रहेंगे शिक्षा सर्वोपरि है और आप लोग पढ़ते जिसमें प्रथम स्थान आस्था द्विवेदी ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान रिचा देवी तृतीय स्थान मानस ने प्राप्त किया हुआ चतुर्थ स्थान में सौम्या द्विवेदी पांचवी में गुनगुन मिश्रा छठ में भी देविका पांडे सातवें में गुनगुन पांडे आठवीं में पिया पांडे नवी स्थान में सक्षम प्रजापति वह दसवें स्थान में रौनक मिश्रा दीपा द्विवेदी ने अच्छा काम करके संगठन का नाम रोशन किया। संगठन के समस्त सम्मानित पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि द्विवेदी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सूर्या गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमलता शर्मा प्रदेश अध्यक्ष इकब बबलू राजपूत अध्यक्ष व्यापार मंडल माता प्रसाद लोधी ने खुशी जाहिर की व संगठन के अन्य जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष सतीश सिंह लखनऊ ने खुशी जाहिर की।

## कंपोजिट विद्यालय किशुनखेड़ा से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**खीरों ( रायबरेली )।** विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय किशुनखेड़ा से शनिवार को प्रधान शिक्षक दुर्गेश सिंह और ग्राम प्रधान सुरेन्द्र यादव ने बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षाधिकारी मुकेश कुमार ने समस्त विद्यालयों के उपस्थित शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर स्कूल चलो अभियान, नामांकन मेला अनिवार्य रूप से आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान शिक्षक दुर्गेश सिंह ने बच्चो के संचारी रोग निवारण के विषय में जानकारी देते हुए विद्यालय के बच्चों को परीक्षाफल और निश्शुल्क पुस्तकें वितरित की। उत्तीर्ण प्रतिभाशाली बच्चो को खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, प्रधान शिक्षक दुर्गेश सिंह और ग्राम प्रधान सुरेन्द्र यादव ने पुरस्कृत किया। इस दौरान जागरूकता रैली भी निकाली गई। जागरूकता रैली के माध्यम से किशुनखेड़ा गांव में अभिभावक को अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन के बाद बीआरसी कार्यालय खीरों में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्कूल चलो अभियान का सजीव प्रसारण किया गया।

# एक बार फिर से अमेठी के लोग राहुल गांधी के साथ खड़े हों : अजय राय

**संवाददाता।** अमेठी

**उत्तर** प्रदेश में कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को अमेठी की जनता को राहुल गांधी की ताकत बताते हुए अपील की कि जिस तरह से उन्होंने गांधी परिवार का साथ दिया है उसी तरह से एक बार फिर वे राहुल गांधी के साथ खड़े रहें।

अजय राय ने कहा, अमेठी की जनता राहुल गांधी की ताकत है और जिस तरह से अमेठी की जनता ने गांधी परिवार का साथ दिया है, हम चाहेंगे कि उसी तरह से एक बार फिर से अमेठी के लोग राहुल गांधी के साथ खड़े रहें। उन्होंने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर आरोप लगाते हुए कहा , लोकसभा चुनाव में वोट पाने के लिए यहां की सांसद स्मृति ईरानी ने झूठ बोला और जनता से 13 रुपए किलो चीनी देने का वादा किया, लेकिन आज चीनी का दाम किसी से छिपा नहीं है जबकि गांधी परिवार ने इस तरह न कभी झूठ बोला और न ही झूठ बोलकर वोट लिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेठी राहुल गांधी के दिल और जेहन में है और वह कभी अमेठी को भूल नहीं सकते हैं। गौरतलब है कि 2019 तक अमेठी गांधी परिवार का गढ़ रहा। सिर्फ 1977 में यहां गांधी परिवार के संजय गांधी पराजित हुए थे। अमेठी सीट का संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने प्रतिनिधित्व किया लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी ने 2004 से लगातार चुनाव जीतने वाले राहुल गांधी को पराजित कर दिया। राहुल गांधी के खिलाफ लगातार प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहने का आरोप लगाते हुए अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी ने कर्नाटक में भाषण दिया था जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात में मुकदमा दर्ज कराया। मानहानि के मामले का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जिस राज्य में बात होती है वहीं पर मुकदमा दर्ज होता है जबकि इन लोगों ने दूसरे राज्य में ले जाकर मुकदमा दर्ज कराया। राय ने कहा कि मोदी सरकार को राहुल गांधी से इतनी घबराहट है कि सब कुछ जल्दबाजी में करते हुए दो साल की सजा होने के अगले ही दिन उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई और 40 घंटों का समय देते हुए उनसे आवास खाली करने को कहा गया।

## क्विक न्यूज

### 1 अप्रैल को लोग 'अप्रैल फूल डे' की मजेदार रस्म निभाते हैं

**वाराणसी।** दुनिया भर में हर साल 1 अप्रैल को लोग 'अप्रैल फूल डे' की मजेदार रस्म निभाते हैं। इस दिन से जुड़े अपने पुराने दिनों को याद करते हुए लग जा गले के नमिक पॉल, मैत्री के नमिश तनेजा और मैं हूं अपराजिता के मानव गोहिल जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने इस दिन से जुड़ी अपनी शरारत की कहानियों और प्यारी यादों को ताजा किया।ज़ी टीवी के लग जा गले में शिव के रोल में नजर आ रहे नमिक पॉल ने कहा, ''अप्रैल फूल डे मेरे लिए बचपन से ही बहुत रोमांचक रहा है। मेरे घर में सभी को लगता था कि मैं सबसे बड़ा मसखरा हूं क्योंकि मैं अपने भाई-बहनों को परेशान करता था। ज़ी टीवी के मैं हूं अपराजिता में अक्षय का रोल निभा रहे मानव गोहिल ने कहा, ''अप्रैल फूल डे से जुड़ीं मेरे बचपन की यादें हमेशा बहुत रोमांचक रही हैं।

### कोविड में भी सफर प्रतिबद्धता एवं समर्पण की कहानी है

**वाराणसी।** कहते हैं कि सपने उसके पूरे होते हैं जिसके सपनों में उड़ान होती है वही कर दिखाया अनंत ने सपने को भी साकार कर लिया। कोविड-19 महामारी के कारण उन्हें रेस्टोरेंट बंद करना पड़ा। इससे घबराए बिना उन्होंने पिज्जा क्लब निन्यानवे के आगे बढ़ाने पर और स्विगी के साथ मिलकर अपने दुकान को आगे बढ़ाने और शहर में अपने रेस्टोरेंट की उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में काम शुरू कर दिया। एफएंडबी इंडस्ट्री में बिना किसी अनुभव के बढ़ाए गए कदम से शुरू में अनंत के समक्ष कई चुनौतियां भी आईं।

### विवेकानंद बिहारीलाल इण्टर में बच्चों का परीक्षाफल वितरित

**खीरों (रायबरेली)।** विवेकानंद बिहारीलाल इण्टर का खीरों और रामकुमारी विद्या मंदिर शिवपुरी में शनिवार को बच्चों का परीक्षाफल वितरित किया गया। इस दौरान बच्चों ने अनेक बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दोनों विद्यालयों के प्रबंधकों ने प्रमाणपत्र के साथ मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। राम कुमारी विद्या मंदिर शिवपुरी के प्रबंधक अशोक कुमार सिंह और विवेकानंद विद्यालय के प्रबंधक चंदिका प्रसाद श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अधिक परिश्रम कर सफलताएं अर्जित करने की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों को भी अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोविंद त्रिवेदी, संस्थापक रामकिशोर सिंह, रामेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य मो 0 साबिर, शिक्षक अंशुल साहू , रंजना मिश्रा, आदेश श्रीवास्तव, कपिल सिंह, शुभम तिवारी, अंकित चौरसिया, शिवचंद, अनामिका, अंशिका मिश्रा, शिवानी शर्मा आदि सहित सभी शिक्षक, अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे।

### एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न

**ऊंचाहार।** शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ, इस दौरान कुल 25 शिकायती पत्र आये, जिसमें एक भी शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका ,सभी शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई है।एसडीएम आशीष कुमार मिश्र ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी। पूरे भुसई गाँव निवासी रामराज ने गांव के ही व्यक्ति के खिलाफसहन की भूमि कब्जाने की शिकायत की ,तो मोहनपुर निवासी ज्ञानवती ने गांव के ही लोगों के विरुद्ध जबरन जमीन कब्जाने की शिकायत की, केवलपुर मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी कुसुम देवी ने दबंगों द्वारा मकान निर्माण में अड़ंगा लगाने को लेकर शिकायती पत्र दिया, खुर्रमपुर निवासी सगीर ने कब्रिस्तान की भूमि का चिन्हांकन करवाने का प्रार्थना पत्र दिया। इस मौके पर तहसीलदार अजय कुमार गुप्ता, बीडीओ हरिश्चंद्र गुप्ता,नायब तहसील सत्याराज,कोतवाल बालेन्दु गौतम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ओबीसी समुदाय ने सामूहिक रूप से तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कालपी (जालौन)।** शनिवार को अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोगों ने एक साथ होकर ओबीसी के हित की मांग करते हुए एक ज्ञापन तहसीलदार कालपी सुशील कुमार सिंह को दिया जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन ओबीसी वर्ग के लोगों ने तहसीलदार कालपी सुशील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा की अपने ह क की मांग करना पड़ेगी जिलाध्यक्ष सैनी समाज दीपचंद सैनी वरिष्ठ पत्रकार समेत ओ बी सी समर्थको ने कहा कि हम सभी जाति धर्म का सम्मान करते हैं और करते रहेंगे लेकिन हमारे अन्य पिछड़ा वर्ग के किसी भी साथी के अधिकारों का हनन न हो श्री सैनी ने कहा कि हमें किसी के साथ कोई ज्यादती नहीं करनी किसी का हक नहीं चाहिए लेकिन हमें हमारा हक भी मिलना चाहिए उन्होंने कहा कि जिस मांग को लेकर हम आगे बढ़े हैं हमें उम्मीद है कि सरकार उस पर सही निर्णय देगी बड़ी विडंबना है कि जनपद जालौन बुंदेलखंड का प्रवेश द्वार है और जनपद जालौन की चार नगर पालिका परिषद की सीटों में एक भी सीट ओबीसी कोटे को नहीं मिली यह बड़े दुख का विषय है यदि पिछड़ा वर्ग को इसी तरह हाशिए पर रखा जाता है तो यह समझा जायेगा कि सरकार का सबका साथ और सबका विकास में कहीं न कहीं खोट है क्योंकि सीधा-सीधा यह ओबीसी के साथ अन्याय होगा श्री सैनी ने कहा कि चूकि हमारे जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति जी भी ओबीसी समुदाय से आते हैं उन्हें भी अवगत कराया जाएगा इतना ही नहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शीघ्र ही मुलाकात कर उन्हें भी इस बात से अवगत कराया जाएगा इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि स्थानीय निकाय के निदेशक को अपनी आपत्ति भेजी जा चुकी है!

### समस्या ग्रस्त को भी दें निस्तारण की जानकारी -अभिषेक

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी व सीडीओ की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कर्वी में हुआ। फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने तहसील कर्वी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम कर्वी से कहा कि भूमि विवाद के मामले पुलिस व राजस्व टीमों को मौके पर भेजकर निस्तारित करायें। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्या निपटायें। गुणवत्तापूर्ण समस्याओं का निस्तारण किया जाये, क्योंकि शासन से निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से वार्ता भी की जाती है। समस्या निस्तारित कर समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी बतायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम कर्वी राजबहादुर, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, नायब तहसीलदार रामानंद मिश्रा, मंगल सिंह, बीडीओ आस्था पांडेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर बीएल गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने दो दिवसीय पोषण उत्सव मेलों का किया शुभारंभ

**अमेठी।** आज पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद अमेठी के चार स्थानों पर-अमेठी- रामलीला मैदान, गौरीगंज-रणंजय इंटर कॉलेज मैदान, जगदीशपुर- रामलीला मैदान, तिलोई- सुभाष पशुपतिनाथ कॉलेज मैदान में दो दिवसीय पोषण उत्सव मेले का आयोजन किया गया। उक्त पोषण उत्सव मेले का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार/सांसद अमेठी स्मृति ईरानी जी के प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता, भाजपा महामंत्री संजय राय, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के अतर्गत अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रति विकास खंड 03-03 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 10-10 हजार एवं 03-03 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 05-05 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं सैम बच्चों के पोषण स्तर में सहयोग करने वाली मां को बडी मदर के रुप में प्रशिस्ति पत्र प्रदान किया गया। मेले में पोषण स्वास्थ्य जांच शिविर, मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों की प्रतिकृति, स्वस्थ आयुष उत्पादों का प्रदर्शन आदि के स्टॉल लगाये गये।

# समाजवाद के बिना राम राज्य की कल्पना बेमानी होगी : शिवपाल

**संवाददाता।** इटावा

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता सब समझने लगी है कि धर्म और राम राज्य के नाम पर समाज को किस तरह बांटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवाद के बिना राम राज्य की कल्पना बेमानी होगी।

सपा महासचिव यादव ने सैफई ब्लॉक के गींजा गांव में रामनवमी के अवसर पर आयोजित मेले को संबोधित करते हुए कहा कि जब-जब समाज में जुल्म अत्याचार बढ़ा है, तब-तब अन्याई व अत्याचारी लोगों की हार हुई है।

उन्होंने कहा कि जब रावण का अन्याय और अत्याचार चरम पर पहुंचा तब भगवान राम की विजय हुई थी।

भाजपा पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा, जब रावण जैसे अन्याई अत्याचारी का अंत हुआ और सत्य पर चलने वाले भगवान राम की विजय हुई तो निश्चय ही देख लेना इस बेईमानी, अन्याय व भ्रष्टाचार का अंत होगा, जिसने जितने झूठे वादे जनता से किए हैं, इनके खिलाफ जनता में माहौल बनने लगा है।

महंगाई, बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए सपा महासचिव ने कहा कि नौ वर्षों में एक भी वादा पूरा नहीं हुआ, किसानों के सामने कितनी दिक्कत परेशानी आ रही हैं, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती चली जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार चरम पर है। सपा नेता ने आईएएस और आईपीएस अधिकारियों पर भी रिश्वत लेने का आरोप लगाया और कहा कि भ्रष्टाचार ऊपर से नीचे की ओर चला है।

# कानपुर में आग पर 38 घंटे बाद पाया गया काबू

**संवाददाता।** कानपुर

**कानपुर** में एक व्यावसायिक परिसर में लगी आग पर शनिवार दोपहर पुलिस, अग्निशमन कर्मियों और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दलों ने 38 घंटे बाद काबू पा लिया। इस भयंकर आग में करीब 800 दुकानें जली हैं। पुलिस उपायुक्त (मध्य) प्रमोद कुमार ने बताया कि हालांकि टावरों से धुएं का गुब्बार अभी भी निकल रहा था, लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों ने अब हर मंजिल पर आग की स्थिति का जायजा लेने के लिए भवन परिसर में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। डीसीपी ने कहा कि अग्निशमन अभियान में सहायता के लिए एनडीआरएफ को भी बुलाया गया है। गौरतलब है कि बांसमंडी इलाके में शुक्रवार तड़के एक बहुमंजिला व्यावसायिक इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 800 दुकानें जलकर खाक हो गईं। वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अनुमान है कि आग में 500 करोड़ रुपए से अधिक का सामान और नकदी जलकर खाक हो गई है। डीसीपी कुमार ने स्वीकार किया कि रात के समय अग्निशमन दल का बचाव अभियान थोड़ा धीमा हो गया था क्योंकि दमकलकर्मी और पुलिस कर्मी काफी थके हुए थे। स्थानीय निवासी मोहम्मद बिलाल ने बताया कि शुक्रवार की रात तेज हवाओं के कारण आग की लपटें आस-पास के वाणिज्यिक और आवासीय भवनों की ओर फैल गईं और धुएं का गुबार आसपास के घरों में घुस गया, जिससे स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। डीसीपी ने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है क्योंकि सभी दुकानें बंद थीं। उन्होंने कहा कि एक दुकान में काम करने वाला ज्ञान चंद (40) नामक व्यक्ति लापता बताया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि उसका पता लगाने के लिए पुलिसकर्मियों और दमकलकर्मियों ने परिसरों में तलाशी शुरू कर दी है। दुकानदारों ने बताया कि आग में सब कुछ जल गया। व्यापारी अशोक अग्रवाल ने बताया कि एआर और मसूद टावर में उनकी एक दुकान दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं. उन्होंने कहा, त्योहारों के मौसम में दोस्तों और रिश्तेदारों से कर्ज लेकर ज्यादा मांग के कारण मैंने होजरी आइटम का स्टॉक किया था। जिलाधिकारी विशाल जी. अय्यर ने शुक्रवार को बताया था कि अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजेश कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्ईय समिति का गठन किया गया है, जो नुकसान का आकलन और आग लगने के कारणों की जांच करेगी। उनके अनुसार समिति में अपर नगर आयुक्त, संयुक्त निदेशक (व्यापार कर) और मुख्य अग्निशमन अधिकारी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा था कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश के बाद इस समिति का गठन किया गया है। पाठक ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और उन दुकानदारों से मुलाकात की, जिनकी दुकानें और प्रतिष्ठान आग में नष्ट हो गए। उपमुख्यमंत्री ने कारोबारियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## पूरक सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

**फतेहपुर।** पंचायत एवं नगरीय के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अवस्थित नगर पालिका परिषद फतेहपुर, नगर पालिका परिषद बिंदकी व नगर पंचायत असोथर, बहुआ, कोडा जहानाबाद, खागा, किशनपुर, हथगाम, खखरेरू व कारिकान धाता के निवासियों को बताया कि नगर निकायों की वार्डवार निर्वाचक नामावली का एक अप्रैल को पूरक सूची का अन्तिम प्रकाशन करा दिया गया है।

## सरकार के जवाब न देने तक कांग्रेसी जारी रखेंगे धरना-प्रदर्शन

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने पांचों ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्षों की अगुवाई में राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारियों को सौंपा।कर्वी में सविता पाल, रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर खंगार की अगुवाई में प्रदर्शनकर बीडीओ रामनगर को ज्ञापन सौंपा। मऊ ब्लाक में ब्लॉक अध्यक्ष अरुणेंद्र मिश्रा और सुमन विश्वकर्मा की अगुवाई में प्रदर्शन कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया।

शनिवार को चित्रकूट ब्लाक में ब्लॉक अध्यक्ष जगजाहिर पटेल की अगुवाई में प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने बीडीओ आस्था पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। पहाड़ी ब्लाक में कामता प्रसाद द्विवेदी की अगुवाई में प्रदर्शन कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। मानिकपुर ब्लाक में सेवादल के प्रदेश सचिव कुलदीप मिश्रा की अगुवाई में प्रदर्शन कर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने कहा कि पांचों ब्लॉकों में ज्ञापन सौंपकर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध जताया गया। जिस ढंग से राहुल गांधी की आवाज दबाने का प्रयास सरकार कर रही है, कांग्रेस के कार्यकर्ता बर्दास्त नहीं करेंगे। मोदी सरकार अपने मित्र गौतम अडानी को बचाने का प्रयास कर रही है। आम जनता जानना चाहती है कि मोदी और गौतम अडानी के बीच क्या रिश्ता है, जब तक इसका जवाब नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

## पटेल सेवा संस्थान ने बैठक कर बनाई चुनाव की रूपरेखा


**फतेहपुर।** पटेल सेवा संस्थान की कार्यकारिणी की अंतिम बैठक संस्थान कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें सदस्यता अभियान के तहत आगामी चुनाव की रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष लाल देवेंद्र प्रताप सिंह पटेल ने की। उन्होने बताया कि 21 अप्रैल तक सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इसी दिन शाम पांच बजे तक संपूर्ण विवरण मय रसीद के जमा हो जायेगा। इसके बाद कोई भी नया सदस्य नहीं बन सकेगा। सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन 26 अप्रैल को किया जायेगा। सदस्यता संबंधी आपत्तियां 30 अप्रैल को शाम पांच बजे तक स्वीकार की जायेंगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दो मई को किया जायेगा। इसी दिन त्रिस्तरीय चुनाव समिति का गठन होगा। उन्होने बताया कि कार्यकारिणी चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पांच मई को प्रातः दस बजे से शाम पांच बजे तक होगी। छह मई को प्रातः दस बजे से शाम पांच बजे तक नाम वापसी होगी। चौदह मई को मतदान प्रातः दस बजे से शाम चार बजे तक कराया जायेगा। तत्पश्चात मत पत्रों की गणना होने के बाद परिणाम घोषित किया जायेगा।

## निः शुल्क नेत्र शिविर में 25 नेत्र रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन के चिन्हित

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के पंचायत भवन गोविन्दपुर में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ द्वारा आयोजित निरूशुल्क नेत्र शिविर में 25 नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। गौरतलब हो कि गोविंदपुर ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ संरक्षक राजकुमार सिंह द्वारा पंचायत भवन गोविंदपुर में निरूशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ से आई 7 सदस्यीय नेत्र विशेषज्ञ टीम द्वारा शिविर में आए 85 नेत्र रोगियों की आंखों का नेत्र परीक्षण कर 25 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। नेत्र शिविर के व्यवस्थापक दिनेश यादव ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित सभी नेत्र रोगियों को निर्धारित तिथि पर चिकित्सालय की बस द्वारा लखनऊ ले जाया जाएगा और ऑपरेशन के पश्चात पुन: सभी को उसी बस से वापस पंचायत भवन गोविंदपुर पहुंचा दिया जाएगा। प्रधान राजकुमार सिंह के सार्थक प्रयासों से निरूशुल्क नेत्र शिविरों के माध्यम से अब तक सैकड़ों नेत्र रोगियों की आंखों को रोशनी मिल चुकी है। जिसके लिए समूचे क्षेत्र में प्रधान राजकुमार सिंह की सराहना हो रही है।

## प्राथमिक विद्यालय राजापुर के बच्चों को दान दी गई डिजिटल स्लेट

**संवाददाता।** रायबरेली



**परिषदीय** विद्यालयों में शनिवार को पुराने छात्रों को विदाई दी गई और स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई। स्कूल चलो अभियान के साथ में बच्चों के नामांकन करने पर भी जोर फोकस करने की बात कहीं गई। शनिवार को अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर और उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीईओ ने स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की। राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर में परीक्षाफल का वितरण किया गया। वहीं, ऊंचाहार ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सरबहदा में भी परीक्षाफल का वितरण किया गया। अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर में क्लॉस फाइव पास हो चुके बच्चों की फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। इसके साथ ही सभी क्लॉस के टॉप थ्री बच्चों को बीईओ अमावां रत्नामणि मिश्रा की तरफ से पुरूस्कार दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के नए गेट का फीता भी काटा। इसके अलावा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ में बैठक भी की। उन्होंने एसएमसी के सदस्यों से स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका मीना तिवारी, अमित मिश्रा, प्रीति बाजपेई, पायल आदि लोग मौजूद रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय पहरेमऊ में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को किताबों का वितरण बीईओ रत्नामणि मिश्रा ने किया।

इस मौके प्रधानाध्यापक सन्तन श्रीमौली, दयाशंकर तिवारी, कबीरुद्दीन, राजेश सिंह, रितेश सिंह, सरिता पंकज, उमेश, रमेश, अमित, आशुतोष आदि लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम ने बाटीं छात्र-छात्राओं को पुस्तकें

**संवाददाता।** राजापुर(चित्रकूट)



**जहाँ** एक ओर केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति लागू करके शिक्षा को आधार स्तम्भ माना है। वहीं नई शिक्षा नीति के अंतर्गत एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है।

इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय द्वितीय राजापुर में उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ व अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा नगर पंचायत के द्वारा छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण एवं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर शिक्षा के क्षेत्र में जन जागरण किया जाए।

राजापुर कस्बे के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में उपजिलाधिकारी प्रमोद झाँ के द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण करते हुए कहा कि शिक्षा में मानवीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करना जो उन्हें उनके स्वयं के साथ तथा समाज के प्रति उत्तरदायी बना सके और शिक्षा कार्य करने के लिए सामर्थ्य बनाना चाहिए।

किसी भी शिक्षा के समान नैतिक शिक्षा के लिए तीन बिन्दु आवश्यक हैं। पाठ्यक्रम, अध्यापन और मूल्यांकन शिक्षा में आध्यात्मिक ज्ञान को सम्मिलित करने के लिए पाठ्यक्रम का पुनर्गठन करना चाहिए। आध्यात्मिक आधार की अनुपस्थिति में नैतिकता, समय की परीक्षा में खड़ी नहीं उतर सकती है और नैतिक शिक्षा का अलग सोपान करना चाहिए। उन्होने कहा कि प्राथमिक विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक की पूर्णतया नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी छात्र छात्राओं को सफलता अर्जित नहीं होती और आधुनिक पद्धति की अपेक्षा युवाओं का व्यक्तिगत नैतिक और सामाजिक उत्तरदायी होना अधिक महत्वपूर्ण है और छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक वर्ग को भी अपनी नैतिकता के आधार पर कर्तव्य पालन करना आवश्यक है।

# गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टि के आधार पर करें शिकायतों का निस्तारणः डीएम

**संवाददाता।** फतेहपुर

**सदर** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। जिसमें पुलिस, राजस्व, विकास, विद्युत, शिक्षा, कृषि, नलकूप, भूमि विवाद, पेंशन, सिंचाई आदि विभागों से संबंधित कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से चार शिकायतों का ही मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलंब, लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर शिकायतकर्ता की छोटी या बड़ी समस्या को गंभीरता से सुना जाए और धरातल पर शिकायतों का समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाये।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता एवं गंभीरता से सुनें। उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें।

# जन जागरूकता रैली के साथ संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता।** सोनभद्र



**शनिवार** को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिह व सीएमओ राधे गोविंद यादव ने जनपद मुख्यालय स्थित सीएमओ कार्यालय से जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 जी0 यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में दिनांक 1अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2023 तक तथा दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत चिकित्सा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, नमामि गंगे, बेसिक माध्यमिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग विभाग, बाल विकास पुष्टाहार समेत अन्य विभागों द्वारा गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई, कचरा निस्तारण,नालियों की सफाई,खुली नालियों को ढकना,खराब हैंडपंपों की मरम्मत,इंडिया मार्का हैंडपंपों का चिन्हांकन, एन्टीलार्वा छिड़काव,फागिंग,झाड़ियों की कटाई,स्कूलों में बच्चों के संक्रमण रोगों से बचाव की जानकारी दिया जाना, कृंतिम नियंत्रण गतिविधियों का संचालन, सूअर बाडे मालिकों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किये जाने के साथ ही चिन्हित आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर बुखार के रोगी, क्षय, कोविड, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण किया जाएगा।

## साहब और ऊंट

एक चिकित्सा संस्थान के पूर्व कुलपति के सामने आया ऊंट पहाड़ के नीचे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। साहब जब तक गद्दीनशीं थे तब तक उन्होंने कायदे कानून को ताक पर रखकर काम किया। साहब की इच्छाएं प्रबल थी। उनको वो हर चीज चाहिए थी जो उनके मतलब की हो। पीजीआई का ट्रामा सेंटर हो या कैंसर संस्थान हो, सरकारी नजदीकियों के चलते साहब ने इन्हें अपने कब्जे में ले लिया और अपनी मर्जी से चलाया भी। जैसे ही साहब गद्दी से उतरे उनकी एक एक पोल लीक होने लगी। जिसका नतीजा रहा कि साहब के ऊपर जांच बैठ गई और वो अपराधी घोषित हो गए। यहां से जहां साहब गए वहां भी बंदरबांट किया। वहां भी जांच बैठी लेकिन इस बीच जांच सरकारी तोते सीबीआई के पास चली गई। लिहाजा साहब की कुंडली से सम्बंधित सारे दस्तावेज सरकारी तोते ने अपने पास रख लिए हैं। ऐसे में साहब जल्द ही वहां भी अपराधी घोषित होने वाले हैं। अब तक तो साहब अपने आपको किसी ऊंट से कम नही समझ रहे थे पर जैसे ही पहाड़ के नीचे आये हैं उन्हें अपनी ऊंचाई का अंदाजा लग गया है।



## घास की महिमा

गाय भूखी किसान भी भूखा लेकिन घास चाहिए साहब की मैडम को। खाने के लिए नहीं बल्कि गार्डन को सजाने के लिए। हाल ही में प्रदेश भर में मनाये गये रंगारंग पर्व पर दूध मलाई वाले विभाग के साहब की मैडम का फरमान जारी हुआ। रंग वाले पर्व के अवसर पर गार्डन में घास लग जानी चाहिए किसी भी स्थिति में वरना अच्छा नहीं होगा। फिर क्या था। विभाग में हड़कंप मच गया। वो तो मचना ही था क्योंकि विभाग के कर्मचारी तो महीनों से भूखे थे। वेतन न मिलने के चलते उनकी दीपावली व होली सब फीकी चल रही थी। विभाग इतना घाटे में था कि उसके पास किसानों के लिए दूध के भुगतान का पैसा भी नही था। किसान युद्ध के लिए मोर्चा खोले हुए थे। ऐसी परिस्थिति में साहब की मैडम का गार्डेन में घास लगाने का फरमान जले पर नमक छिड़कने के समान था। मैडम के फरमान के आगे सभी अधिकारी व कर्मचारी बेबस थे क्योंकि आगे कुआं तो पीछे खाई थी। मरता क्या न करता। मजबूर हो कर भूखे प्यासे कर्मचारियों व अधिकारियों ने अपने खर्च से प्रबंध करने वाले साहब की मैडम का फरमान स्वीकार करते हुए गार्डेन में घास लगवाई और अपनी जान बचाई।




## ख्वाब में मेयर की कुर्सी

कोर्ट के आदेश पर नयी आरक्षण सूची आते ही वार्डों में पार्षद और मेयर प्रत्याशियों की जनसंपर्क करने की होड़ सी लग गयी है। क्षेत्र में कई प्रत्याशियों की पत्नियां निकल कर बाहर जनसंपर्क कर रही हैं। इनमें ही बीजेपी के एक ऐसे नेता महापौर बनने के सपने संजोए हैं जो बीते कई वर्षों से क्षेत्र में सफाई और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में जुटे हैं। लेकिन जैसे ही महापौर लखनऊ की सीट महिला आरक्षित होने की जानकारी मिली उन पर दुखों का पहाड़ टूट सा पड़ा। एक ही पल में सारे सपने टूट गए। बेचारे करते भी क्या... अब कुछ शुभचिंतकों की सलाह पर अपनी पत्नी को मैदान में खड़े करने की तैयारी में जुटे हैं। एक कैबिनेट मंत्री के कृपापात्र होने के चलते टिकट भी मिलने की प्रबल संभावना लग रही है। कई लोगों की सलाह पर अपनी पत्नी के सहारे महापौर बनने का ख्वाब अभी भी पाले हुए हैं। नगर निगम में अपनी समिति के सहारे पकड़ बनाकर कई समाजसेवियों की फौज और कार्यकर्ताओं को लेकर मेयरद्म बनने के दिवासप्न को पूरा करने में जुट गए हैं।



## तकदीर की मार

कहते हैं कि सारा खेल तकदीर का होता है। तभी तो खाकी महकमे के एक बड़े साहब की तकदीर ने जब तक उनका साथ दिया वह सत्ताशीर्ष पर बैठे हुक्मरानों की आंख का तारा बने रहे। अचानक उनकी तकदीर उनसे रूठी और वह उन्हीं लोगों की आंख की किरकिरी बन गए। कहां उम्मीद लगाए बैठे थे कि खाकी महकमे के मुखिया का ताज उनके सिर सजेगा और कहां एक ही झटके में साइड लाइन कर दिए गए। खाकी महकमे से इतर कानून का पालन कराने वाला एक दूसरा महकमा जब शासन के लिए फजीहत का सबब बना हुआ था तो ऐसे समय में बड़े साहब को उसका जिम्मा सौंपा गया। देखते ही देखते उन्होंने इस महकमे पर ऐसी नकेल कसी कि चारों ओर उनकी प्रशासनिक क्षमता की तारीफ होने लगी। उनका नाम भगवा सरकार के विश्वासपात्र अधिकारियों की लिस्ट में शामिल हो गया लेकिन यह तकदीर का ही खेल है कि उसी महकमे ने उनकी लुटिया भी डुबो दी। चार साल से लगातार जिस महकमे में शानो-शौकत के साथ अपना झंडा बुलंद किए हुए थे उसमें एक बाहुबली माफिया की काली छाया पड़ गई। उसके इशारे पर हुई एक घटना ने उनके महकमे की प्रतिष्ठा तार-तार कर डाली। बड़े साहब अपने कैडर में काफी सीनियर हैं और खाकी महकमे की खाली हो रही मुखिया की कुर्सी पर उनकी निगाह थी। ऐसा माना भी जा रहा था कि वह इसे हथियाने में सफल रहेंगे मगर हुआ उल्टा। इस घटना ने उनके सपने को चकनाचूर कर दिया और शासन ने बड़े साहब को एक महत्वहीन प्रकोष्ठ में भेज दिया है।

# दो वर्ष में हर मरीज को करना है टीबी की बीमारी से मुक्त: योगी

● सीएम ने कहा, गांव में हर शिक्षक एक टीबी मरीज का जिम्मा ले सरकार करेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सीएम** योगी ने कहा कि 2 वर्ष में हमें हर मरीज को टीबी से मुक्त करना है। इसके लिए बड़े कार्यक्रम चल रहे हैं। हो सके तो हर शिक्षक ग्राम समाज में एक टीबी मरीज की जिम्मेदारी ले, सरकार उन्हें सहायता देगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को स्कूल चलो अभियान-2023 तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए कुछ दवा के पैकेट आते हैं। वो दवा मरीजों को उपलब्ध कराने में मदद करें। रोगियों को मास्क लगाने के लिए, दवा लेने के लिए जागरूक करें। एक शिक्षक एक भी टीबी मरीज को बीमारी से मुक्त कराएगा तो बहुत बड़ा काम होगा। हमारे पास 6 लाख शिक्षक हैं, अगर वो इसे अभियान का हिस्सा बना लें तो देश के अंदर यह मॉडल बन जाएगा। इस बड़े अभियान को हमें अपने हाथ में लेना चाहिए। व्यापक जागरूकता ही इन बीमारियों से मुक्ति का माध्यम बनेगा। सीएम योगी ने प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और पूर्व छात्रों ने मिलकर एक.एक विद्यालय को गोद लिया। कुल 1.56 लाख विद्यालयों में 1.36 लाख विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प में हम बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्मार्ट क्लास और अन्य सुविधाओं से आच्छादित कर चुके हैं। शेष 20 हजार विद्यालय बचे हैं जिन्हें इस सत्र में इन कार्यक्रमों से जोड़ने का काम हो रहा है। अब एनसीआरटी का पाठ्यक्रम बेसिक शिक्षा परिषद अपना रहा है। मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति दर्ज हो रही है। निपुण भारत अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय, प्रत्येक ब्लॉक, प्रत्येक जनपद को निपुण घोषित करने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा प्रारंभ हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में हम क्वालिटी देने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में हमने 1.60 लाख शिक्षकों की नियुक्ति की है।

सीएम ने शिक्षकों को उनके दायित्व का भी बोध कराया। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान की शुरुआत के साथ ही हमारा दायित्व बनता है कि हर शिक्षक, हर प्रधानाध्यापक जिस वार्ड या ग्राम पंचायत में स्कूल है वहां के सभी मानिंदों के साथ बैठक करे, उनका सहयोग भी ले। अभिभावकों के साथ बैठक करें। अच्छा होगा कि घर-घर जाकर एक-एक घर की स्क्रीनिंग करें। ग्राम पंचायत की स्टडी करें। किस-किस सामाजिक, आर्थिक स्थिति में निवास करने वाले लोग हैं। उनका एक डाटाबेस तैयार करें। विद्यालय के पास अपनी ग्राम पंचायत का रिपोर्ट कार्ड होना चाहिए। हो सके तो बेसिक शिक्षा परिषद इसका एक पोर्टल तैयार करे और प्रत्येक विद्यालय से ये डाटाबेस ले। यह एक शिक्षक के लिए भी यह स्थानीय स्तर पर एक केस स्टडी होगी। इससे आप तय करेंगे कितने बच्चे स्कूल जा रहे हैं और कितने वंचित हैं। जो स्कूल जाने से वंचित हैं वो किन कारणों से वंचित है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उसी समय आधार ऑथेंटिकेशन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। सभी जिलाधिकारी सुनिश्चित करें कि एक नोडल अधिकारी तैयार करें जो बीएसए के साथ मिलकर हर विकास खंड और हर ग्राम पंचायत में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएं।

## संकट की घड़ी में किसानों के साथ खड़ी है सरकार

● सीएम योगी ने की असमय बरसात व ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में विगत दिनों प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश की अद्यतन स्थिति के संबंध में राजस्व विभाग के एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों का हित सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। विगत मार्च माह में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। विगत 24 घंटों में भी प्रदेश के 9 जनपदों में ओलावृष्टि की सूचना है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की संभावना है। इसके लिए सभी आवश्यक सतर्कता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा असमय बरसात, ओलावृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल प्रभावित हो, उसका आंकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने में देर न हो।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मौसम पूर्वानुमान के बारे में किसानों को समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मौसम विज्ञानियों की चेतावनियों के बारे में सुदूर गांव तक किसान को टीवी, अखबार व स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराएं। यह पूर्वानुमान 24-48 घंटे का हो। ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण यदि किसी भी प्रदेशवासी की दुखद मृत्यु होती है, मानव-वन्य जीव संघर्ष से कोई घायल होता है तो बिना विलंब किए तत्काल पीड़ित परिवार से संपर्क किया जाए। राहत आयुक्त स्तर से आपदा राहत कोष में पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## व्यापारियों को परेशान कर रही भाजपा सरकार: अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने कहा, जाति-धर्म देखकर मारे जाते हैं छापे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार व्यापारियों को परेशान कर रही है। व्यापारियों पर जाति-धर्म देखकर छापे मारे जाते हैं। सरकार के जिस विभाग को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए वहीं परेशान कर रहा है। व्यापारी पहले से ही जीएसटी और नोटबंदी से परेशानी में है। ऊपर से ये सरकार छापे मार कर व्यापारियों को प्रताड़ित कर रही है।

शनिवार को कानपुर दौरे के दौरान अखिलेश यादव ने कानपुर अग्निकाण्ड की घटना को दुखद बताते हुए कहा कि सरकार को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए। उनके साथ समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी रहे। अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि जातीय जनगणना होने से ही सभी जातियों को सामाजिक न्याय मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना हो और सभी जातियों में उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण मिले। भाजपा ओबीसी की दुश्मन है। जो रामराज्य की बात कर रहे हैं वह जातीय जनगणना क्यों नहीं कराना चाहते हैं यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। हर चीज के दाम बढ़ गए हैं। जनता परेशान है। बिजली के गलत बिल आ रहे हैं। भाजपा सरकार ने शहरों में न सफाई का कोई इंतजाम किया और न ही कूड़े के निस्तारण की समुचित व्यवस्था की है। केन्द्र और प्रदेश सरकार से जो सफाई के लिए बजट आया उसका भाजपा के लोगों ने क्या किया, शहरों में हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और बिजली का बिल महंगा देना पड़ रहा है। तालाबों पर कब्जा कर अवैध निर्माण करा रहे हैं। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी पर झूठे आंकड़े देती है। झूठ बोलती है। भाजपा महंगाई बेरोजगारी पर बात नहीं करना चाहती है। पिछले इन्वेस्टर समिट में सरकार ने जो दावा किया था वह जमीन पर नहीं उतरा। किसी को रोजगार नहीं मिला। अपना झूठ छिपाने के लिए भाजपा सरकार 200 करोड़ में एक अमेरिकी एजेंसी की मदद ले रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता दुखी है। लोकसभा में बड़ा परिवर्तन दिखाई देगा। भाजपा उत्तर प्रदेश में हारकर जाएगी। प्रदेश में भाजपा सरकार अन्याय कर रही है। बुलडोजर से कानपुर देहात में मां-बेटी की जान चली गई। कानपुर में ही पुलिस ने बलवंत सिंह की हत्या कर दी। इस परिवार को न्याय नहीं मिला है। स्थाई डीजीपी न होने की वजह से यूपी में पुलिस खुलेआम कर रही भ्रष्टाचार कानपुर देहात में एक कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेता स्वर्गीय सुखदेव पाल (मुन्ना पाल) की प्रतिमा के अनावरण के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थाई डीजीपी नहीं है, इसीलिए पुलिस खुलेआम अन्याय और भ्रष्टाचार कर रही है। इतना बड़ा उत्तर प्रदेश है, भाजपा यहां कार्यवाहक डीजीपी बनाती है। एक कार्यवाहक डीजीपी का कार्यकाल खत्म हुआ अब दूसरा कार्यवाहक डीजीपी लाई है। उन्होंने कहा कि इतनी भ्रष्ट सरकार और इतनी भ्रष्ट पुलिस और अधिकारी कभी नहीं थे।

## धरना-प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों व पुलिस के बीच नोकझोंक

● संविधान को कुचलने का कुचक्र रच रही है मोदी-योगी सरकार: आलोक प्रसाद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी कांग्रेस मुख्यालय पर लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ अभियान के तहत संयुक्त रूप से अनुसूचित जाति विभाग, पिछड़ा वर्ग विभाग तथा अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस द्वारा हजरतगंज स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन आलोक प्रसाद, पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव, तथा अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के चेयरमैन शाहनवाज आलम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय से प्रदर्शन करते हुए हजरतगंज बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल की ओर कूच किया तो उन्हें बीच रास्ते में ही बैरीकेड लगाकर योगी सरकार के पुलिस बल द्वारा बलपूर्वक रोका गया। जिस दौरान कार्यकर्ताओं तथा पुलिस बल के साथ नोक झोंक भी हुई, तदुपश्चात सभी कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गये और नेताओं द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया गया। अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन आलोक प्रसाद ने कहा कि आज केन्द्र की मोदी एवं राज्य की योगी सरकार द्वारा लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश एवं संविधान को कुचलने का कुचक्र रचा जा रहा है, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। आज हमारे नेता पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को निडरता व तथ्य के साथ सच बोलने की तथा जनता की आवाज बुलंद करने के कारण ही भाजपा सरकार ने तानाशाही रवैये को अपनाकर उनकी संसद सदस्यता रद्द कराने का कार्य किया है। हम कांग्रेसजन इससे डर कर बैठने वाले नहीं हैं, हम इस भ्रष्ट सरकार के जनविरोधी मामलों को हमेशा उठाते आयें है और भविष्य में भी प्रमुखता के साथ उठाते रहेंगे। हमें बाबा साहब के संविधान पर पूर्ण विश्वास है अत: हम जनता के हितों को देखते हुए सवाल तो उठाते ही रहेंगे।पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश चेयरमैन मनोज यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार उद्योगपति अडानी को बचाने के लिए लोकतंत्र की धज्जियां उडा रही है। संसद से लेकर सड़क तक हर जगह दमन के बल पर जनता की आवाज को दबाना चाहती है। राहुल गांधी द्वारा संसद में पूछे गए प्रश्न कि मोदी जी और अडानी के बीच में क्या सम्बन्ध है इस पर भाजपा पूरी तरह से बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की छवि को धूमिल करने के लिए देश के बड़े पूंजीपतियों के इशारे पर नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, ललित मोदी को पिछड़ा बताने का प्रयत्न किया जा रहा है जिसको इस देश की जनता भलि भांति पूर्वक समझ रही है जो पिछड़ों का सरासर अपमान है।

अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यकों का हर तरह से परेशान कर उनका राजनैतिक, सामजिक तथा आर्थिक शोषण कर रही है तथा भाजपा द्वारा उनके संवैधानिक अधिकारों को छीना जा रहा है।

## बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से 10 जिलों में एक लाख से अधिक किसान प्रभावित

**लखनऊ।** राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार प्रदेश में विगत 24 घंटों में आकाशीय विद्युत, डूबने तथा मानव वन्य जीवन द्वन्द्व से कुल 7 जनहानि हुई हैं। जनपद लखनऊ, गाजीपुर, हरदोई तथा वाराणसी में आकाशीय विद्युत गिरने से एक-एक जनहानि, जनपद बहराइच में डूबने से दो तथा जनपद लखीमपुर खीरी में मानव वन्य जीव द्वन्द्व से एक जनहानि हुई है। विगत 24 घंटों में प्रदेश के 9 जनपदों पीलीभीत, बरेली, सीतापुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, सोनभद्र, हमीरपुर, सम्भल तथा उन्नाव में ओलावृष्टि की सूचना प्राप्त हुई है। इन जनपदों में फसल क्षति का प्लॉटवार आंकलन कराया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 15 मार्च 2023 से अब तक हुए सर्वे में प्रदेश में हुई बेमौसम बारिश-ओलावृष्टि से 10 जनपदों में कुल 34137.52 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल तथा कुल 1 लाख 2 हजार 497 किसानों के प्रभावित होने की सूचना है। प्रभावित किसानों को कुल 5638.80 लाख रुपए देय हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 14 पीपीएस अफसरों के तबादले

● बीते शुक्रवार को डीजीपी मुख्यालय ने किया था 30 पुलिस उपाधीक्षकों का स्थानांतरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** का कार्यभार मिलते ही राजकुमार विश्वकर्मा ने पुलिस महकमे में फेरबदल प्रारंभ कर दिया है। बीते शुक्रवार को पुलिस उपाधीक्षक स्तर के 30 अधिकारियों का स्थानांतरण करने के बाद शनिवार को उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के 14 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए।

डीजीपी मुख्यालय की ओर से जारी किए गए आदेश के मुताबिक जिन अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए गए हैं उनमें प्रज्ञा मिश्रा को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया है। राहुल रूसिया को आजमगढ़ से अभिसूचना मुख्यालय, ज्ञानवती तिवारी को अभिसूचना वाराणसी से स्टाफ अफसर निदेशक सतर्कता, सत्यम को सतर्कता मुख्यालय से महोबा, मनोज कुमार को 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ से अभिसूचना वाराणसी, राकेश कुमार मिश्र को एसटीएफ लखनऊ से अपराध, बुलंदशहर भेजा गया है।

इसी तरह कमलेश बहादुर को बुलंदशहर से 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़, राहुल मिश्र को डीजीपी मुख्यालय से यातायात व प्रोटोकाल अयोध्या, अरुण कुमार दीक्षित को डीजीपी मुख्यालय से आजमगढ़, एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन में स्टाफ अफसर के पद पर तैनात वीरेंद्र कुमार को गाजियाबाद कमिश्नरेट, राजेंद्र कुमार गौतम को महोबा से स्टाफ अफसर एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन भेजा गया है। वहीं श्याम देव का गोरखपुर से पीटीसी सीतापुर किया गया स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है।

## अपनी सभी विशेषताओं को समग्रता से हाइलाइट करें: आनंदीबेन

### राज्यपाल ने एसजीपीजीआई की नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में बतौर कुलाध्यक्ष संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट, लखनऊ द्वारा नैक के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि एसजीपीजीआई प्रदेश का देश-विदेश स्तर पर विख्यात विशेष चिकित्सा संस्थान है। संस्थान अपनी संस्थागत सभी विशेषताओं को रिपोर्ट में समग्रता से हाइलाइट करे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा जगत एवं अकादमिक स्तर पर अन्यतम उपलब्धियां संस्थान अर्जित कर चुका है। उन उपलब्धियों को सूचीबद्ध करके नैक के क्राइटेरियावाइज बिंदुवार प्रस्तुतिकरण से जोड़ा जाए। राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण का बिंदुवार अवलोकन करते हुए हर गतिविधि पर अलग-अलग और विविधता वाले फ ोटोग्राफ लगाने और कैप्शन में विवरण अंकित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार की आवयकता है, संस्थान अपनी विशिष्ट चिकित्सा व्यवस्था के लिए विख्यात है। इसलिए डेटा को व्यवस्थित करें और प्रस्तुतिकरण में सुधार के लिए सूची बनाकर कार्य करें। राज्यपाल ने बैठक के दौरान कहा कि एसजीपीजीआई के चिकित्सकों द्वारा अपने चिकित्सा कार्यों से इतर अन्य कार्यों के सम्पादन में समयाभाव एक बड़ी बाधा है। तथापि संस्थान के बेहतर हित में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने इसी क्रम में नैक ग्रेडिंग की तैयारी के लिए गठित टीम में नए विद्यार्थियों को भी जोड़ने और उन्हें भी जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने प्रस्तुति में संस्थान की उपलब्धियों की चर्चा के दौरान भाषा-गठन के अभाव को भी लक्ष्य किया। समृद्ध भाषा गठन में प्रस्तुति तैयार करने का सुझाव देते हुए उन्होंने इसके लिए अन्य विश्वविद्यालयों के भाषा शिक्षकों से सहयोग पर विचार करने को कहा। क्राइटेरिया छह और सात के प्रस्तुतिकरण में पूर्ण बदलाव करने के निर्देश के साथ राज्यपाल ने क्राइटेरिया दो का पुनर्लेखन करने को कहा। उल्लेखनीय है कि संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट आयुर्विज्ञान संस्थान पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ग्रेडिंग नैक के लिए अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी कर रहा है जबकि संस्थान को पूर्व से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में उल्लेखनीय स्थान हासिल हैं। बैठक में एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन के नेतृत्व में संस्थान की नैक के लिए गठित टीम के सदस्यों ने बिंदुवार प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 2 अप्रैल, 2023



# 'आठ लाख छात्र-छात्राओं में बाटी गईं निशुल्क पाठ्य पुस्तकें

**संवाददाता।** सीतापुर

- नए शिक्षा सत्र के पहले दिन स्कूल चलो अभियान की हुयी शुरुआत
- जिले को प्राप्त हुयी 27 लाख पाठ्य पुस्तकें, 33 लाख पाठ्य पुस्तकों की जरुरत
- 17 लाख कार्य पुस्तिकाएं भी चाहिए जनपद को, बेसिक स्कूलों मे पंजीकृत हैं करीब 6 लाख बच्चे

**स्कूल** चलो अभियान के साथ ही नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ हो गया। नए सत्र के शुभारम्भ पर पहले दिन करीब 8 लाख छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। यह पहला मौका है जब सीतापुर में नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत के मौके पर इतनी पाठ्य पुस्तकें छात्र-छात्राओं को दी गयी। विगत वर्ष पर नजर डाले तो शैक्षिक सत्र का करीब आधा सत्र बीत गया था फिर भी सभी छात्र-छात्राओं तक पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंच पायी थीं। अधिकतर नौनिहालों को पुरानी किताबों से ही पढ़ाई करनी पड़ी थी। सीतापुर में लगभग 33 लाख पाठ्य पुस्तकों और 17 लाख कार्य पुस्तिकाओं की जरुरत है। अब तक जिले में 27 लाख पाठ्य पुस्तकें आई हैं। जिले के बेसिक स्कूलों में करीब 6 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। जिन्हें पाठ्य पुस्तकें और कार्य पुस्तिकाएं वितरित की जानी है। उच्च प्राथमिक विद्यालय थानगांव में नवीन शैक्षिक सत्र के शुभारम्भ पर बच्चों को निशुल्क पुस्तकें वितरित की गयी। परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनधि अवधेश चौहान व विशिष्ट अतिथि एसओ थान गांवअजय कुमार रावत ने पुस्तकों का वितरण किया कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती-पूजन से हुयी। उत्तम विद्या मंदिर के प्रबंन्धक उत्तम सिंह प्रधानाध्यापक अखिलेश सिंह शिक्षक कुलदीप जयसवाल, कुलदीप कौर, भानु प्रताप सिंह, पंकज गुप्ता मौजूद रहे। ब्लाक परसेंडी के कम्पोजिट विद्यालय परसेंडी में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख परसेंडी राजेंद्र राजवंशी ने निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मोदी योगी की डबल इंजन सरकार में शिक्षा सत्र शुरू होते ही निशुल्क पाठ्य पुस्तकें बाटी जा रही हैं जबकि पूर्ववर्ती सरकारों में सत्र बीत जाता था बच्चों को पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल पाती थीं। कार्यक्रम में प्रधान अनूप सिंह, संजय वर्मा, मनोज त्रिवेदी, प्रधानाध्यापक विजय प्रकाश, शिक्षिका सीमा रानी, ओमेन्द्र सिंह, साधना बाजपेई, आरती मिश्रा, अरुणेश शुक्ला, सपना वर्मा, शम्भूनाथ गहलोत, विजय कश्यप शबीना, जमीन मोहम्मद, संजय यादव, जितेन्द्र कुमार, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, मोहम्मद अनीष मौजूद रहे। विकास खंड रामपुर मथुरा के प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर नहरवल में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगा, माला पहना कर स्वागत किया गया। पहले दिन पुस्तकें मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। विगत सत्र में अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बच्चों ने पीटी का प्रदर्शन किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नवीन पटेल राजकुमार मौर्य, राममनोरथ अवस्थी, जंगबहादुर यादव मौजूद रहे। ब्लाक कसमंडा में निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण की शुरुआत ब्लाक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी ने की। प्राथमिक विद्यालय चौड़िया प्रचीन में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, प्रधानाअध्यापक अनूप शुक्ला की उपस्थिति में नोडल शिक्षिका उमा यादव ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर सूर्य प्रताप सिंह, विमला यादव, अंजू शुक्ला, फूल कुमारी व अभिभावक मौजूद रहे। लहरपुर तहसील क्षेत्र के ब्लाक बेहटा अतंर्गत कम्पोजिट विद्यालय तंबौर देहात में पुस्तक वितरण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बेहटा यशवंत सिंह की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापक विजय प्रताप सिंह, एस पी सिंह, ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद, एस एम सी अध्यक्ष आशाराम, शिक्षक वफाउल्ला खान, राजेश वर्मा, डा इंद्रसेन सिंह, राहुल रघुवंशी, सुशील पांडेय, कमला कांत अरविंद कुमार, कुलदीप दिनकर, शिक्षामित्र आराधना सिंह अनुदेशक शाराफत अली, मुकेश वर्मा, जीनत, मंजू, आदि मौजूद रहे। सीतापुर के परिषदीय विद्यालयों में करीब आठ लाख छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें शिक्षा सत्र के पहले दिन वितरित की गयी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अबतक 27 लाख पाठ्य पुस्तकें आ चुकी हैं। करीब 33 लाख पाठ्य पुस्तकों और 17 लाख कार्य पुस्तिकाओं की जरुरत है। कार्य पुस्तिकाओं का वितरण बाद में किया जाएगा। बेसिक स्कूलो में लगभग 6 लाख बच्चें पंजीकृत है। जिन्हें पाठ्य पुस्तकें और कार्यपुस्तिकाएं वितरित की जानी हैं।

# बेमौसम बारिश,ओलावृष्टि ने तोड़ दी किसानों की कमर

**संवाददाता।** सीतापुर

**शुक्रवार** रात हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानो की कमर तोड़ दी है। मार्च माह में दूसरी बार बारिश के साथ इस कदर ओले गिरे की किसानों का गेहूँ, सरसों, चना, मटर मसूर आदि फसलों सहित सब्जियों को पचास फीसदी से अधिक नुकसान पहुँचने का अनुमान है। आम बागवानों के अरमानों पर भी पानी फिर गया। समूचे जनपद में 27 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गयी जिसमें सर्वाधिक तहसील सिधौली में 10 मिलीमीटर एवं सदर व मिश्रिख क्षेत्र में 2 मिलीमीटर वर्षा हुई। अलावा महमूदाबाद 6 मिलीमीटर, बिसवां में 4 मिलिमीटर, महोली में 3 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गयी जबकि लहरपुर तहसील क्षेत्र में निल रही। बेमौसम बारिश और किसानों पर बज्रपात सरीखी हुई ओलावृष्टि से किसानों की किन फसलों को नुकसान पहुँचा है इसके लिये आइ इंडिया ने मिश्रिख, सकरन, कुतुबनगर क्षेत्र के किसानों से बातचीत की तो उनका जो दर्द छलक आया। सीतापुर में 2 लाख 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहूँ, 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में सरसों, 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में मसूर, 2 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में मटर, 700 हेक्टेयर क्षेत्रफल में जंव और 550 हेक्टेयर क्षेत्रफल में चना की बुआई किसानों ने की थी। अब जब फसल पक कर तैयार थी तो रुठे इन्द्र देव ने अन्नदाता के अरमानों पर पानी फेर दिया। जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार ने बताया कि फसलों के नुकसान का सर्वे कराया जाएगा। ओलावृष्टि और बारिश से लगभग 25 फीसदी नुकसान हुआ होगा। फसलों के नुकसान का मुआवजा उन्हीं किसानो को मिलेगा। जिन्होनें अपनी फसलों का बीमा करा रखा है।

# स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक साथ आरंभ

- केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ
- शहर से गुजरी जागरूकता रैली

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**शनिवार** को कलेक्ट्रेट से स्कूल चलो अभियान - 2023 तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भव्य आगाज हुआ। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्माए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। इस जन जागरूकता रैली में डॉ हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर का स्कूली बैंड ने न केवल शानदार प्रस्तुति दी बल्कि पूरी रैली में आकर्षण का केंद्र रहा। इस रैली में 11 परिषदीय विद्यालय 06 नगर क्षेत्र, 05 लखीमपुर ग्रामीण के नौनिहाल हाथों में तख्तियां लिए शामिल हुए। इस जागरूकता रैली में आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम, स्वच्छता दूत भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। यह रैली जागरूकता नारों का उद्घोष करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस मौके पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता एसीएमओ डॉ अश्वनी डाइट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडे, ईओ संजय कुमार, सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अभिभावक व उनके शिक्षक मौजूद रहे। लखनऊ में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव स्ट्रीमिंग हुई। सीएम के उद्बोधन को जनप्रतिनिधियोंए अफसरोंए बच्चों व उनके अभिभावकोंए शिक्षकों ने देखाए सुना। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संविलियन विद्यालय सलेमपुर की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। पीएस मिदनिया के बालिका प्रिया ने भी वंदना गाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों प्रमुख अभियानों का सफल क्रियान्वयन हो, भविष्य में उनके अच्छे परिणाम प्राप्त हों, इसके लिए डीएम और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने नई शिक्षा नीति में प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक किए गए प्रावधानों का जिक्र किया। नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा, उचित उम्र में शिक्षा को भी प्रावधानित किया गया है। शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं। मैं भाग्यशाली हूं कि यहां अच्छे अफसरों की टीम मिली है। लखीमपुर में निरंतरता के साथ टीम भावना से अच्छे प्रयास हुए हैं। राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने वाले बधाई के पात्र है। नौनिहालों को आशीर्वाद देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी बच्चों को भगवान खूब पढ़ाए और पढ़ा लिखा कर देश का ऐसा नागरिक बनाएए जो दुनिया के किसी कोने में जाकर भारत के लिए सम्मान अर्जित करें। डीएम ने सम्बोधन की शुरूआत इन प्रेरणादायी पंक्तियों से की कि न पूछो कि मेरी मंजिल कहां है अभी तो सफर का इरादा किया है न थकेगें न झुकेंगे ऐसा हमने अपने बच्चों से वादा किया है। उन्होंने बच्चों को नए शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीएमओ ने बच्चों, अभिभावकों सहित अधिकारी कर्मचारियों के संग शपथ ली कि संचारी रोगों जैसे- मलेरिया, फाइलेरिया, एईएस, जेई, स्क्रब टाइफस, डेंगू, चिकनगुनिया, लेप्टोस्पायरोसिस, कालाजार इत्यादि रोकने के लिए हम हर सम्भव प्रयास करेंगे।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारम्भ

**संवाददाता।** सीतापुर

**स्कूल** चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ करने पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह ने आवाहन किया कि हम सभी का प्रयास हो कि भारत देश सोने की चिड़िया बनें और हमारा जनपद सीतापुर शीर्ष पर पहुंचे। मंत्री ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि भारत देश ने कम संसाधनों में कोविड का सामना किया। जिसकी सराहना विश्व की अनेक संस्थाओं ने की है। उन्होंने बीमारियों के खिलाफ मिलकर लड़ने का आवाहन करते हुए कहा कि बीमारी कोई जाति देखकर नहीं आती मच्छर किसी को भी काट सकता है। कहा कि आजादी के सौवें साल यानि 2047 वें साल में हमें विकासशील से विकसित देश का सफर तय करना है। बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने कहा इस अभियान को सफल बनाने में आम जन को भी एकजुट होना पड़ेगा तभी हम अशिक्षा को दूर कर शिक्षा की ज्योति जला सकते हैं। जब विद्या की ज्योति जलेगी तो बीमारी से मुक्त भी हम लोग होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने कहा बच्चे हमारे देश का गौरव है वह हमेशा सक्रिय रहते हैं बस उन्हें सही मार्ग की जरुरत होती है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे की चित्र पर दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण से हुयी।

कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। बालिकाओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर मनमोहा। पपेट शो के माध्यम से संचारी रोग से बचाव के प्रति जागरुक करते हुए अपर्णा कटियार और भावना पाल ने शानदार प्रस्तुति दी। निपुण भारत अभियान को सफल बनानें के लिए बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया और शपथ भी ली। इस मौके पर प्री प्राइमरी संदर्शिका निपुण तालिका बालवाटिका का विमोचन मंत्री, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपदीय अधिकारियों ने किया। अधिकतम अंक पाने वाले छात्रों को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र शमीम, मोहम्मद हुसैन, सादिया, हिमाशुं गुप्ता, सोनम, अभिषेक, इलमा सुमैया, अश्मा का भी सम्मान हुआ। स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ करने के बाद जिले के प्रभारी मंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह ने शिवथाना स्थित गौशाला का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होनें गौ माता का पूजन अर्चन करते हुए गुड़ और चना खिलाया इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने निर्देश किया कि गौशाला में पर्याप्त पौधे लगाए जाए ताकि पशुओं को पेड़ो की छावं मिल सके।

# संचारी रोग और दस्तक के संबंध में हुई बैठक

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**संचारी** रोग और दस्तक के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक कार्यालय में हुईए जिसमें 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान ग्रामीण क्षेत्र में आशा और आंगनबाड़ी के माध्यम से चलाया जाऐगाए इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 252 टीमे ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई गई हैए जिसमें प्रधान के माध्यम से सफाईए छिड़काव कराने का निर्देश दिऐ गये हैएवही नगर क्षेत्र में दिमागी बुखार सहित अन्य बीमारियों पर नियंत्रण के लिए सफाई के साथ.साथ मलेरिया से बचने के लिए सफाई छिडकाव कराने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया गया है। बैठक में अधीक्षक डॉ मयंक मिश्रा , बीएमसी सरिता गंगवार एशिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ,वरिष्ठ फार्मासिस्ट डॉक्टर सुशील शुक्ला, बीएसपीएम प्रेम कुमार वर्मा डॉक्टर अजय कुमार गुप्ता, सभासद फरीद खा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कामयाबी की उड़ान में बाधा नहीं बनेगी दिव्यांगता

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**पैरों** से दिव्यांगों को अब हाथ से ट्राइ साइकिल नहीं खींचनी होगी। दिव्यांगों की राह अब आसान हो जाएगी। शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान मे पलिया तहसील में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने आठ दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और हेलमेट का उपहार दिया। यह ट्राईसाइकिल मोटर से चलेगी। शनिवार को पलिया तहसील क्षेत्र के आठ दिव्यांगजनों को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल की सौगात दी। साथ ही उनका हौसला भी बढ़ाया। इस अवसर पर दिव्यांगजन के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल के साथ.साथ एक एक हेलमेट और लंच बॉक्स भी प्रदान किया।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने कहा कि सरकार सभी के लिए काम कर रही है चाहे वह गरीब हो मजदूर हो या दिव्यांग हो। सरकार हमेशा बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों के लिए काम कर रही है। प्रदेश.केंद्र सरकार ने दिव्यांगों को भी आम व्यक्ति की तरह ही समानता का दर्जा देकर उनके लिए भी योजना लागू की हैं। यह छोटा सा उपहार आपके जीवन को थोड़ा सा सरल बना देगा। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याएं भी सुनीं। योजना से वंचित पात्रों को मोटर ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल आपके जीवन में सुलभता लाएगी।सरकार लगातार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम कर रही। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के जरिए लगातार दिव्यांगजनों के सफर को सुगम बनाने के लिए संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है।

# नई शिक्षा नीति करेगी विकसित भारत का निर्माण

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नए नवीन शिक्षा सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति भारत के स्वार्णिम भविष्य का देवतक है। इससे नई पीढ़ी को बहुत लाभ पहुंचने वाला है। उन्होंने संचारी रोग अभियान का भी सीएचसी से शुभारंभ किया। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ग्राम तिलुइयां कलां के प्राथमिक विद्यालय से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंनें कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने जमीनी स्तर पर जाकर काम किया है। जिसके कारण तमाम योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचा है जबकि पूर्ण सरकारों में योजनाओं की मात्र घोषणाएं होती थीं और कुछ दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों के बाद उन योजनाओं का कहीं कोई पता नहीं चलता था। उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने नवीन विकसित भारत के निर्माण के लिए ही देश में नई शिक्षा नीति लागू कराई है और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यानाथ इस योजना को सारे प्रदेश में जमीनी स्तर पर लागू करा रहे हैं। श्री पाठक ने इस अवसर पर मेधावी बच्चों को पुरस्कार देने के साथ साथ नवीन शैक्षिक सत्र की पाठ्य पुस्तके भी वितरित कीं। इस अवसर पर एमएलसी अशोक अग्रवाल, एमएलए अलका अर्कवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष सौरव मिश्रा, जिलाधिकारी एमपी सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ0 विनीता, खण्ड शिक्षाधिकारी संडीला समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्रामीणजन मौजूद रहे।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इसके बाद संचारी रोग अभियान का शुभारंभ करने के लिए सीएचसी पहुंचे। यहां सीएचसी प्रभारी डॉ0 शरद वैश्य और उनकी टीम ने मंत्री जी का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ0 शरद वैश्य ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दसतक अभियाान शुरू किया जाएगा और लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने के अलावा बुखार, इन्फ्लुएंज़ा, टीबी से पीड़ित रोगियों तथा कुपोषित बच्चों का सूचिकरण किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ गांव गांव जांएगी। अपने संबोंधन में श्री पाठक ने कहा कि मच्छरों से बचाव के लिए हमे जागरूक रहकर ही संचारी रोगों से मुक्ति मिल सकती है। हमें अपने परिवेश को साफ सुथरा रखने के साथ कहीं भी जलभराव नहीं होने देना है। अपने कूलर, फ्रिज, ट्रे और गमलों की सफाई भी हमें सप्ताह में एक दिन अवश्य करनी चाहिए। श्री पाठक ने इस अवसर पर लोगों को शपथ भी दिलाई कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे। पाठक ने इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डॉ0 शरद वैश्य द्वारा सीएचसी के सुंदर संचालन और जन उपलब्धता के लिए उन्हें शाबाशी भी दी।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को खीरी की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित हुआ। वही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोकसभागार में 'संपूर्ण समाधान दिवस' आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य रूप से एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर डीएम-एसपी गणेश प्रसाद साहा ने फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि पूरी संवेदनशीलता के साथ गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमली जामा पहनाया जाय।

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./302/2021
ईएक्सएच. नंबर : 13268
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
श्री अमन यादव
सेवा में,
(1) श्री अमन यादव डी/डब्ल्यू/एस/ओ- श्री अमर सिंह पुत्र श्री अमर सिंह यादव, निवासी फ्लैट नंबर 303 तृतीय तल, सिग्नेचर स्टेडिया टावर, 10, सीएचडी वन सेक्टर 71, गुरुग्राम-122001, हरियाणा
अन्य पता
श्री अमन यादव पुत्र श्री अमर सिंह यादव निवासी मकान नंबर ए 3, 301, अकलीन गार्डन, भिवाड़ी, अलवर-301019, राजस्थान, अलवर, राजस्थान-301019
(2) श्रीमती मानसी यादव पत्नी श्री अमन यादव, फ्लैट नंबर 303 तृतीय तल, सिग्नेचर स्टेडिया टावर, 10, सीएचडी वन सेक्टर-10, गुरुग्राम, हरियाणा
अन्य पता
एच नंबर ए 3 01 अकलीन गार्डन भिवाड़ी अलवर, राजस्थान
(3) मैसर्स सीएचडी डेवलपर्स लिमिटेड
एसएफ 16-17, प्रथम तल, मैडम भीकाजी कामा भवन, 11 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली, दिल्ली
सम्मन
जबकि, ओए/302/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 27-09-2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 96,35,622/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 26-04-2023 को पूर्व. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश होने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29-09-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2) प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./637/2020
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन ईएक्सएच. नंबर : 13131
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
दानिश जमाल
सेवा में,
(1) दानिश जमाल डी/डब्ल्यू/एस/ओ- श्री खुर्शीद जमाल श्री दानिश जमाल पुत्र श्री खुर्शीद जमाल, निवासी एच. नंबर डब्ल्यू1सी, वेलिंगटन एस्टेट, डीएलएफ सिटी, फेज-5, गुरुग्राम-122002, हरियाणा, गुरुग्राम, हरियाणा
अन्य पता :-
श्री दानिश जमाल पुत्र श्री खुर्शीद जमाल निवासी बी-00-0094, एम्बिया लोर्स, वाइल्ड फ्लोर कंट्री, गुरुग्राम-122005, हरियाणा गुरुग्राम, हरियाणा- 122005
(2) श्री अख्तर जमाल पुत्र श्री खुर्शीद जमाल, निवासी एच. नंबर डब्ल्यू1सी, वेलिंगटन एस्टेट, डीएलएफ सिटी, फेज-5, गुरुग्राम-122002, हरियाणा
अन्य पता :-
श्री अख्तर जमाल पुत्र श्री खुर्शीद जमाल, निवासी बी-00-0094, एम्बिया लोर्स, वाइल्ड फ्लोर कंट्री, गुरुग्राम-122005, हरियाणा गुरुग्राम, हरियाणा- 122005
(3) श्री अजरा जमाल पुत्र श्री खुर्शीद जमाल, निवासी एच. नंबर डब्ल्यू1सी, वेलिंगटन एस्टेट, डीएलएफ सिटी, फेज-5, गुरुग्राम-122002, हरियाणा
अन्य पता :-
प्रतिवादी सं. 1 से 3 तक का दूसरा पता :- निवासी बी-00-0094, एम्बिया लोर्स, वाइल्ड फ्लोर कंट्री, गुरुग्राम-122005, हरियाणा
सम्मन
जबकि, ओए/637/2020 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 16-09-2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,22,54,195/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 17-04-2023 को पूर्व. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश होने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 27-09-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./356/2021
ईएक्सएच. नंबर : 13236
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
सुरिन्दर नाथ चौधरी
सेवा में,
(1) सुरिन्दर नाथ चौधरी डी/डब्ल्यू/एस/ओ- श्री जोगिन्दर लाल पुत्र श्री सुरिन्दर नाथ चौधरी, निवासी फ्लैट नंबर सी- 051, प्रथम तल, रहेजा रेवान्ता, टावर सी, ग्राम शिकोहपुर, सेक्टर-78, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा
(2) श्री गौरव चौधरी पुत्र श्री सुरिन्दर नाथ चौधरी, निवासी फ्लैट नंबर सी-051, प्रथम तल, रहेजा रेवान्ता, टावर सी, ग्राम शिकोहपुर, सेक्टर-78, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, अन्य पता - श्री सुरिन्दर नाथ चौधरी पुत्र श्री जोगिन्दर लाल निवासी मकान नंबर 5, के सी मैन्सन्स, निकट ए.जी. कार्यालय, शक्ति नगर, जम्मू-180001 (जे एवं के) अन्य पता - श्री गौरव चौधरी पुत्र श्री सुरिन्दर नाथ चौधरी निवासी मकान नंबर 5, के सी मैन्सन्स, निकट ए.जी. कार्यालय, शक्ति नगर, जम्मू-180001 (जे एवं के)
(3) श्री अर्जुन चौधरी पुत्र श्री सुरिन्दर नाथ चौधरी, निवासी फ्लैट नंबर सी-051, प्रथम तल, रहेजा रेवान्ता, टावर सी, ग्राम शिकोहपुर, सेक्टर-78, गुरूग्राम-122001, हरियाणा, अन्य पता - श्री अर्जुन नाथ चौधरी पुत्र श्री सुरिन्दर नाथ चौधरी, निवासी मकान नंबर 5, के सी मैन्सन्स, निकट ए.जी. कार्यालय, शक्ति नगर, जम्मू-180001 (जे एवं के)
(4) मैसर्स के.सी. होटल्स (प्रा.) लिमिटेड, निवासी रेजीडेंसी रोड, वीर मार्ग, जम्मू-180001 (जे एवं के) इसके कार्यकारी निदेशक के माध्यम से अन्य पता - मैसर्स के.सी. होटल्स (प्रा.) लिमिटेड, निवासी मकान नंबर 5, के सी मैन्सन्स, निकट ए.जी. कार्यालय, शक्ति नगर, जम्मू-180001 (जे एवं के)
(5) मैसर्स रहेजा डेवलपर्स लिमिटेड, निवासी डब्ल्यू 4 डी, 204/5, केशव कुंज, करियप्पा मार्ग, वेस्टर्न एवेन्यू, सैनिक फार्म्स, नई दिल्ली-110062 इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से
सम्मन
जबकि, ओए/356/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 27-09-2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,52,57,886/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 26-04-2023 को पूर्व. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश होने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29-09-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन से मिलती है राष्ट्र की रक्षा और सम्मान की सीखः डॉ मोहन भागवत

**संवाददाता।** चित्रकूट



- व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए देश को आहत करने के बारे में कभी नहीं सोचना चाहिए
- संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति का अनावरण
- भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन कर जगद्गुरु रामभद्राचार्य से की भेंट

**वीरांगना** रानी दुर्गावती के शौर्य एवं पराक्रम के कारण इस क्षेत्र को स्पर्श करने में आक्रांताओं को दो से तीन दशक तक का समय लग गया। रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली से प्रभावित यहां के लोगों ने आपस के विवादों से दूर रहकर विदेशियों से सतत संघर्ष किया। यहां के लोगों ने अपने छोटे-छोटे व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए कभी भी देश का अहित करने को नहीं सोचा इस आशय के विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन राव भागवत ने शनिवार को जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र मझगवाँ -सतना में स्थित महर्षि वाल्मीकि परिषर दीनदयाल शोध संस्थान में नव स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहनराव भागवत के साथ मंच में मण्डला के दिगंबर स्वामी मदन मोहन गिरी महाराज, दीनदयाल शोध संस्थान के अध्यक्ष वीरेन्द्र पराक्रमादित्य, सामाजिक कार्यकर्ता,चूडामणि सिंह, बुद्धा मवासी, बेटाई काका (नानाजी देशमुख के सहयोगी कार्यकर्ता), रामराज सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता), दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन रहे। सरसंघचालक डॉ भागवत ने अपने उद्बोधन के दौरान रानी दुर्गावती के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी दुर्गावती के जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए कि राष्ट्र की रक्षा और राष्ट्र का सम्मान सर्वोपरि होता है, व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए देश को आहत करने के बारे में कभी नहीं सोचना चाहिए। राष्ट्र के विकास में समाज के सभी वर्गों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन प्रसंगों से जुड़ी अनेक हृदयस्पर्शी बातों को बताते हुए डॉ भागवत ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के विषय में, उनकी शौर्य गाथा और उनके पराक्रम से सभी परिचित हैं। दीनदयाल शोध संस्थान के इस परिसर में रानी दुर्गावती की प्रतिमा लगाने से उनकी छवि जनमानस में निरंतर उभरती रहेगी और लोग उनकी सद्प्रेरणा से सदैव प्रेरित होते रहेंगे। डॉ मोहन भागवत ने वीरांगना रानी दुर्गावती के कौशल को बताते हुए कहा कि वह प्रजाप्रिय एवं प्रजा की हितैषी तथा न्याय पालक थीं। उन्होंने विधवा होने के बाद व्यक्तिगत दुख में अपने को नहीं धकेला बल्कि अपनी प्रजा के कल्याण एवं प्रजा के हित में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, जिसका परिणाम यह रहा कि आक्रांताओं को इस क्षेत्र में कब्जा पाने के लिए 20 से 30 वर्षो की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

## झंडी दिखा रामलला दर्शन के लिए रवाना की तीर्थयात्री बस

**फतेहपुर।** युवा विकास समिति वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों के लिए श्रवण कुमार बन गई। रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्री बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि वृद्ध जन हमारे परिवार की शोभा, ज्ञान के भंडार रुपी धरोहर होते हैं। जीवन के विपरीत हालातों में वे हमें अपने जीवन अनुभव का लाभ प्रदान करते हैं। मगर व्यस्त जीवन में आजकल की संतानें अपने बूढ़े माँ बाप की सेवा या सम्मान का ख्याल नहीं करते है जिस कारण उन्हें दर दर की ठोकरे खाने के लिए विवश होना पड़ता है। जिनके चेहरे में मुस्कान लाने के लिए संगठन द्वारा यह पहल चलाई जा रही है। संगठन प्रमुख संजय दत्त ने बताया कि इससे पहले संगठन ने दो सैकड़ा वृद्धों को देवाशरीफ जियारत, कामनानाथ व काशी विश्वनाथ दर्शन के लिये बस भेजी थी। सभी वृद्धजनों को यात्रा समिति नि:शुक्ल करा रही है। यात्रा पर जाने वाली रामकली, सुरेश, गणेश शंकर ने बताया कि 60 वर्ष होने के बाद भी हम आज तक शहर के बाहर नहीं गए, समिति द्वारा हमें रामलला दर्शन के लिए लेकर जाया जा रहा है।

# सटोरियों का करोड़ों का कारोबार, बेफिक्र पुलिस

**संवाददाता।** फतेहपुर

- आईपीएल की शुरुआत होते ही सट्टा का खेल परवान चढ़ा
- विदेशी धरती पर प्रीमियर लीगों पर भी सट्टा लगाने से पीछे नहीं हैं बुकी

**वैसे** तो फतेहपुर जिला लंबे समय से सटोरियों का हब रहा है। पहले देश में और अब विदेशी धरती पर होने वाले प्रीमीयर लीगों में करोड़ों का सट्टा यहां खेला जाता है।आईपीएल की शुरुआत हुई तो मानो सटोरियों के लिए पैसा कमाने का खजाना हांथ लग गया हो। सीएसके एवं गुजरात टाइटंस के बीच हुए शुरुआती मुकाबले यहां बैठे सटोरियों ने 4 करोड़ से अधिक रुपए इधर से उधर कर दिए। बुकियों के फैले जाल को काट पाने में फिलहाल पुलिस नाकाम रही है। एक दर्जन से अधिक शहरी क्षेत्र में बैठकर दांव लगाने वाले सटोरियों तक खाकी का ना पंहुचना भी कई सवाल खड़ा कर रहा है? कई स्थापित बुकियों के पुलिस से गहरे संबंध है और खबर है कि इन्हीं के चलते इनका जाल धीरे-धीरे इतना मजबूत हो गया कि इसे काटने में खाकी नाकाम रही। हालात यह हैं कि जिले के बुकियों ने पाकिस्तान और दुबई में बैठे सटोरियों से अपने तार जोड़ रखे हैं।

आईपीएल की शुरुआत होते ही सटोरियों ने बड़ा खेल शुरू कर दिया। हर मैच में करोड़ों रुपए के लगने वाले दावों से कितने मालामाल हो रहे हैं तो ना जाने कितनों का बेड़ा गर्क हो रहा है। खागा,बिंदकी जैसे कस्बों की बात कौन करे अकेले शहरी क्षेत्र के उत्तरी गौतम नगर, गाजीपुर बस स्टॉप, पनी, सैय्यदवाड़ा, जयराम नगर, ज्वालागंज, मुराईनटोला, लाला बाजार, आईटीआई रोड, पटेल नगर व नासिरपुर सहित एक दर्जन से अधिक जगहों में सट्टे का कारोबार किया जा रहा है। क्रिकेट लाइन गुरु के जरिए बुकी हर गेंद, 4, 6 रन, विकेट, खाली गेंद सहित सेशन में सट्टा लगाकर करोड़ों इधर से उधर कर रहे हैं।

सटोरियों के चर्चे कुछ इस तरह से हैं कि इनके नाम लोगों की जुबान पर रखे हुए हैं। मजेदार बात यह है कि सट्टा का यह कारोबार केवल जिले तक ही सीमित नहीं है बल्कि कानपुर नगर,दिल्ली,मुंबई,बंगलुरु के अलावा पाकिस्तान एवं दुबई में बैठे बुकियों से इनके तार जुड़े हैं। खेल सात समंदर पार तक चल रहा है और वह भी बेफिक्री के साथ जिसे ना तो पुलिस और ना ही स्थानीय खुफिया तंत्र इनके तार जोड सका है। खबर तो यह भी है कि पुलिस की सटोरियों पर मेहरबानी के पीछे मिलने वाली सौगातें हैं जिनके चलते खाकी इन पर हांथ डालने से बचती रही है। सटोरिए इतने चालाक हैं कि अपने धंधे को चमकाने के लिए उन्होंने दिखाने के लिए अपने चोले बदल रखे हैं जिससे अगर उन पर दबाव बने तो वह अपना बचाव कर सकें। हलांकि ऐसे लोग सट्टा के खेल में बदनाम चेहरे हैं जिनके नाम बच्चे-बच्चे की जुबान पर है। सट्टा के खेल का मामला श्कमांडरश् तक जा पहुंचा है। अब देखना यह है कि सटोरियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस क्या रणनीति बनाती है? फिलहाल यहां सट्टे का कारोबार बेखौफ फल-फूल रहा है।

# विधायक ने किया स्कूल चलो कार्यक्रम व नि:शुल्क पुस्तक वितरण का शुभारंभ

**संवाददाता।** फतेहपुर



**स्कूल** चलो कार्यक्रम व नि:शुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अयाह-शाह विकास गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में ब्लाक संसाधन केंद्र-शाह (बहुआ) के परिसर में किया गया। शिक्षा का अधिकार पाएंगे-स्कूल पढ़ने जाएंगे, के आवाहन के साथ विधायक द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय शाह द्वितीय के बच्चों की श्स्कूल चलो रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। विधायक ने बेसिक शिक्षा के अंतर्गत उप्र सरकार की विभिन्न योजनाओं यथा-मिशन कायाकल्प, नामांकन, डीबीटी इत्यादि पर विस्तृत विचार व्यक्त किएयसाथ ही विकास खण्ड बहुआ में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा योजनाओं के प्रभावी अमलीकरण किये जाने की प्रशंसा भी की। खण्ड शिक्षाधिकारी हौसिला प्रसाद ने आउट ऑफस्कूल बच्चों को विशेष अभियान के तहत शतप्रतिशत नामांकन कराये जाने, नि:शुल्क पुस्तकों का अविलम्ब वितरण कराये जाने, विद्या-प्रवेश के अंतर्गत कक्षा 01 के बच्चों को 12 सप्ताह तक स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के तहत गतिविधि आधारित शिक्षण प्रदान किये जाने आदि विन्दुओं पर प्रेरक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

## वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय में परीक्षाएं नकलविहीन सम्पन्न

**राजापुर( चित्रकूट )।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कस्बे के वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय में चौथे दिन शासन के मंशानुरूप नकल विहीन परीक्षाएँ सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में चल रही हैं। वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय के प्राचार्य व केंद्राध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाओं में शनिवार के दिन बीएससी तृतीय सेमेस्टर भौतिक विज्ञान व वनस्पति विज्ञान तथा बीए तृतीय सेमेस्टर भूगोल में 32 छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहीं तथा कोई भी छात्राएँ अनुपस्थित नहीं रहीं और शासन के मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षाएँ तथा सीसीटीवी कैमरे की कड़ी निगरानी में मात्र एक ही कक्ष में परीक्षाएँ हुई।

# सांसद व डीएम ने किया स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**संवाददाता।** चित्रकूट



**सूबे** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ से स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण का लाइव प्रसारण कर छात्र-छात्राओं को दिखाया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के ट्राफिक्र चौराहा के पास कम्पोजिट विद्यालय नई बाजार कर्वी में स्कूल चलो अभियान व विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने किया कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर भी मौजूद रहीं। शनिवार को मुख्यालय के ट्राफिक्र चौराहा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में बच्चों को किताबे बांटकर स्कूल चलो अभियान एवं शपथ दिलाकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने शुभांरभ किया इस मौके पर सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार गरीब बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में कांवेंट स्कूलों की तरह बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए संकल्पित है। आज कायाकल्य योजना के माध्यम से सभी सरकारी स्कूल हाईटेक सुविधाओं से लैस हो गये है। उन्होने शिक्षकों से भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ बच्चों को पढाने का आहवान किया। वहीं शपथ दिलाकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत की। वहीं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने स्कूल चलो अभियान की रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। ट्रैफिक्र चौराहा, एलआईसी, पटेल चौराहा होते हुए ट्रैफिक्र चौराहा पर समाप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि ये अभियान एक माह तक चलता रहेगा। छह वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों को अध्यापक घर-घर जाकर उत्साहित कर बच्चों को पठन सामग्री बांटेगे। संचारी रोग के बारे में घर-घर जाकर साफ-सफाई, जलभराव, कूलर में पानी, पीने का पानी, टूटे-फूटे बर्तन, टायर में पानी एकत्र नहीं होने की जानकारी देंगी।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पचास नंबर ओवर ब्रिज के समीप रेलवे लाइन पार करते समय 45 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम जानकीपुर मजरे कौंडर निवासी राजाराम पासवान का पुत्र चुनबुद पासवान जो पूना में मजदूरी करता था। चार दिन पूर्व ही वह गांव आया था और आज सुबह शहर क्षेत्र स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती बीमार बहन को देखने के लिए आ रहा था। जब वह पचास नंबर ओवर ब्रिज के समीप रेलवे लाइन पार करने लगा तभी ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ललौली में रोजा इफ्तार इफ्तार आज

**फतेहपुर।** करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम सिविल लाइन्स के तत्वावधान में रमजानुल मुबारक के पाक महीने में 02 अप्रैल 2023 को मदरसा निदा ए इस्लाम मोहल्ला नूरगंज कस्बा ललौली रोजा इफ्तार का आयोजन डॉ. अमित मिश्रा के द्वारा किया गया है। डॉ. अमित मिश्रा एवं डॉ. अर्चना मिश्रा ने बताया कि रमजानुल मुबारक के पवित्र महीने में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी रोजेदार अकीदतमन्दो को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। उन्होंने तमाम हजरात से गुजारिश की है कि इफ्तार पार्टी में शिरकत फरमायें।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा शुरू



**फतेहपुर।** श्री बिहारी जी मोटेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा शुभारंभ से पहले भव्य कलश यात्रा मंदिर परिसर से साई मंदिर कलक्टरगंज तक ढ़ोल बाजे के साथ पहुंची। कलश यात्रा में कथा व्यास पंडित श्याम तिवारी शास्त्री झांसी, उपाचार्य विकास मिश्रा, मुख्य यजमान श्यामा त्रिवेदी व उनके पौत्र अंश त्रिवेदी अपने शीश पर श्रीमद्भागवत ग्रंथ आगे लेकर चल रहे थे। सभी भक्त झूमते गाते यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा की समाप्ति के बाद दोपहर दो बजे से व्यास जी के श्रीमुख से कथा कही गई। आज की कथा में श्रीमद्भागवत का महात्म्य बताया गया। अनेक जन्म जन्मान्तरों के जब पुण्यों का उदय होता है तब कही श्रीमद्भागवत की कथा सुनने व सुनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर श्री बिहारी जी मोटेश्वर महादेव विकास समिति के अध्यक्ष आचार्य विमलाकान्त त्रिपाठी, उपाध्यक्ष बिपिन बिहारी शरण, महामंत्री डॉ अनुराग श्रीवास्तव, आचार्य अचल त्रिपाठी, अजय त्रिवेदी, शोभा त्रिवेदी, आशा त्रिवेदी, सोना त्रिवेदी, अभिनव श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, आचार्य रामनारायण, अमित शिवहरे, विपुल श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, सुनीता तिवारी, सुमित्रा देवी सहित तमाम भक्त उपस्थित रहे।

### वार्षिक परीक्षाफल व उपहार पाकर खिल उठे छात्रों के चेहरे



**फतेहपुर।** शनिवार को शहर के विभिन्न विद्यालयों में परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक हासिल करने पर विद्यालय प्रबंध तंत्र ने शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रबंधक व प्रधानाचार्यों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। शहर के जयरामनगर स्थित साईं सिटी इंटर कालेज/मां सरस्वती ज्ञान मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। वार्षिक परीक्षा में कक्षा पीजी से कुमकुम, आभा, धानी कक्षा केजी से ईशानी, कामता, यश गौतम, हरीकिशन, कक्षा एक से एरम, कक्षा दो से हर्ष, कक्षा तीन से मनीष, कक्षा चार से अगम सिंह, कक्षा पांच से अभिनव, कक्षा छह से अंश, चंद्रपाल, कक्षा सात से प्रिया, कक्षा आठ से युवराज, कक्षा नौ से सरस्वती यादव, कक्षा ग्यारह से विकास सिंह, अंशिका विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक पवन सिंह गौर ने मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देते हुए उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संजय सिंह, रणवीर सिंह, फारुख खान, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, रावेंद्र प्रताप सिंह, रवि सिंह, राजेंद्र पाल, राजेश वर्मा, रेखा श्रीवास्तव, मनोरमा, जयश्री, अनुराधा, अतुल कुमार, अजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद, रतन सिंह, आदित्य दुबे समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# बृज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**बीकेडी** एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल झाँसी रोड उरई में वार्षिक परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने 99.20 फीसदी के साथ किया टॉप। जिसमें कक्षा 9 मे प्रथम श्रेणी मे रिया सिंह 99.20 फीसदी, कचंन सिंह 98.40 फीसदी, अनुराग कुमार 97.60 फीसदी, नर्मता पानचाल 97 फीसदी, वैभव श्रीवास्तव 97 फीसदी, आन्या गुप्ता 96.60:, प्राची पाल 96.20 फीसदी, उत्सव पटेल 96.10 फीसदी, आयुष्मान सोनी 96 फीसदी, यश यादव 96:, गौरी तोमर 95.50 फीसदी, अविरल दुबे 95.20 फीसदी, राजवीर सोनी 95.60 फीसदी, स्नेहिल शर्मा 95.50 फीसदी, सूर्यकांत 94.80 फीसदी, अंश द्विवेदी 94.40 फीसदी, अंश गुप्ता 94.40 फीसदी, प्राशांत पटेल 94 फीसदी, वृजपाल 93.70 फीसदी, प्रियांशु द्विवेदी 93.60 फीसदी, रितुराज पटेल 93.50 फीसदी अभय 93.40 फीसदी, प्रज्जवल पाल 91.90 फीसदी, ओमजी मिश्रा 90.40 फीसदी, तथा कक्षा 11 वीं में विज्ञान वर्ग में मयूरी सिंह 94.80 फीसदी, प्रथम स्थान पर रही एवं मानवी गुप्ता 93.70 फीसदी, द्वितीय उन्नति पटेल 93.20 फीसदी, तृतीय स्थान पर रही। तथा कॉमर्स वर्ग में दिव्यांशी प्रथम स्थान 92.20 फीसदी, श्रुती पाण्डे 91.60 फीसदी, द्वितीय रिचा सिंह 91 फीसदी तृतीय स्थान पर रही एवं कला वर्ग में आयुष गौतम 95.60 फीसदी, प्रथम आदित्य कुमार 95 फीसदी, द्वितीय ओजस्व त्रिपाठी 94.40 फीसदी तृतीय स्थान पर रहे। एवं जूनियर वर्ग में कक्षा 1 में आहिल 98.83 फीसदी प्रथम स्थान हस्सान 98.25 फीसदी द्वितीय, सरल 96.92 फीसदी तृतीय तथा कक्षा 2 अशफिमान 96.07 फीसदी प्रथम, रूद्र शुक्ला 94.79 फीसदी द्वितीय, वैभव राजपूत 93.14 फीसदी तृतीय, तथा कक्षा 3 में अपूर्वा द्विवेदी 97.93 फीसदी प्रथम, आरव तिवारी 95.79 फीसदी द्वितीय, याशिका दीक्षित 94.14 फीसदी तृतीय, कक्षा 4 में आयुष कुमार निरंजन 99.19 फीसदी प्रथम, आस्था नामदेव 95.25 फीसदी द्वितीय, याशी मिश्रा 94.56 फीसदी तृतीय, कक्षा 5 में दीपांशु सिंह 97.69 फीसदी प्रथम, अनु यादव 95.31 फीसदी द्वितीय, शिवी पटेल 95.31 फीसदी द्वितीय, आराध्या मिश्रा 94.81 फीसदी तृतीय, कक्षा 6 में नियती तिवारी 98.69 फीसदी प्रथम, स्नेहा कुशवाहा 95.56 फीसदी द्वितीय, अल्शिफा खान 94.06: तृतीय, कक्षा 7 में स्वाती चौधरी 98.81 फीसदी प्रथम, काव्या गुप्ता 97.44: द्वितीय, आराध्या विश्वकर्मा 95.50 फीसदी तृतीय, कक्षा 8 में वंशिका पटेल 99.19 फीसदी प्रथम, गौरी राजपूत 99 फीसदी द्वितीय, पूर्वा राजपूत 97.88 फीसदी तृतीय स्थान पर रही।

विद्यालय के अध्यक्ष राधेश्याम निगौतिया चेयरपर्सन श्रीमती सुविधा इटौरिया, प्रबंधक इं. अजय इटौरिया, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीखंडे उप प्रधानाचार्य आशीष तिवारी ने छात्र, छात्राओं को शुभकामनायें दी। प्रबंधक इं. अजय इटौरिया ने छात्र, छात्राओं को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि हम कामना करते है कि यह छात्रध्छात्रायें आगे चलकर उरई का नाम रोशन करेगें एवं शिक्षा का स्तर हमेशा ऊँचा रखेगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीखण्डे ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों में पुरूषोत्तम पुरवार, शिव शर्मा, डॉ स्वेता अग्रवाल, स्वेता तिवारी, केके चतुर्वेदी, गोविन्द सिंह, दीक्षा दूरवार, नीरज त्रिपाठी, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, महेश कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे।

## ग्राहकों से बैंक स्टाफ करे सीधे संवादः एके मिश्रा

**चित्रकूट।** आर्यावर्त बैंक का स्थापना दिवस समारोह सीतापुर शाखा सभागार में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यालय प्रबंधक एके मिश्रा व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्रबंधक सेवानिवृत्त ईश्वरी प्रसाद राजपूत की मौजूदगी में धूमधाम से मनाया गया। बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को संचालित बैंक योजनाओं की जानकारी दी।



शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक एके मिश्रा ने कहा कि ग्राहकों के साथ सभी बैंक स्टाफसीधे संवाद बनाए। कोई शिकायत हो तो ध्यान पूर्वक सुने और निदान करें, ताकि ग्राहक किसी तरह परेशान न हो, तभी बैंक की ख्याति बढ़ती है और बैंक का कारोबार सफल होता है। इस समय जिले में 41 शाखाएं हैं। इस वित्तीय वर्ष में 101 करोड़ की राशि जमा हुई है, जबकि 64 करोड़ के नए ग्राहकों को कर्ज दिये गये। 33 करोड रुपए एनपीए ऋण की वसूली हुई है। इस उपलब्धि के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी बैंक प्रबंधकों व कर्मचारियों को बधाई दी है। मुख्य शाखा कर्वी के वरिष्ठ प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि सभी ग्राहक बैंक की योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं।

## लापरवाही को छोड़ मिले लक्ष्यों को समय से पूरा करें : भानुप्रताप सिंह

**उरई ( जालौन )।** सांसद, राज्यमंत्री लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित की गई। पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्यों को समय से पूरा करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि इस बैठक में जो भी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं अगली बैठक तक उन्हें अवश्य कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक में मंत्री द्वारा ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, स्वस्थ भारत मिशन, ग्रामीण राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि बिंदुओं की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत खुदी हुई सड़कों को ठीक कराए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जितने भी शौचालय है वह सभी क्रियाशील रहे, विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्ता पूर्ण कराए जाएं जो धरातल पर दिखाई दे। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कराएं।

# पेज एक का शेष

## गड़बड़ करने...

इसमें गड़बड़ किया है। हमने अधिकारियों को कहा है कि पता करें कि किसने गड़बड़ किया है ? जैसे ही इसके (दंगे के) बारे में पता चला, तत्काल इसे नियंत्रित किया गया। हमने अधिकारियों से कहा है कि गड़बड़ करनेवालों का पता लगाएं और उसपर कड़ी कार्रवाई करें। मुझे इस तरह की घटना से बहुत तकलीफ हुआ है। बिहार में कानून व्यवस्था पर भाजपा द्वारा उठाए जा रहे सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के कोई भी मंत्री आते हैं तो उन्हें सुरक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जो जिम्मेवारी है सब पूरी की जाती है।

## जॉर्जिया असेम्बली...

ऐसे शिक्षाविदों ने हिंदूफोबिया को भड़काया है जो हिंदू धर्म को नष्ट करने का समर्थन करते हैं और इसके पवित्र ग्रंथों एवं सांस्कृतिक प्रथाओं पर हिंसा एवं उत्पीड़न को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हैं। इस प्रस्ताव संबंधी कदम की अगुवाई कॉलिशन ऑफ हिंदूज़ ऑफ नॉर्थ अमेरिका (सीओएचएनए) की अटलांटा इकाई ने की है। उसने 22 मार्च को जॉर्जिया स्टेट कैपिटल में हिंदू एडवोकेसी डे का आयोजन किया था। इसमें करीब 25 जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था जिसमें रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी, दोनों के सदस्य शामिल थे। सीओएचएनए के उपाध्यक्ष राजीव मेनन ने कहा, मैकडॉनल्ड और जोन्स के साथ-साथ अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ काम करना बड़े सम्मान की बात है जिन्होंने इस प्रस्ताव को पारित करने की पूरी प्रक्रिया के दौरान हमारा मार्गदर्शन किया।

## अप्रैल से...

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में देश में औसतन 39.2 मिलीमीटर बारिश हुई। उन्होंने कहा कि उत्तर-पश्चिमी, मध्य और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है जबकि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम बारिश की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण अमेरिका के समीप प्रशांत महासागर में पानी के ठंडा होने यानी कि ला नीना परिस्थितियां कमजोर हो गई हैं। महापात्रा ने कहा कि पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि अप्रैल से जून तक अल नीनो परिस्थितियां हो सकती है। अल नीनो में जुलाई-सितंबर तक बदलाव हो सकता है और बारिश के जरिए अल नीनो का प्रभाव बढ़ने की संभावना है।

# परिषदीय विद्यालयों में किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे

- बीआरसी महेवा के पास के विद्यालय में किताब वितरण कार्यक्रम
- कक्षा 6, 7 व 8 के छात्र -छात्राओं को सभी विषयों के पुस्तकें की गई वितरण

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)



**प्रदेश** में 1 अप्रैल से स्कूलों में नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। इस सत्र में पहली बार पहले ही दिन बच्चों को सभी विषयों की किताबें मिल जाने से पठन-पाठन सुचारु रूप से संचालन करने में शिक्षकों और विद्यार्थियों को आसानी होगी। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। यह शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव है। शनिवार को बीआरसी के पास के विद्यालय मे निशुल्क पाठ्यक्रम की कक्षा 6, 7 व 8 की सभी विषयों की किताबें वितरण की गई। कालपी स्थित बीआरसी महेवा के पास उच्च प्राथमिक विद्यालय महेवा में शनिवार को पढ़ाई का नया सत्र 2023-24 शुरू होने पर बच्चों को सरकार के द्वारा दी गई पुस्तकों को निशुल्क वितरित किया गया वही निशुल्क पुस्तकें वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से निशुल्क किताबें वितरित की जा रही हैं जिससे कि बच्चे पढ़ाई में और अव्वल हो। सरकार के द्वारा की गई इस शुरुआत और पुस्तकों का निशुल्क वितरण की प्रक्रिया की स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक बेहद सराहना कर रहे हैं। सरकार के द्वारा की गई इस पहल को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह है और उन्होंने तालियां बजाकर इसका स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी महेवा दिग्विजय सिंह ने अपने संबोधन मे कहा कि उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है। इस सत्र में पहली बार पहले ही दिन बच्चों को सभी विषयों की किताबें मिल जाने से पठन-पाठन सुचारु रूप से संचालन करने में शिक्षकों और विद्यार्थियों को आसानी होगी। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। यह शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव है। इसी क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी कदौरा अंकित सिह सिंह ने अपने संबोधन मे कहा कि पहले जो गरीब बच्चे थे किताबें न होने के कारण पढ़ाई से वंचित रह जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि यूपी सरकार ने बच्चों की पढ़ाई को सुचारू रूप से रखने के लिए निशुल्क किताबों का वितरण किया है. जिससे बच्चे पढ़कर आगे बढ़ेंगे और देश का भविष्य सुधरेंगे और अपने माता-पिता व अध्यापकों का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर सहायक राजेश राठौर, ब्लाक एमआईएस मिथुन प्रजापति आदि बीआरसी स्टाफ के अलावा प्रधानाध्यापिका संगीता श्रीवास्तव सहायक अध्यापिका रेखा भाष्कर, अमित कुमार वर्मा, राजीव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## एसआर ग्रुप ने शिक्षा क्षेत्र में स्थापित किये मील के पत्थर : गौरी शंकर

**उरई ( जालौन )।** शनिवार को एस आर पब्लिक स्कूल उरई का वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह विद्यालय प्रांगण में उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा एवं डॉ. घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एस आर ग्रुप ने जो मील के पत्थर स्थापित किए हैं वह समाज की बहुत बड़ी सेवा है शिक्षा से बढ़कर अन्य कोई सेवा नहीं हो सकती। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने कहा कि हम बुंदेलखंड वासियों का यह सौभाग्य कि एस आर ग्रुप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सुप्रसिद्ध है। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार राठौर, चेयरमैन डॉ सी पी गुप्ता, बाइस चेयरमैन रमाकांत द्विवेदी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का सम्मान एवं बच्चों को पुरस्कृत किया। समारोह में आज प्री प्राइमरी वर्ग में आरोही राजपूत ने 100 प्रतिशत, प्राइमरी वर्ग में सुधांशु ने 99.16 प्रतिशत, जूनियर वर्ग में नित्या यादव ने 98.28:, कक्षा नौ में प्रवीण कुमार ने 96 प्रतिशत तथा कक्षा ग्यारहवीं में सौम्या प्रजापति ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किए। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मंच का संचालन विकास पटेरिया ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राघव गुप्ता, कोऑर्डिनेटर राहुल गुप्ता, पंकज कुशवाहा, दीपा पाठक सहित समस्त अध्यापकगण, छात्र- छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# अमेरिका के मिडवेस्ट व साउथ में बवंडरों ने मचाई तबाही

## ● 11 लोगों की मौत

**भाषा।** लिटिल रॉक (अमेरिका)



अमेरिका के मिडवेस्ट-साउथ में शुक्रवार को आए बवंडरों (टॉरनेडो) ने भारी तबाही मचाई है जिनमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। इन शक्तिशाली बवंडरों से अमेरिका के मिडवेस्ट-साउथ में कई मकान और शॉपिंग सेंटर धाराशाई हो गए और इलिनोइस में हेवी मेटल्स संगीत कार्यक्रम के दौरान थिएटर की छत गिर गई। पूरे इलाके में शुक्रवार की रात मची तबाही के बाद आपात सेवा के कर्मी शनिवार सुबह तबाही का आकलन कर रहे हैं। तूफान प्रणाली के प्रभावी होने से उठे बवंडरों से साउथ के मैदानों के जंगलों में आग लगने की घटना हुई है। ऊपरी मिडवेस्ट में भी स्थिति खराब है। मिडवेस्ट अमेरिका के जनगणना ब्यूरो के चार जनगणना क्षेत्रों में से एक है। यह देश के उत्तरी मध्य के भाग में स्थित है। क्रॉस काउंटी की सरकारी अधिकारी एली लॉन्ग ने केएआईटी-टीवी को बताया कि मरने वालों में अरकांसास के छोटे शहर विन के चार लोग शामिल हैं। इनके अलावा अलाबामा, इलिनोइस, इंडियाना और लिटिल रॉक क्षेत्र में अन्य मौतों की खबर है। वेन शहर की पार्षद लीजा पॉवेल कार्टर ने कहा कि टेनेसी की मेम्फिस शहर से करीब 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित उनके शहर में बिजली नहीं है और सड़क मलबे से भरी हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा, मैं भयभीत हूं और घर की तलाश कर रही हूं लेकिन घर नहीं मिल रह। वेन (शहर) भी नष्ट हो गया...घर तबाह हो गए हैं, पेड़ सड़कों पर गिर गए हैं। आपात प्रबंधन के निदेशक जिम पिरटले ने शनिवार सुबह एसोसिएटेड प्रेस को ई-मेल के जरिए बताया कि तूफान की वजह से इंडियानर की सुलिवियन काउंटी में तीन लोगों की मौत हुई है। कई मकान तबाह हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि सुलिवियन, इंडियानापोलिस से करीब 150 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम है। प्राधिकारियों ने बताया कि लिटिल रॉक में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 24 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अरकंसास राज्य के विन में भी तूफान ने काफी तबाही मचाई। विने में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई मकान ढह गए और लोग मलबे में दब गए। प्राधिकारियों ने बताया कि इलिनोइस के बेलविदेरे में शुक्रवार रात बवंडर की चपेट में आने से एक थिएटर की छत गिर गई, जिसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 28 लोग घायल हो गए। बेलविदेरे पुलिस विभाग ने बताया कि भारी तूफान की वजह से छत गिरी और थिएटर से स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर 48 मिनट से मदद के लिए कॉल आने लगे। विभाग ने बताया कि शुरुआती आकलन के मुताबिक यह नुकसान बवंडर की वजह से हुआ। उन्होंने बताया कि शिकागो से करीब 113 किलोमीटर दूर स्थित अपोलो थिएटर की छत हेवी मेटल संगीत के दौरान गिरी और घटना के समय मौके पर 260 लोग मौजूद थे। बेलविदरे के पुलिस प्रमुख शेन वुडी ने बताया कि छत गिरने के बाद वहां पर अफरा-तफरी की स्थिति थी। देश के दक्षिण एवं मिडवेस्ट में एक व्यापक तूफान प्रणाली के कारण आयोवा में भी तूफान आने की जानकारी है, जबकि इलिनोइस में ओलावृष्टि हुई और ओकलाहोमा में घास में लगी आग और विकराल हो गई। अरकांसास के पुलस्की काउंटी में के अधिकारियों ने नॉर्थ लिटिल रॉक में बवंडर से एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की। बापिस्ट हेल्थ मेडिकल सेंटर ने बताया कि बवंडर की वजह से घायल 21 लोगों का उनके केंद्र में इलाज किया गया है जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। शहर के मेयर फ्रैंक स्कॉट जूनियर ने घोषणा की कि उन्होंने नेशनल गार्ड से मदद मांगी है।

# भारत को 15 मूर्तियां लौटाएगा अमेरिका का प्रतिष्ठित संग्रहालय

**भाषा।** न्यूयॉर्क,

**अमेरिका का** प्रतिष्ठित मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट भारत को 15 मूर्तियां लौटाएगा। उसने यह कदम तब उठाया है, जब उसे पता चला है कि ए मूर्तियां भारत से गैरकानूनी तरीके से अमेरिका लाकर बेची गई थीं। संग्रहालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि वह 15 मूर्तियां भारत सरकार को लौटाएगा। इनमें पहली शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर 11वीं ईसवी की मूर्तियां शामिल हैं, जो टेराकोटा, तांबा और पत्थर से बनी हैं। ये सभी मूर्तियां कुख्यात डीलर सुभाष कपूर ने बेची थीं, जो अभी भारत में जेल की सजा काट रहा है। बयान में कहा गया है, संग्रहालय पुरातात्विक कला वस्तुओं को जिम्मेदार तरीके से अधिग्रहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। संग्रहालय संदिग्ध डीलरों से मिली प्राचीन वस्तुओं के इतिहास की सक्रियता से समीक्षा कर रहा है। वह भारत सरकार के साथ अपने दीर्घकालीन संबंधों को काफी अहमियत देता है और इस मामले को सुलझाना चाहता है। इसमें कहा गया है कि संग्रहालय ने 2015 में कपूर से खरीदी गई वस्तुओं के बारे में डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी से संपर्क किया था और उसे मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा सुभाष कपूर के खिलाफ की गई आपराधिक जांच के परिणामस्वरूप आज इस मामले में कार्वाई करके बहुत खुशी हो रही है।

## यरूशलम के पवित्र स्थल के पास इज़राइली पुलिस ने युवक को गोली मारी, मौत

**यरूशलम।** इज़राइल की पुलिस ने यरूशलम में पवित्र स्थल के पास शुक्रवार देर शाम एक युवक को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि यह शख्स पुलिस अधिकारी की बंदूक चुराने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने कहा कि 26 वर्षीय युवक दक्षिणी इज़राइल के अरब गांव का रहने वाला था। अधिकारियों ने बताया कि यरूशलम की ओल्ड सिटी में यह घटना तब हुई।

**PUBLIC NOTICE**

The Public at large is hereby notified that my client intend to purchase Flat No. A-301, situated in the layout plan of "The Aashiana Co-operative Group Housing Society Limited", Known as Aashiana Apartments, Plot No.05, Mayur Vihar Phase-I, Delhi-110091 from Mr. Sushil Garg S/o Mr. Ram Dhan Dass who represented himself as the sole owner of the said property. It is to inform the general public that the Original Agreement to Sell of the said flat in favour of Mr. Sushil Garg duly registered as Document No. 10214 in Book No. 1, Volume No.1435 on pages 133 to 138, Dated: 03/11/2004 in the office of S.R. VII, Delhi duly executed by Mrs. Jaya Verma W/o Mr. Vinod Verma has been lost/misplaced somewhere and not traceable by his best efforts. It is therefore, Notified that anybody claiming any right, title, interest or lien over the aforesaid flat may file such claim or objection to the undersigned within a period of 15 days from the date of Publication of this notice. Otherwise, it will be presumed that the said flat is free from all encumbrances, charges and/or lien, etc. and my client is free to purchase the said flat from the above named seller.

Mr. SAHIL ARORA (Advocate)
Enrolment No.: D/2186/2019
107, 1st Floor, M.S. Chambers, Aruna Park, Laxmi Nagar, Delhi-92. Ph.: 9811912277

## नए आतंकवादी रोधी कानून पर विधेयक पेश किया जाएगा : प्रधानमंत्री गुणवर्धने

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने शनिवार को कहा कि नया आतंकवाद रोधी मसौदा विधेयक इस महीने संसद में पेश किया जाएगा जो विघातक आतंकवाद रोकथाम विधेयक (पीटीए)-1979 का स्थान लेगा। श्रीलंका पीटीए के स्थान पर नया कानून लेकर आ रहा है जिसे आतंकवाद रोधी अधिनियम (एटीए) कहा जा रहा है। सरकार ने यह कदम पीटीए की कठोर प्रकृति की वजह से हो रही निंदा के बाद उठाया। पुराने कानून में बिना आरोप व्यक्ति को अनिश्चितकाल तक हिरासत में रखने का प्रावधान था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी श्रीलंका से वर्ष 1979 में तमिल अलगाववादी आंदोलन के बढ़ने पर अस्थाई रूप से लागू पीटीए कानून को वापस लेने की मांग की थी। गुणवर्धने ने कहा, नया विधेयक अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते में संसद में पेश किया जाएगा। यह पीटीए का स्थान लेगा।

## नेपाल में 5.2 तीव्रता का भूंकप

**काठमांडू।** नेपाल के दोलखा जिले के सूरी मे शनिवार सुबह मध्यम तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र के अनुसार काठमांडू से 180 किलोमीटर पूर्व मे दोलखा मे पूर्वाह्न 11 बजकर 27 मिनट पर 5.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप ओखलधुंगा, रमेच्छप, सिंधुपाल चौक और नुवाकोट जिलो के साथ-साथ काठमांडू घाटी में भी अनुभव किया गया। हालांकि, भूकंप से किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नही मिली है। इससे पहले, शुक्रवार देर रात 3 बजकर 19 मिनट पर काठमांडू से 130 किलोमीटर पश्चिम मे गोरखा जिले मे 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। अप्रैल 2015 मे, नेपाल मे 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था, जिसमे लगभग 9,000 लोग मारे गए थे और लगभग 22,000 अन्य घायल हुए थे। इस भूकंप मे 800,000 से अधिक घर और स्कूल इमारते क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## जानलेवा हमले के विरुद्ध केन्याई विपक्षी नेता ओडिंगा खटखटाएंगे अदालत का दरवाजा

**नैरोबी।** केन्या के विपक्षी नेता रैला ओडिंगा ने हाल ही मे सरकार-विरोधी प्रदर्शन के दौरान स्थानीय पत्रकारों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की निंदा की है और इसे असहिष्णुता का आदिम कृत्य बताया है। उन्होने अपनी जान पर हुए हमले के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का संकल्प लिया है। द एसोसिएटेड प्रेस के साथ शुक्रवार को एक साक्षात्कार मे, राष्ट्रपति पद के लिए सर्वाधिक पांच बार उम्मीदवारी जताने और हर बार विफल रहने वाले 78-वर्षीय ओडिंगा ने बढ़ती कीमतो या केन्याई लोगो को प्रभावित करने वाले अन्य दर्दनाक आर्थिक मुद्दो के बारे मे बात करने के बजाय पिछले साल के चुनाव से संबंधित अपनी शिकायतो के बारे मे अधिक चर्चा की। उनकी हार को केन्या की शीर्ष अदालत ने भी बरकरार रखा था। दशको पहले बहुदलीय लोकतंत्र की लड़ाई मे अपनी प्रमुख भूमिका निभाने के लिए चर्चित रहे ओडिंगा ने शुक्रवार को राष्ट्रपति विलियम रुटो की सरकार द्वारा मौजूदा विरोध प्रदर्शनो को अवैध घोषित करने के प्रयासो को लेकर चेतावनी भी दी।

## कितना उपयोगी, कितना सुरक्षित

**जूनडलूप।** गूगल और माइक्रोसाफ्ट अगली पीढ़ी के एआई टूल को मौजूदा सेवाओ मे ऐड-ऑन के रूप मे लाकर, कंप्यूटिंग से कड़ी मेहनत को दूर करने के मिशन पर है।16 मार्च को, माइक्रोसाफ्ट ने घोषणा की कि कोपीलॉट नामक एक एआई-संचालित सिस्टम जल्द ही वर्ड, एक्सेल, पॉवरप्वाइंट, आउटलुक और टीम्स सहित उसके 365 ऐप्स मे पेश किया जाएगा। गूगल द्वारा अपने कार्यक्षेत्र ऐप्स जैसे डॉक्स, शीट्स, स्लाइड्स, मीट और चैट मे एआई को एम्बेड करने की योजना के बारे मे बताते हुए एक ब्लॉग पोस्ट करने के लगभग दो दिन बाद यह खबर आई।

# जलवायु परिवर्तन के लिए अफ्रीका में सात अरब डॉलर का निवेश हो : हैरिस

**भाषा।** लुसाका (जाम्बिया)

**अमेरिका की** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अफ्रीका को जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की तैयारी करने में मदद देने के वास्ते निजी क्षेत्र में सात अरब डॉलर के निवेश का आह्वान किया है। यह घोषणा तब की गई है, जब हैरिस ने शनिवार को इस महाद्वीप की एक सप्ताह लंबी यात्रा पूरी की। उन्होंने जाम्बिया के राष्ट्रपति हकाइंदे हिचिलेमा के साथ शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अमेरिका जलवायु अनुकूलन और शमन में काम आने वाले इस तरह के नवोन्मेषी समाधानों के लिए प्रतिबद्ध है। सात अरब डॉलर के निवेश का आह्वान हैरिस की अफ्रीका यात्रा की सबसे बड़ी घोषणा है, लेकिन इसे पूरा करने के लिए बहुत काम करने की आवश्यकता है। बहरहाल, गैर-लाभकारी समूह अफ्रीकन पार्क्स ने अपने संरक्षण कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए अगले सात वर्ष में 1.25 अरब डॉलर जुटाने का संकल्प लिया है। एक अन्य संगठन वन एकड़ फंड की इस दशक के अंत तक एक अरब पेड़ लगाने के लिए 10 करोड़ डॉलर एकत्र करने की योजना है।

### हैरिस ने जाम्बिया में अपने नाना के घर का दौरा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने जाम्बिया की अपनी यात्रा के दौरान भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी रहे अपने नाना पी वी गोपालन को याद किया और राजधानी लुसाका स्थित गोपालन परिवार के उस घर पर गई जहां वह 1960 के दशक मे रहते थे। गोपालन का जन्म 1911 मे चेन्नई मे हुआ था और वह जाम्बिया के पहले राष्ट्रपति केनेथ कौंडा के पहले सलाहकार थे। उन्होने 1960 के दशक मे भारत सरकार के संयुक्त सचिव के तौर पर अपनी सेवाएं दी। हैरिस ने जाम्बिया के राष्ट्रपति हकाइंदे हिचिलेमा के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन मे लुसाका मे पत्रकारो से कहा, जाम्बिया की मेरी यात्रा मेरे लिए बहुत खास है जैसा कि आपमे से कई लोग जानते है। आप जानते है कि मै बचपन मे जाम्बिया आई थी जब मेरे नाना यहां काम करते थे। हैरिस ने बताया कि उनके नाना भारत मे एक नौकरशाह थे। उन्होने कहा, 1966 मे जाम्बिया की आजादी के फौरन बाद वह राहत उपायो और शरणार्थियो के निदेशक के तौर पर काम करने लुसाका आए। उन्होने जाम्बिया के पहले राष्ट्रपति केनेथ कौंडा के सलाहकार के तौर पर काम किया। वह शरणार्थियो के पुनर्वास के विशेषज्ञ थे।



### अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस खेती की नई तकनीक देखने गईं

**लुसाका (जाम्बिया)।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस शनिवार को जाम्बिया की राजधानी से बाहर कच्चे रास्तों से होकर उन खेतों को देखने गई जहां पर नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर सब्जियों की बेहतर पैदावार के लिए खेती की जा रही है। इस मौके पर उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग के दौर में खाद्य सुरक्षा के तरीकों को रेखांकित किया। मिर्च की क्यारियों से गुजरते हुए सिंचाई प्रणाली का निरीक्षण करने के बाद हैरिस ने कहा, यह एक उदाहरण है जिसे पूरी दुनिया में अपनाया जा सकता है। रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए हमले के बाद से खाद्यान्नों की कीमतों में वृद्धि हुई है जिससे गरीब देश प्रभावित हुए हैं और आशंका जताई जा रही है कि ग्लोबल वार्मिंग से आने वाले सालों में यह चुनौती बढ़ेगी। हैरिस ने अफ्रीका को जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने की तैयारी करने में मदद देने के वास्ते निजी क्षेत्र में सात अरब डॉलर के निवेश का आह्वान किया है जिससे संरक्षण और खाद्य उत्पादन में सुधार को बढ़ावा दिया जाएगा। यह घोषणा तब की गई है, जब हैरिस ने शनिवार को इस महाद्वीप की एक सप्ताह लंबी यात्रा पूरी की। जाम्बिया से पहले हैरिस ने घाना और तंजानिया की यात्रा की थी।

## पैसों के लिए मां-बाप को परेशान करने वाले भारतीय मूल के व्यक्ति को दो साल की कैद

**भाषा।** लंदन

**नशे की लत** के कारण मां-बाप को पैसों के लिए परेशान करने वाले भारतीय मूल के एक व्यक्ति को दो साल कैद की सजा सुनाई गई है। इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स के रहने वाले 49 वर्षीय देवेन पटेल को पैसों के लिए माता-पिता को परेशान करने और माता-पिता से भेंट नहीं करने के अदालती आदेश का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। बर्मिंघम लाइव में वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट की एक अदालत की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायाधीश जॉन बटरफिल्ड ने कहा कि पटेल ने अपने माता-पिता से पैसे मांग-मांग कर उनके जीवन को नरक बना दिया था। अदालत ने उसे दो साल कारावास की सजा सुनाई है। आपने अन्य लोगों और इस अदालत के आदेश की अवमानना की है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Rahul Sehgal S/o Satish Kumar Sehgal, the absolute legal owner and in possession of Built up Third Floor with terrace rights, with area of 83 sq. yds., built on Property having Municipal No. 2640, Lamba Gali, Basti Punjabiyan, Subzi Mandi, Delhi-110007, by virtue of a Sale Deed reg. with doc no. 1581 on 10.02.2021, intends to mortgage the said Property in favor of Bajaj Housing Finance Limited and thus, invites any and / or all objection/s, claims, rights, interest and information on encumbrances, mortgages, charges etc. in respect of the past and / or present title to the above property within 7 days from the date of publication of this notice to **Adv. Vikram K. Saw**, Flat No. 544, 1st Floor, Site -1, Shankar Garden, New Delhi-110018 with Email - vikshalegal@gmail.com, Landline - 011-35668622, Mob - 9899638482. Any such claims or information after the expiry of 7 days shall be deemed to have waived and/or abandoned and not be entertained.

**Public Notice**

This is to inform general public that Sh. Radhey Shyam has acquired the Property Bearing No. 31-A area measuring 96 Sq. Yds., Out of Mustatil No. 81, Killa No. 7 Situated at Vaka Moja Ballabgarh (Garg Colony) Tehsil Ballabgarh Distt- Faridabad Haryana vide two separate Transfer Deeds dated 25.06.2018, Doc no. 3008 and dated 24.02.2023, Doc no. 6798 and Now, Sh. Harish Bhardwaj and Sh. Radhey Shyam are mortgaging the above said property with Indusind Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 27 days of this publication to Mr. Munesh [illegible] Sudhir Jain (Advocates), [illegible] 9th Floor, [illegible] Delhi-110034 [illegible]

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्थान आवंटित)
वाद सं. : ओ.ए./402/2021
ईएक्सएच. नंबर : 13200
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ
[illegible]

प्रकाशन
प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
वाद सं. : ओ.ए./436/2021
[illegible]

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
वाद सं. : ओ.ए./1232/2021
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
[illegible]

## पोप फ्रांसिस को अस्पताल से छुट्टी मिली



**रोम।** पोप फ्रांसिस को ब्रोंकाइटिस (सांस संबंधी समस्या) के उपचार के बाद शनिवार को रोम के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई। फ्रांसिस (86) को बुधवार को सेंट पीटर्स स्क्वॉयर में साप्ताहिक सार्वजनिक संबोधन के दौरान सांस लेने में परेशानी होने के बाद गेमेली पॉलीक्लीनिक में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब पत्रकारों ने पोप फ्रांसिस से पूछा कि अब वह कैसा महसूस कर रहे हैं तो उन्होंने मजाक में कहा, अभी जिंदा हूं।

## भुखमरी और अस्थिरता को टालने के लिए अरबों डॉलर की जरूरत: सरां खाद्य प्रमुख

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रमुख ने शुक्रवार को चेताया कि लाखों लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अगर अरबों डॉलर न दिए गए तो दुनिया में बड़े पैमाने पर पलायन होगा, देशों में अस्थिरता फैलेगी तथा अगले 12 से 18 महीनों के दौरान बच्चों और वयस्कों में भुखमरी बढ़ेगी। डेविड बियस्ली ने पिछले साल वित्त पोषण बढ़ाने के लिए अमेरिका और जर्मनी की तारीफ की और चीन तथा खाड़ी देशों, अरबपतियों व अन्य देशों से इसी तर्ज पर आर्थिक मदद देने का आग्रह किया। बियस्ली ने कहा कि वह इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं कि डब्ल्यूएफपी इस साल 49 देशों में 35 करोड़ लोगों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए करीब 23 अरब डॉलर नहीं जुटा पाएगा। उन्होंने कहा, अगर हम इसका 40 फीसदी भी जुटा लें तो मुझे हैरानी होगी। बियस्ली ने विश्व की सबसे बड़ी मानवीय संस्था डब्ल्यूएफपी की कमान अगले हफ्ते अमेरिकी राजदूत सिंडी मैक्केन को सौंपने से पहले यह टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने पिछले साल डब्ल्यूएफपी को महज़ 1.1 करोड़ डॉलर दिए थे। उनके मुताबिक, हालांकि उसने अपने देश में भूखमरी को कम करने के लिए काफी कुछ किया है। बहुपक्षीय दुनिया में शामिल होनै और महत्वपूर्ण मदद प्रदान करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

## कनाडा सीमा के पास मृत मिले आठ प्रवासियों में भारतीय भी शामिल

**भाषा।** टोरंटो

**कनाडा की पुलिस** ने कहा है कि उसने कनाडा से अवैध तरीके से अमेरिका में घुसने की कोशिश के दौरान सेंट लॉरेंस नदी में डूबने वाले दो और प्रवासियों के शवों को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, दो और शव मिलने से बृहस्पतिवार को प्रवासियों से भरी एक नौका के पलटने से जुड़ी घटना में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है, जिसमें एक भारतीय परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, दोनों शव एक्वेसस्ने के पास नदी के किनारे दलदल से मिले हैं। एक शख्स अब भी लापता है। पुलिस ने कहा कि माना जाता है कि मृतक एक भारतीय और एक रोमानियाई परिवार के सदस्य हैं, जो कनाडा से अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उनमें तीन साल से कम उम्र के दो बच्चे भी शामिल हैं, जो कनाडा के नागरिक हैं। एक्वेसस्ने मोहौक के पुलिस प्रमुख शॉन डुलूड ने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

**PUBLIC NOTICE**

TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN

My client Mr. Vijay Chopra son of Late Mr. Tarsem Lal Chopra resident of 601, Tower C, The IVY, Sushant Lok, Phase-I, Gurugram, Haryana has entered into Agreement to Sell dated 5th of November, 2022 with Mrs. Nirmal Arya, the widow of Late Dr Raj Pal Arya, resident of 4 College Road North Liverpool L23 8UP, U.K. with respect to the purchase of Property No.Y-86, Regency Park-II, DLF City, Phase-IV, Gugugram, Haryana with condition that she will get the sole ownership in her favour by getting the WILL Probated in the Indian Court of Law (Haryana), within the stipulated date of 31st March, 2023.The said Property is registered under the joint ownership of Mrs. Nirmal Arya and Late Dr Raj Pal Arya (who passed away on the 10 Sept, 2020 leaving behind a WILL in favour of his wife Mrs. Nirmal Arya) and as such under Indian Court of Law the WILL is required to be probated to prove the ownership solely in favour of Mrs Nirmal Arya.The Seller has not provided the Probated WILL through Haryana Court proving the sole ownership in her favour, as required and settled vide the said Agreement to Sell, and didn't turn up for completing the transaction on the stipulated date. As the case is still pending in the court of law with next court date on 10-05-2023, my client had conveyed his willingness to the seller, through email, that he will get the Sale Documents registered upon the seller providing the proof of sole owhnership in her favour.This public notice is being given to caution the public in large that anyone who intend to purchase the above subject property may be doing at their own risk and responsibility.

Gajender Yadav (Advocate)
Chamber No.59, Distt. Court, Gurugram
(Haryana) Mob: 931707317

# ट्रंप के अभियोग को समझने के लिए चार अहम बातें

**भाषा।** वर्जीनिया (अमेरिका)



**पूर्व राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप जब चार अप्रैल 2023 को न्यूयॉर्क में मुकदमे का सामना करने के लिए अदालत में पेश होंगे तो उन आरोपों को सार्वजनिक किए जाने की संभावना होगी जिन पर मैनहट्टन की ग्रैंड जूरी ने उन पर अभियोग चलाया है। मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने 30 मार्च 2023 को अभियोग चलाने की मंजूरी हासिल कर ली लेकिन अभी इसका खुलासा नहीं किया गया है कि ट्रंप के खिलाफ असल आरोप क्या हैं। कई मीडिया सूत्र बता रहे हैं कि अभियोग में पूर्व राष्ट्रपति पर कारोबारी धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। मैं पूर्व अभियोजक और कानून का प्रोफेसर हूं जिसने आपराधिक न्याय प्रणाली की पढ़ाई की है। 1) ट्रंप के तत्कालीन वकील माइकल कोहेन द्वारा पोर्न फिल्म की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को 2016 में 1,30,000 डॉलर की राशि दिए जाने से ट्रंप के खिलाफ जो आरोप बनते हैं उनमें झूठे कारोबारी रिकॉर्ड अहम हैं। मीडिया में आई खबरों से पता चलता है कि ट्रंप के खिलाफ करीब 30 आरोप लगाए जा सकते हैं और इनमें से कुछ बड़े जुर्म होंगे। मीडिया में आई खबरों से संकेत मिलता है कि ब्रैग के यह आरोप लगाने की संभावना कम है कि ट्रंप द्वारा डेनियल्स को किया गया भुगतान गैरकानूनी था। इसके बजाय ट्रंप पर उनकी कंपनी ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन के भुगतान की प्रकृति के बारे में झूठ बोलकर भुगतान को छिपाने की कोशिश करने के लिए झूठे कारोबारी रिकॉर्ड्स देने का आरोप लगाया जा सकता है।2) अगर मुकदमा चलता है ब्रैग को ट्रंप की संलिप्तता, धोखाधड़ी की मंशा साबित करनी होगी, अभियोजन को ट्रंप को प्रत्एक आरोप में दोषी साबित करने के लिए सबूतों को क्रमवार पेश करना होगा। 3) यह इतिहास का सबसे जटिल मामला है। हालांकि, हर कोई देखेगा कि क्या इस मामले से अन्य मामलों की तरह निपटा जाएगा। उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क पुलिस विभाग और अदालत के अधिकारियों को ट्रंप के सीक्रेट सर्विस के एजेंट के साथ गिरफ्तारी प्रक्रिया से समन्वय करने की आवश्यकता होगी। अगर ट्रंप को जेल में डाला जाता है तो जटिलताएं पैदा होंगी।

# भारत ने 2022-23 में सर्वाधिक रक्षा निर्यात किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत ने वित्त** वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक 15,920 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों (हार्डवेयर) का निर्यात किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि को मेक इन इंडिया के प्रति उत्साह का परिणाम बताया।

वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का रक्षा निर्यात 2016-17 के।,521 करोड़ रुपए के मुकाबले 10 गुना बढ़कर 15,920 करोड़ रुपए हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ट्वीट किया है, भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में अभी तक के सर्वाधित स्तर 15,920 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। यह देश के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में हमारा रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ता रहेगा। वहीं एक ट्वीट में प्रधानमंत्री मोदी ने इस उपलब्धि को भारत की प्रतिभा और मेक इन इंडिया के प्रति उत्साह का नतीजा बताया है।

## ● 10 गुना बढ़कर 15,920 करोड़ रुपए पहुंचे : राजनाथ

प्रधानमंत्री ने कहा, यह दिखाता है कि क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों हुए सुधार के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। हमारी सरकार भारत को रक्षा उत्पाद का हब बनाने का समर्थन करती रहेगी। रक्षा मंत्रालय भारत, मुख्य रूप से ड्रोनियर-228 विमानों, 155 एमएम एडवांस्ड टोड आर्टिनरी गन्स (एटीएजी) (तोप), ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल सिस्टम्स, राडार, सिमुलेटर, माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल्स, आर्मर्ड व्हीकल्स, पिनाक रॉकेट और लॉन्चर, एम्युनिशन, थर्मल इमेजर, बॉडी आर्मर, सिस्टम, लाइन रिप्लेसिएबिल यूनिट्स और एवियॉनिक्स और स्मॉल आर्म्स के भाग और घटकों जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स का निर्यात करने पर ध्यान केन्द्रीत कर



रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, दुनिया में एलसीए-तेजस, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर, एयरक्राफ्ट कैरियर, एमआरओ गतिविधियों की मांग बढ़ रही है। भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, भारतीय उद्योग ने वर्तमान में रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाली 100 कंपनियों के साथ डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दुनिया को दिखाई है। बढ़ता रक्षा निर्यात और एयरो इंडिया 2023 में 104 देशों की भागीदारी भारत की बढ़ती रक्षा निर्माण क्षमताओं का प्रमाण है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2020-21 में 8,434 करोड़ रुपए, 2019-20 में 9,115 करोड़ रुपए और 2018-19 में 10,745 करोड़ रुपए के सैन्य हार्डवेयर का निर्यात किया था। 2017-18 में देश का कुल रक्षा निर्यात 4,682 करोड़ रुपए और 2016-17 में।,521 करोड़ रुपए का था। केंद्र सरकार ने 2024-25 तक।,75,000 करोड़ रुपए के रक्षा हार्डवेयर के उत्पादन के साथ ही रक्षा निर्यात को 35,000 करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने पिछले 5-6 वर्षों के दौरान कई नीतिगत पहल की हैं और सुधार किए हैं। ऑनलाइन निर्यात की व्यवस्था के साथ देरी को कम करने और कारोबारी सुगमता के साथ निर्यात प्रक्रियाओं को सरल और उद्योग के अनुकूल बना दिया गया है। बयान के अनुसार, सरकार ने प्रौद्योगिकी बड़े प्लेटफॉर्म्स और और उपकरणों के अंगों और घटकों के निर्याता हस्तांतरण के लिए तीन ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंग (ओजीईएल) अधिसूचित किए हैं। ओजीईएल एक बार में दिया जाने वाला निर्यात लाइसेंस है, जो ओजीईएल की वैधता के दौरान निर्यात अधिकार की मांग किए बिना ओजीईएल में उल्लिखित विशिष्ट वस्तुओं में से निर्दिष्ट वस्तुओं के निर्यात करने की अनुमति देता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, विभिन्न देशों से प्राप्त निर्यात के अनुरोधों को वास्तविक समय के आधार पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत भारतीय रक्षा निर्यातकों तक पहुंचाया जाता है, ताकि वे निर्यात अवसरों पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो सकें।



पटना पहुंचने पर गृहमंत्री अमित शाह कर स्वागत सुशील मोदी व अन्य भाजपा नेता

# दिल्ली में आग की घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा देगी प. बंगाल सरकार : ममता

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** सरकार दिल्ली में आग लगने की घटना में मारे गए तीन लोगों के परिवार के सदस्यों को दो-दो लाख रुपए का मुआवजा देगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना में मारे गए तीन व्यक्ति पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। बनर्जी ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बनर्जी ने ट्वीट किया, "दिल्ली में आग लगने की एक अत्यंत दुखद घटना में मालदा के तीन और उत्तर दिनाजपुर के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। पीड़ितों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा और सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी। पश्चिम बंगाल के इन लोगों की दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में एक



घर में आग लगने से मौत हो गई थी। ए इस घर में किराएदार के तौर पर रहते थे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रततिपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शुभेंदु अधिकारी ने मौतों पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक घर में आग लगने से पश्चिम बंगाल के चार प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उनमें से कुछ दिल्ली में रिक्शा चलाते थे क्योंकि पश्चिम बंगाल में आजीविका के साधनों की कमी है।

## महाराष्ट्रः संभाजीनगर हिंसा मामले में चार और लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद दो दिनों में पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। . पुलिस ने झड़प में शामिल लोगों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आठ टीमों का गठन किया है। पुलिस ने कहा कि एक दिन पहले आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। बुधवारऔर बृहस्पतिवार की मध्यरात्रि किराडपुरा इलाके में राम मंदिर के पास दो गुटों के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन लगभग 500 लोगों की भीड़ ने उसपर पथराव कर दिया और पेट्रोल से भरी बोतलें फेंकी। इस दौरान 10 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और प्लास्टिक की गोलियां दागीं।

# आज देश में इतिहास की सबसे नाकारा सरकार, महंगाई के लिए जिम्मेदारः राहुल

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महंगाई के विषय को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि इस समस्या लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है जो इतिहास की सबसे नाकारा सरकार है। उन्होंने यह दावा किया कि मौजूदा समय में विपक्ष और जनता से पूछे बिना मनमाने ढंग से फैसले हो रहे हैं जो तानाशाही की किताब का पहला पन्ना है। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, महंगाई आज भारत की सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। इसकी ज़िम्मेदार भारत के इतिहास की सबसे नाकारा सरकार है। दवाइयों की क़ीमतें इस साल फिर से चुप-चाप 11 प्रतिशत से ज़्यादा बढ़ा दी गईं हैंउ स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का खर्च आसमान छूता जा रहा है। उनका कहना है, ए सारे ज़रूरी खर्चे हैं, आम लोगों के जीवन का अभिन्न अंग हैं। जहां सरकार को इन्हे धीरे धीरे



निशुल्क करने की कोशिश करनी चहिए, वहीं वो उसे और महंगा करते जा रहे हैं। पर से बेरोज़गारी, सुस्त अर्थव्यवस्था के कारण नौकरीपेशा लोगों की आमदनी न बढ़ना, और उसके उपर महंगाई की मार, किस्तें बढ़ती जा रही हैं, कर्ज लेकर चुकाना और अपने घर के खर्चे चलाने की जद्दोजहद में हर परिवार की ज़िंदगी फंसी हुई है। उन्होंने दावा किया, मैं यूं हीं इन्हें जेबकतरी सरकार नहीं कहता। आपकी जेब काटी जा रही है, मगर कहीं इस बात की चर्चा नहीं है, न आपके पसंदीदा न्यूज़ चैनल पर, न ही किसी सरकारी घोषणा में। चर्चा हो रही होगी तो बस सांप्रदायिकता की, या फ़िर झूठी कहानियां गढ़ी जा रही होंगी। राहुल गांधी ने कहा, यूपीआई ट्रांसफर पर भी सरचार्ज लगेगा, ए कभी आपने सोचा था, जब आपको डिजिटल भुगतान करने के लिए प्रेरित किया गया था?

## क्विक न्यूज

### राजस्थान : जमानत पर रिहा होते ही निलंबित अधिकारी दिव्या मित्तल अन्य मामले में गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस सेवा (आरपीएस) की निलंबित अधिकारी दिव्या मित्तल को शनिवार को जमानत पर रिहा होते ही विशेष समूह (एसओजी) ने दोबारा गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि निलंबित अधिकारी दिव्या मित्तल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जनवरी में दो करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। मिश्रा ने बताया कि मित्तल को शनिवार को जमानत पर रिहा किया लेकिन जैसी वह अजमेर जेल से बाहर आईं एसओजी ने उन्हे दोबारा गिरफ्तार कर लिया। मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मित्तल को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 59 (अधिकारी की कर्तव्य में असफलता) के तहत गिरफ्तार किया गया है। मित्तल अजमेर मे एसओजी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप मे तैनात थी और एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक मामले की जांच कर रही थी।

### पर्यटन क्षेत्र में सामुदायिक भागीदारी इसके विकास के लिए महत्वपूर्ण : भारत के जी-20 समन्वयक शृंगला

**दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)।** भारत के जी-20 समन्वयक हर्षवर्धन शृंगला ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल मे चाय के बागानो मे पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की क्षमता है और पर्यटन के विकास के लिए इस क्षेत्र मे सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। शृंगला ने यहां जी-20 पर्यटन कार्य समूह की दूसरी बैठक से इतर पीटीआई-भाषा से यह भी कहा कि सम्मेलन के पहले दिन जलवायु परिवर्तन की चपेट मे आने वाले उत्तराखंड जैसे राज्यो पर काफी चर्चा हुई। उन्होने कहा, दीर्घकालिक पर्यटन और स्थानीय समुदायो को शामिल करने के मुद्दे पर हमने काफी चर्चा की। शृंगला ने सुझाव दिया कि इस क्षेत्र मे चाय बागान मे पर्यटन के आकर्षण का केंद्र बनने की क्षमता है और इसके विकास के लिए पर्यटन प्रक्रिया मे सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा, मुझे लगता है कि चाय उद्योग स्थिरता प्रदान करता है, क्योंकि चाय उद्योग के लिए जैव विविधता बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि देश के इस हिस्से में संरक्षण महत्वपूर्ण है। पर्यटन कार्य समूह की दूसरी बैठक एक से तीन अप्रैल तक दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी मे आयोजित की जा रही है। बैठक मे 130 से अधिक प्रतिभागी जुटे है, जिनमे जी-20 के सदस्य देशो के प्रतिनिधि, आमंत्रित देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन, उद्योग भागीदार, राज्य पर्यटन अधिकारी और स्थानीय टूर ऑपरेटर शामिल है।

### प्रश्न पत्र लीक मामले में एसआईटी के समक्ष पेश हुए टीएसपीएससी के अधिकारी

**हैदराबाद।** प्रश्न पत्र लीक मामले मे तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) के सचिव और एक सदस्य गवाह के रूप मे शनिवार को राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश हुए। टीएसपीएससी के सचिव और सदस्य को नोटिस जारी कर आज एसआईटी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। इस बीच, विपक्षी दलो भाजपा, कांग्रेस और वाईएसआरटीपी ने शनिवार को प्रश्न पत्र लीक मामले मे बीआरएस सरकार पर दबाव बनाने का प्रयास किया। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति ने राज्य सरकार के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को पत्र लिखकर टीएसपीएससी द्वारा कराई गई ग्रुप-। की प्रारंभिक परीक्षा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ के प्रश्न पत्र कथित रूप से लीक होने से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओ की जांच करने की मांग की है।

### एनआईआईटी यूनिवर्सिटी देगा स्कॉलरशिप

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफफ्यूचर एनआईआईटी यूनिवर्सिटी एनयू ने शैक्षणिक वर्ष 2023 के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की है। छात्रवृत्ति एनयू के विशिष्ट स्कॉलर सर्च प्रोग्राम के तहत बीबीए,एमबीए और बीटेक प्रोग्राम्स इन सीएसई कंप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ईसीई इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डीएस डेटा साइंसए सीवायएससाइबर सिक्योरिटी, बीटी बायोटेक्नोलॉजी, इंटीग्रटेड एमससी कंप्यूटर साइंस के लिए उपलब्ध हैं। छात्रवृत्ति कक्षा 10 और कक्षा 12 में छात्र के शैक्षणिक प्रदर्शन या राष्ट्रीय स्तर की निर्दिष्ट प्रवेश परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर प्रदान की जाती है। वार्षिक छात्रवृत्ति 50,000 से रुण् 2,00ए000 के बीच शिक्षण शुल्क पर केवल यह छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर दी जाती है। इसके अतिरिक्त, एक विशेष छात्रवृत्ति असाधारण योग्यता पाने वाले और देश में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है जो प्रत्येक कार्यक्रम में पूर्ण शिक्षण शुल्क छूट प्रदान करता है। छात्रों को ट्यूशन फीस पर विशेष शुल्क छूट की पेशकश की जाती है यदि वे निर्दिष्ट मानदण्डों में से किसी एक को पूरा करते हैं। इस अवसर पर एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रोण् राजेश खन्ना ने कहाए एनयू में हमारा मानना है कि कल के कैरियर के लिए युवाओं के मस्तिष्क को आकार दिया जाना जरूरी है। हमारी छात्रवृत्ति योग्यता और इनोवेशन को बढ़ावा देने और छात्रों को गतिशील आर्थिक वातावरण में चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार करने के लिए डिजाइन की गई है।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 669 मामले सामने आए

**मुंबई।** महाराष्ट्र मे शनिवार को कोरोना वायरस के 669 मामले दर्ज किए गए, जिससे राज्य की कुल संक्रमितो की संख्या बढ़कर 81,44,780 हो गई जबकि मरने वालो की संख्या।,48,441 पर अपरिवर्तित रही। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को कोरोना वायरस के 425 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि बृहस्पतिवार को 694 मामले दर्ज किए गए थे। उन्होने बताया कि मुंबई महानगरीय क्षेत्र मे 347 मामले दर्ज किए गए। अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटो मे 435 मरीजो के ठीक होने के बाद संक्रमण से उबरने वालो की संख्या बढ़कर 79,93,015 हो गई, जबकि राज्य मे सक्रिय मरीजो की संख्या 3,324 हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ो के अनुसार, राज्य मे मृत्यु दर 1.82 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटो मे 9,774 नमूनो की जांच की गई।

## छात्रों के लिए स्टूडेंट सर्विस

**मुंबई।** ऑलकार्गो ग्रु प और भारत की प्रीमियर एक्सप्रेस लॉजिस्टिक एवं सप्लाई चेन से जुड़ी सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी गति लिमिटेड ने स्टूडेंट एक्सप्रेस सर्विस की शुरुआत की है( इस सर्विस को खास तौर पर छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टूडेंट एक्सप्रेस सर्विस के जरिए छात्र किफायती दर पर उपलब्धए तेजए विश्वसनीय और देशभर में फैले गति के लॉजिस्टिक सर्विस नेटवर्क के माध्यम से अपने सामान को किसी भी शहर में भेज सकते हैं। सरफेस ट्रांसपोर्टेशन मोड के लिए स्टूडेंट एक्सप्रेस सर्विस 825 रुपये के फ्लैट रेट पर अवेलेबल हैण् वहींए गति एयर के लिए यह फीस 2100 रुपये है। ये फ्लैट रेट 20 किलोग्राम के सामान को एक जगह दूसरे ले जाने पर लागू होगा।

## राजस्थान में बीपीएल परिवारों को मिलेगा 500 रुपए में सिलेंडर

**जयपुर।** राजस्थान मे गरीबी रेखा के नीचे के (बीपीएल) एवं उज्ज्वला योजना मे शामिल परिवारो को अब 500 रुपए मे रसोई गैस सिलेंडर मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री गैस सिलेण्डर योजना के तहत 750 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एक सरकारी बयान के अनुसार गहलोत की इस स्वीकृति से राज्य के 73 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियो को एक अप्रैल, 2023 से सस्ती दर पर प्रतिमाह एक सिलेंडर मिल सकेगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के परिवारो को प्रति गैस सिलेंडर 410 रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।

# राहुल गांधी को साजिश के तहत लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया : गहलोत

**भाषा।** जयपुराकोटा

**राजस्थान के** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाना एक साजिश का हिस्सा था, जो उनकी भारत जोड़ो यात्रा की भारी सफलता के बाद रची गई थी। गहलोत ने गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर फिर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से घबराकर ही उनके निष्कासन का षड्यंत्र रचा गया। उन्होंने कहा कि इसके नतीजे भाजपा को भुगतने पड़ेंगे। गहलोत जयपुर में संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को 2019 में मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी करने के मामले में सूरत की अदालत ने मानहानि का दोषी करार देते हुए दो



साल की सजा सुनाई थी जिसके बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया था। मुख्यमंत्री ने कोटा में भी आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कोटा से सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दबाव में थे और वह राहुल गांधी को सदन में बोलने की अनुमति नहीं दे रहे थे। उन्होंने गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के मुद्दे पर कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक वैमनस्य और गरीब-अमीर के बीच बढ़ती खाई प्रमुख मुद्दे थे। कुछ लोग राहुल गांधी के व्यक्तित्व और भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से चिंतित थे और इसलिए उनके खिलाफ साजिश रची गहलोत ने कहा कि आजादी की लड़ाई में त्याग, बलिदान करने वाली कांग्रेस को भाजपा और आरएसएस से राष्ट्रीयता सीखने की जरूरत नहीं है। देश की आजादी में भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने कहा, इन (भाजपा और आरएसएस) के नेताओं ने एक अंगुली तक नहीं कटवाई। ए हिंदुस्तान और राष्ट्रीयता की बात करते हैं ... हम राष्ट्रीयता इनसे सीखेंगे। जिन्होंने देश को आजाद करवाया, वे इनसे सीखेंगे कि राष्ट्रीयता क्या होती है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निष्कासन एवं सत्ता में वापसी करने का उदाहरण देते हुए गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के नतीजे इन लोगों को भुगतने पड़ेंगे।

# मंदिर हादसे के घायलों में एक आरोपी भी शामिल, बावड़ी में गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**इंदौर** के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के दिन अचानक फर्श धंसने से बावड़ी में गिरे करीब 55 लोगों में इस मामले का एक आरोपी भी शामिल है और वह हादसे में घायल होने के बाद से एक निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जूनी इंदौर थाने के प्रभारी नीरज मेड़ा ने बताया कि पटेल नगर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी और सचिव मुरली कुमार सबनानी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। ट्रस्ट के दोनों पदाधिकारियों के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने बावड़ी पर छत डालकर बेहद असुरक्षित निर्माण कराया जिससे हुए हादसे के कारण 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने बताया, इंदौर नगर निगम ने ट्रस्ट को मंदिर परिसर का अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया था,लेकिन ट्रस्ट ने यह आदेश नहीं माना। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले का आरोपी सबनानी हादसे के वक्त मंदिर में मौजूद था और अन्य श्रद्धालुओं के साथ बावड़ी में गिर गया था। उन्होंने बताया कि सबनानी को अन्य घायलों के साथ भंवरकुआं क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसे में सबनानी की पैर की हड्डी टूट गई है और इसका ऑपरेशन होना है। थाना प्रभारी के मुताबिक मामले के दूसरे आरोपी गलानी का एक अन्य हादसे में पहले ही पैर टूट चुका है और इस पर पट्टा चढ़वाने के बाद वह घर में है। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सिंह गौतम ने दावा किया कि मंदिर हादसे के दोनों आरोपी सत्तारूढ़ भाजपा के नजदीकी हैं।

# भारत ने वित्तवर्ष 2023 में कोयले के उत्पादन में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की

## ● कोयला मंत्री जोशी ने किया दावा

**भाषा** नई दिल्ली

**केंद्रीय कोयला** मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कहा कि भारत ने वित्तवर्ष 2022-23 में अपने कोयला उत्पादन में 98 करोड़ 22.1 लाख टन की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। मंत्री ने एक बयान में कहा, देश में कोयले का 98.2 करोड़ टन का कुल उत्पादन, वित्तवर्ष 2021-22 में उत्पादित 77 करोड़ 82.1 लाख टन से 14.65 प्रतिशत अधिक है। जोशी ने कहा, कोयला क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं रिकॉर्ड वृद्धि के लिए सभी कोयला योद्धाओं और अंशधारकों को बधाई देता हूं। कड़े लक्ष्यों के बावजूद, कोल इंडिया लिमिटेड, एससीसीएल, निजी एवं वाणिज्यिक खानों ने वित्तवर्ष 2023 में 98.2 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2023 के अपने वित्तीय लक्ष्य को पार कर जबरदस्त काम किया है और 70 करोड़ 32 लाख टन कोयले का उत्पादन किया है, जो 2021-22 में 62 करोड़ 26.3 लाख टन से 12.94 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड ने एक साल पहले के छह करोड़ 50.2 लाख टन के मुकाबले इस बार छह करोड़ 71.4 लाख टन कोयले का उत्पादन किया, जिसमें 3.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। निजी और वाणिज्यिक खान उत्पादकों ने पिछले वित्तीय वर्ष में नौ करोड़ 5.6 लाख टन से 34.59 प्रतिशत अधिक 12 करोड़ 18.8 लाख टन कोयले का उत्पादन किया। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था के विकास में कोयला क्षेत्र का योगदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के उत्थान को शक्ति दे रहा है और हम देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करना जारी रखेंगे।

## कोलकाता के मेयो रोड पर बस पलटने से एक की मौत, 18 घायल

**भाषा।** कोलकाता

**मध्य कोलकाता** के मेयो रोड इलाके में शनिवार शाम एक बस के पलट जाने और मोटरसाइकिल से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 18 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मेटियाब्रज-हावड़ा मार्ग पर चल रही मिनीबस मेयो रोड-डफरिन रोड क्रॉसिंग की ओर जा रही थी, तभी यह दुर्घटना शाम करीब 4.40 बजे हुई। उन्होंने बताया कि बस के चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वह पलट गई और एक मोटरसाइकिल से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों का सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस उसकी पहचान करने और उसके परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

# आदिवासी रानी दुर्गावती से हमें सीख लेनी चाहिए कि राष्ट्र की रक्षा सर्वोपरि है : भागवत

**भाषा।** सतना (मप्र)

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को आदिवासी रानी दुर्गावती की वीरता का महिमामंडन करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र की रक्षा एवं सम्मान को सर्वोपरि रखा और कितने ही बार विदेशी आक्रांताओं को नाकों चने चबा दिए। उन्होंने कहा, हमें रानी दुर्गावती के जीवन से सीख लेनी चाहिए और व्यक्तिगत छोटे स्वार्थों के लिए देश को आहत करने के बारे में कभी नहीं सोचना चाहिए। भागवत ने सतना जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र मझगवां स्थित दीनदयाल शोध संस्थान के महर्षि वाल्मीकि परिसर में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, रानी दुर्गावती का शौर्य एवं पराक्रम प्रसिद्ध है। कितने ही



बार विदेशी आक्रांताओं को उन्होंने नाकों चने चबा दिए। घर के अंदर भेदिया नहीं होता तो वह कभी हारती नहीं। उनका स्मरण करते समय हम सबको यह सबक सीखनी चाहिए कि अपने छोटे स्वार्थों के कारण देश हित को धक्का लगाने की प्रवृत्ति हम लोगों में कभी न पनपे। इसकी हमको चिंता करनी पड़ेगी। भागवत ने आगे कहा, रानी दुर्गावती कभी भी दूसरों की वीरता के कारण नहीं हारी। उनके साथ विश्वासघात हुआ। किसके द्वारा हुआ? अपने लोगों द्वारा ही हुआ। उन्होंने कहा कि जो लोग 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा थे, उन्होंने रानी दुर्गावती के साहस और सर्वोच्च बलिदान से प्रेरणा ली। रानी दुर्गावती 1550 से 1564 तक तत्कालीन गोंडवाना साम्राज्य की शासक रही। उन्हें मुगलों के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा करने के लिए याद किया जाता है। अपनी सेना का नेतृत्व करते हुए उन्हें युद्ध के मैदान में मुगलों से लड़ते हुए चोटें आईं। उसे युद्ध के मैदान को छोड़ने की सलाह दी गई थी, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया और एक खंजर निकाला और 24 जून, 1564 को मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में खुद को मार डाला। रानी दुर्गावती के जीवन प्रसंगों से जुड़ी अनेक हृदयस्पर्शी बातों को उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के विषय में उनकी शौर्य गाथा और उनके पराक्रम से सभी परिचित हैं। दीनदयाल शोध संस्थान के इस परिसर में उनकी प्रतिमा लगाने से उनकी छवि जनमानस में निरंतर उभरती रहेगी।


## अदालत ने धोखाधड़ी मामले में तीन बैंक कर्मियों को दोषी ठहराया

**मुंबई।** यहां की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी के लगभग 19 साल पुराने मामले में तीन बैंक कर्मियों को दोषी करार देते हुए कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी अर्थव्यवस्था को जबरदस्त नुकसान पहुंचाती है और देश के समग्र विकास को बाधित करती है। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश डी.पी. सिंगडे ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत देना बैंक के तीन अधिकारियों श्रीकांत पडाले, विजय नायर और वी राधाकृष्णन को दोषी करार दिया। अदालत ने इस मामले में 30 मार्च को फैसला सुनाया जिसकी प्रति शनिवार को उपलब्ध हुई। तीन बैंक कर्मियों के अलावा अदालत ने 49 वर्षीय नर्गिस दिवेंत्री को भी दोषी करार दिया और सभी को दो-दो साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक आरोपी अधिकारियों ने एक निजी व्यक्ति के साथ मिलकर धोखाधड़ी की आपराधिक साजिश रची।

# घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स का कमाल

● 50 रन से दिल्ली कैपिटल्स को हराया, लगाई जीत की हैट्रिक

● मेयर्स का अर्धशतक, वेड का धमाल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एकबार फिर** लखनऊ जायंट्स के लड़कों ने दिल्ली कैपिटल्स को घुटने पर ला दिया। आईपीएल-16 के पहले मैच में लखनऊ ने दिल्ली को 50 रनों से हराकर अपने घरेलू मैदान पर जीत से आगाज किया। इस जीत के साथ कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ की यह लगातार तीसरी सफलता है। राजधानी के इकाना स्टेडियम पर हुए रोमांचक मैच में काइल मेयर्स (73 रन) के अर्धशतक के बाद मार्क वुड (14 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बड़ी जीत से अपना अभियान शुरु किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस तरह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत की हैट्रिक भी लगाई। मेयर्स ने 14 रन के स्कोर पर खलील अहमद द्वारा मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए दो चौके और सात छक्के जड़ति अर्धशतकीय पारी खेली जिससे लखनऊ सुपर जायंट्स से धीमी शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान डेविड वॉर्नर की 56 रन (सात चौके) की जुझारू पारी भी दिल्ली कैपिटल्स को हार से नहीं बचा सकी। वुड के साथ रवि बिश्नोई (31 रन देकर दो विकेट) के झटकों से दिल्ली कैपिटल्स निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 143 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स ने वॉर्नर और पृथ्वी साव (12) की बदौलत दूसरे ओवर में जयदेव उनादकट पर 17 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत की। पर पांचवें ओवर में वुड ने दिल्ली को दोहरे झटके दिए जिसमें उन्होंने साव के बाद अगली ही गेंद पर मिचेल मार्श को शून्य पर बोल्ड किया। इन दोहरे झटकों से टीम उबर नहीं सकी। चार ओवर के बाद दिल्ली का स्कोर बिना विकेट गंवाए 40 रन था और पावरप्ले के खत्म होने के बाद यह दो विकेट पर 47 रन हो गया था। वुड ने अपने दूसरे ओवर की अंतिम गेंद में बाउंसर पर सरफराज खान के रूप में तीसरा विकेट लिया। इस बल्लेबाज ने अपरकट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद फाइन लेग पर कृष्णप्पा गौतम के हाथों में समां गई। वुड ने इस तरह अपने दो ओवर में तीन रन देकर तीन विकेट झटके। दिल्ली कैपिटल्स का स्कोर 10 ओवर के बाद तीन विकेट पर 75 रन था और उसके सामने रनों का पहाड़ खड़ा था। वॉर्नर की मदद के लिए उतरे राइली रूसो (30 रन, तीन चौके, एक छक्का) ने अच्छा खेल दिखाया, पर उनकी 20 गेंद की पारी बिश्नोई ने समाप्त की।बिश्नोई ने फिर रोवमेन पॉवेल को अपना दूसरा शिकार बनाया। इम्पैक्ट प्लेयर अमन खान कोई इम्पैक्ट नहीं दिखा सके। आवेश खान ने उन्हें आउट करने के बाद इसी ओवर में वॉर्नर की पारी खत्म की। अब कोई उम्मीद नहीं बची थी। अक्षर पटेल ने 16 रन बनाए। वुड ने अंतिम ओवर में दो विकेट और चटकाए। जिससे वह 2023 आईपीएल सत्र में पांच विकेट झटकने वाले पहले गेंदबाज बने।इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी के दौरान छक्कों की भरमार रही। उसके बल्लेबाजों ने 16 छक्के और महज पांच चौके लगाए। मेयर्स के अलावा निकोलस पूरन ने 36 रन का योगदान दिया।

### स्कोरबोर्ड

**लखनऊसुपर जायंट्स** : राहुल का अक्षर पटेल बो सकारिया 08, मेयर्स बो अक्षर पटेल 73, हुड्डा का वार्नर बो कुलदीप 17, पंड्या नाबाद 15, स्टोइनिस का सरफराज बो खलील अहमद 12,पूरन का पृथ्वी साव बो खलील अहमद 36,बदोनी का सरफराज बो सकारिया 18,गौतम नाबाद 06,अतिरिक्त : 08,कुल : 20 ओवर मे छह विकेट पर 193 रन,**विकेट पतन** :1-19, 2-98, 3-100, 4-117, 5-165, 6-187,**गेंदबाजी** : अहमद 4-0-30-2,मुकेश 4-0-34-0,सकारिया 4-0-53-2,पटेल 4-0-38-1,यादव 4-0-35-1

**दिल्ली कैपिटल्स** :साव बो वुड 12,वॉर्नर का कृष्णप्पा बो आवेश 56, मार्श बो वुड 00,सरफराज का कृष्णप्पा बो वुड 04,रूसो का मेयर्स बो रवि बिश्नोई 30, पॉवेल पगबाधा बो रवि बिश्नोई 01,अमन का पूरन बो आवेदश 04, पटेल का सब मांकड़ बो वुड 16, यादव नाबाद 06, सकारिया का कृणाल बो वुड 04,कुमार नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 10,**कुल** : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 143 रन,**विकेट पतन** :1-41, 2-41, 3-48, 4-86, 5-94, 6-112, 7-113, 8-139, 9-143,गेंदबाजी : मेयर्स1-0-7-0, उनादकट 3-0-39-0,गौतम 4-0-23-0, खान 4-0-29-2, वुड 4-0-14-5, बिश्नोई 4-0-31-2

# दाहिने घुटने में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो सकते हैं विलियमसन



**भाषा।** अहमदाबाद

**न्यूजीलैंड** के कप्तान केन विलियमसन का आईपीएल में मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस के पहले मैच में दाहिने घुटने में चोट के कारण बाहर हो गए थे। 32 वर्ष के विलियमसन को फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। उनकी चोट की गंभीरता के बारे में अभी पता नहीं है लेकिन लगता है कि चोट मामूली नहीं है। विलियमसन को रूतुराज गायकवाड़ का छक्का बचाते हुए सीमारेखा के पास गिरने से चोट लगी। उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया और फिर वह मैदान पर नहीं लौटे। आईपीएल के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि विलियमसन का लीग में आगे खेल पाना मुश्किल है हालांकि उनकी चोट का आकलन जारी है। सूत्र ने कहा , विलियमसन को एसीएल सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है और शायद उन्हें अनिश्चितकाल के लिए क्रिकेट से दूर रहना पड़े। मैच जीतने के बाद गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा था , उन्हें घुटने में चोट लगी है लेकिन चोट की गंभीरता के बारे में मुझे पता नहीं है। और यह भी नहीं पता है कि इसे ठीक होने में कितना समय लगेगा। मैने अभी उन्हें मैसेज भेजा है। उनका स्कैन कराया जा रहा है और इसके बाद ही हमें पता चल सकेगा। आकलैंड में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन की चोट टीम के लिए करारा झटका है। हमें नहीं पता कि उसे कितनी गहरी चोट लगी है।

## पावरप्ले में लखनऊसुपर जायंट्स ने अच्छी गेंदबाजी की : वॉर्नर

**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच मे मिली हार के बाद कहा कि लखनऊसुपर जायंट्स ने पावरप्ले मे बहुत अच्छी गेंदबाजी की। वॉर्नर ने 50 रन की हार के बाद कहा, यह चुनौतीपूर्ण लक्ष्य था। हमने तेज गेंदबाजों की बदौलत शुरु मे लय हासिल की थी। लेकिन उन्होंने (लखनऊ) ने पावरप्ले में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। खलील अहमद ने काइल मेयर्स (73 रन) का कैच छोड़ दिया था, जब वह 14 रन पर थे। वॉर्नर ने कहा, कोई भी कैच नही छोड़ना चाहता, लेकिन इसके बाद से लय थोड़ी उनकी ओर झुक गई। लेकिन लखनऊकी टीम ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इस पर 170 रन का स्कोर अच्छा था लेकिन उन्होने बेहतरीन बल्लेबाजी की। मेयर्स के अर्धशतक से लखनऊ सुपर जायंट्स से धीमी शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मार्कवुड (14 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से लखनऊने जीत हासिल की। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने कहा, वुड बेहतरीन गेंदबाज है और उसने अपनी प्रतिभा और अनुभव का नजारा आज पेश किया। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने कहा, यह शानदार शुरूआत थी। हमें पिच के बारे मे ज्यादा नही पता था, अच्छी शुरुआत रही। हमने अच्छा स्कोर खड़ा किया जो इस पिच पर उम्मीद के स्कोर से 30 रन ज्यादा रहा। काइल मेयर्स ने आक्रामक बल्लेबाजी की और गेंदबाजो पर दबाव बनाया। उन्होने कहा, फिर वुड ने कमाल की गेंदबाजी की, यह किसी भी तेज गेंदबाज और टीम केलिए सपना होता है। पूरे गेंदबाजी ग्रुप ने अच्छा प्रदर्शन कर बल्लेबाजो पर दबाव बनाया।

## मैनी ने मेलबर्न में फॉर्मूला 2 में पहली बार पोडियम स्थान हासिल किया

**मेलबर्न।** भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने कैम्पोस रेसिंग केलिए भाग लेते हुए शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित फॉर्मूला 2 रेस मे तीसरे स्थान पर रहकर पहली बार पोडियम स्थान हासिल किया। उन्हे डैम्स के आर्थर लेक्लर्क से कड़ी चुनौती मिली लेकिन भारतीय ड्राइवर से उनकी और बारिश की परेशानियो से उबरते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रिड पर मैनी ने पी3 से शुरूआत की और कई लैप तक अपने स्थान पर बने रहे जबकि लेक्लर्क ने कई बार उन पर दबाव बनाया और उन्हे पछाड़ा लेकिन भारतीय ड्राइवर ने अच्छी वापसी की। इसमे एक अन्य भारतीय जेहान दारूवाला एमपी मोटरस्पोर्ट के लिए ड्राइव कर रहे थे, लेकिन वह निराशाजनक 17वे स्थान पर रहे।

## आईपीएल के बाद सीधे एशेज खेलने जाएंगे आर्चर : काउंटी क्लब कोच

**लंदन।** इंग्लैड के तेज गेदबाज जोफ्रा आर्चर आईपीएल मे खेलते हुए ही एशेज की तैयारी करते रहेगे और आईपीएल के बाद सीधे आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला खेलने जाएंगे। उनके काउंटी क्लब ससेक्स के कोच ने यह जानकारी दी। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रास ने कहा कि आर्चर जून मे होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले लाल गेद का क्रिकेट नही खेल सकेगे। पहला एशेज टेस्ट 16 जून से एडबस्टन में शुरू होगा। कोहनी की चोट और कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर से उबरने के बाद आर्चर ने इस साल इंग्लैड के लिए सात मैच खेले। फारब्रास ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा , इंग्लैड टीम की रणनीति यही है कि जोफ्रा आईपीएल मे खेलेगे। अगर सब सही रहा तो वह आईपीएल से सीधे एशेज खेलने जाएंगे। आईपीएल फाइनल 28 मई को खेला जाएगा।

# पंजाब किंग्स की जीत में चमके राजपक्षे-अर्शदीप

● केकेआर को डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन से हराया





**भाषा।** मोहाली

**भानुका राजपक्षे** के अर्धशतक और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। राजपक्षे (32 गेंदों पर 50 रन, पांच चौके, दो छक्के) और कप्तान शिखर धवन (29 गेंदों पर 40 रन, छह चौके) ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़कर अच्छा मंच सजाया। केकेआर के गेंदबाजों ने इसके बाद रनों पर थोड़ा अंकुश लगाया लेकिन इसके बावजूद पंजाब की टीम पांच विकेट पर 191 रन बनाने में सफल रही। केकेआर ने इसके जवाब में 16 ओवर में सात विकेट पर 146 रन बनाए थे कि तभी बारिश आ गई इसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया। केकेआर की तरफ से आंद्रे रसेल ने 35 और इंपैक्ट प्लेयर वेंकटेश अय्यर ने 34 रन बनाए। पंजाब के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। फ्लड लाइट खराब होने से केकेआर की पारी आधा घंटा देरी से शुरू हुई। इसके बाद अर्शदीप ने पारी के दूसरे ओवर में ही मनदीप सिंह (दो) और अनुकूल राय (चार) को अतिरिक्त उछाल लेती गेंदों पर आउट करके केकेआर की रणनीति गड़बड़ा दी। नाथन एलिस ने गेंद संभालते ही रहमानुल्लाह गुरबाज (16 गेंदों पर 22 रन, तीन चौके, एक छक्का) के तेवरों पर विराम लगाया। इस तरह से केकेआर ने पावरप्ले में तीन विकेट खोकर 46 रन बनाए। सिकंदर रजा ने कप्तान नितीश राणा (17 गेंदों पर 24 रन, तीन चौके, एक छक्का) को प्वाइंट पर कैच कराया और फिर राहुल चाहर की गेंद पर नए बल्लेबाज रिंकू सिंह (चार) का कैच लेकर केकेआर का स्कोर पांच विकेट पर 80 रन कर दिया। इसके बाद रसेल और वेंकटेश ने छठे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। रसेल ने करेन गेंद पर छक्का और चौका जड़ने के बाद शार्ट पिच गेंद पर एक विकेट पर खड़े रजा को कैच दे दिया। करेन के इस ओवर में हालांकि 18 रन बने जिसमें शार्दुल ठाकुर का छक्का भी शामिल है। रसेल ने अपनी 19 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। अर्शदीप ने अपने दूसरे स्पेल के पहले ओवर में ही वेंकटेश को आउट करके केकेआर की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया। जब बारिश के कारण खेल रोका गया तब ठाकुर आठ और सुनील नारायण सात रन पर खेल रहे थे। इससे पहले पंजाब ने सकारात्मक शुरुआत की और पावरप्ले में एक विकेट पर 56 रन बनाए। प्रभसिमरन सिंह ने पहले दोनों ओवर खेले और टिम साउदी (54 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले 12 गेंदों पर दो चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर टीम के लिए अच्छा मंच तैयार किया। उमेश यादव (27 रन देकर एक) ने पारी के तीसरे ओवर में केवल एक रन दिया लेकिन राजपक्षे ने सुनील नारायण (40 रन देकर एक) का स्वागत दो चौकों और एक छक्के से करके हिसाब बराबर कर दिया। पावरप्ले के बाद शार्दुल ठाकुर (43 रन देकर कोई विकेट नहीं) पर लगाया गया उनका छक्का दर्शनीय था। केकेआर के कप्तान नितीश राणा ने पहले 10 ओवर में अपने सभी पांच गेंदबाजों को समान दो-दो ओवर करने को दिए लेकिन उमेश और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (26 रन देकर एक) को छोड़कर कोई भी रन प्रवाह पर अंकुश नहीं लगा पाया। पंजाब के कप्तान धवन ने इस बीच कुछ आकर्षक चौके लगाए जिससे उनकी टीम 10 ओवर में ही तिहरे अंक में पहुंच गई। राजपक्षे ने 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन उमेश की गेंद पर लंबा शॉट खेलने के प्रयास में वह इसके तुरंत बाद लॉन्ग ऑन पर कैच दे बैठे। उनकी जगह लेने के लिए क्रीज पर उतरे जितेश शर्मा (11 गेंदों पर 21 रन) का नारायण पर लगाया गया 97 मीटर लंबा छक्का आकर्षक था। उन्होंने साउदी पर भी छक्का लगाया लेकिन न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ने अगली गेंद पर उन्हें आसान कैच देने के लिए मजबूर किया। धवन का कप्तान के रूप में पहले अर्धशतक का इंतजार बढ़ गया। चक्रवर्ती ने उन्हें गच्चा देकर बोल्ड किया, जबकि नारायण ने 18वें ओवर में केवल तीन रन दिए और सिकंदर रजा (13 गेंदों पर 16 रन) को आउट किया। इसके बाद सैम करेन (17 गेंदों पर नाबाद 26) और शाहरुख खान (सात गेंदों पर नाबाद 11) ने स्कोर 190 रन के पार पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स** : प्रभसिमरन का रहमनुल्लाह गुरबाज बो साउदी 23,धवन बो वरुण चक्रवर्ती 40 ,राजपक्षे का रिंकूसिंह बो उमेश यादव 50, शर्मा का यादव बो साउदी 21, रजा का राणा बो नारायण 16,करन नाबाद 26, खान नाबाद 11,**अतिरिक्त** : 04,**कुल** : 20 ओवर मे पांच विकेट पर 191 रन,**विकेट पतन** :1-23, 2-109, 3-135, 4-143, 5-168,**गेंदबाजी** : उमेश 4-0-27-1,साउदी 4-0-54-2,सुनील 4-0-40-1,चक्रवर्ती 4-0-26-1, ठाकुर 4-0-43-0

**कोलकाता नाइट राइडर्स** : मनदीप का सैम करन बो अर्शदीप सिंह 02,गुरबाज बो नाथन एलिस 22 , रॉय का सिंकदर रजा बो अर्शदीप सिंह 04, अय्यर का राहुल चाहर बो अर्शदीप सिंह 34, राणा का राहुल चाहर बो सिंकदर रजा 24,सिंह का सिंकदर रजा बो राहुल चाहर 04,, रसेल का सिंकदर रजा बो करन 35,ठाकुर नाबाद 08,सुनील नारायण नाबाद 07,**अतिरिक्त** : 06,**कुल** : 16 ओवर मे सात विकेट पर 146 रन,**विकेट पतन** :1-13, 2-17, 3-29, 4-75, 5-80, 6-130, 7-138,**गेंदबाजी** : सैम 3-0-38-1,अर्शदीप 3-0-19-3,एलिस 3-0-27-1,रजा 3-0-25-1,धवन1-0-15-0,चाहर 2-0-12-1 ,बरार1-0-7-0

# मुंबई इंडियंस पर दबदबा कायम रखने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर



**भाषा।** बेंगलुरू

**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर का इरादा रविवार को घरेलू मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस पर दबदबा बरकरार रखने का होगा। आईपीएल 2020 के बाद से आरसीबी ने मुंबई के खिलाफ पांच में से तीन मैच जीते हैं। अब तक आईपीएल नहीं जीत सकी आरसीबी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जीत के साथ आगाज करके घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने के मौके जरूर देना चाहेगी। देखना यह है कि रजत पाटीदार और जोश हेजलवुड जैसे खिलाड़ियों के बिना आरसीबी का प्रदर्शन कैसा रहता है चूंकि दोनों चोटों के कारण पहले हाफ में नहीं खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। पाटीदार ने पिछले साल आठ मैचों में 55 . 50 की औसत से 333 रन बनाए थे। उन्होंने पहले क्वालीफायर में किसी भी भारतीय बल्लेबाज के बल्ले से सबसे तेज शतक जड़ा था। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के हेजलवुड ने 20 मैचों में 20 विकेट लिए थे। आरसीबी को श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा का भी इंतजार करना होगा जो राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने न्यूजीलैंड में हैं। वह शुरूआती कुछ मैचों से बाहर रहेंगे।

## रोहित और आर्चर दोनों फिट : मुंबई इंडियंस कोच बाउचर

बेगलुरु मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने पुष्टि की कि कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेदबाज जोफ्रा आर्चर रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेगलोर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के अपने शुरुआती मैच मे खेलने के लिए फिट है। अटकले लगाई जा रही थी कि रोहित हो सकता है कि टीम के शुरुआती मैच केलिए उपलब्ध नही हो क्योंकि वह अहमदाबाद मे कप्तानो के फोटो शूट मे मौजूद नही थे। लेकिन बाउचर ने सभी अटकलो को खारिज कर दिया।बाउचर ने शनिवार को मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, हां, रोहित फिट है। उन्होने पिछले दो दिन ट्रेनिंग की है और वह खेलने के लिए शत प्रतिशत फिट है।

## इस लय में भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल कर सकता है रूतुराज : हार्दिक

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के रूतुराज गायकवाड़ की 92 रन की पारी भले ही बेकार गई हो लेकिन विरोधी कप्तान हार्दिक पंड्या ने उनकी जबर्दस्त तारीफ करते हुए कहा कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल करेगा। गायकवाड़ ने 50 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और नौ छक्के लगाकर चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट पर 178 रन तक पहुंचाया। टाइटंस ने हालांकि चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। पंड्या ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , उसने कुछ ऐसे शॉट खेले जो बेहतरीन थे। वह अगर ऐसे ही खेलता रहा तो भारतीय क्रिकेट के लिए कमाल करेगा। समय आने पर भारतीय क्रिकेट टीम उसके साथ होगी।

# सनराइजर्स के खिलाफ जीत के साथ आगाज करके पिछला प्रदर्शन दोहराने उतरेंगे रॉयल्स



**भाषा।** हैदराबाद

**पिछले** सत्र की उपविजेता राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के इस सत्र में रविवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहला मैच खेलने उतरेगी तो उसका इरादा पिछले प्रदर्शन को दोहराने का होगा। संजू सैमसन की अगुवाई में रॉयल्स ने पिछले सत्र में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। उसके गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सर्वाधिक विकेट लेकर परपल कैप और बल्लेबाज जोस बटलर ने सबसे ज्यादा रन बनाकर आरेंज कैप अपने नाम की थी। बेहद संतुलित और मजबूत टीम होने के साथ रॉयल्स के पास चहल, रविचंद्रन अश्विन और आस्ट्रेलिया के एडम जाम्पा के रूप में सबसे अच्छी स्पिन तिकड़ी भी है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों को लेग स्पिनर चहल से खास तौर पर बचना होगा जिसने 2022 सत्र में 27 विकेट लिए थे। दूसरी ओर अश्विन ने हाल ही में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके चार टेस्ट में 25 विकेट चटकाए हालांकि यह प्रारूप दीगर है। बटलर की अगुवाई में रॉयल्स की बल्लेबाजी भी काफी मजबूत है।

# मैड्रिड मास्टर्स : सिंधू साल में पहली बार फाइनल में



**भाषा।** मैड्रिड

**ओलंपिक** में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शनिवार को यहां सिंगापुर की एओ जिया मिन को सीधे गेम में हराकर साल में पहली बार किसी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने अपने से कम रैंकिंग वाली सिंगापुर के खिलाड़ी को महिला एकल के सेमीफाइनल में 24-22, 22-20 से हराया। इस जीत से मिन के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया है। पहले गेम में सिंधू एक समय 15-20 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया और सात गेम प्वाइंट बचाकर पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में सिंधू शुरू में 1-4 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और इंटरवल तक वह 11-6 से आगे थी। विश्व में 33वें नंबर की मिन ने इसके बाद वापसी की और स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया। सिंधू के पास इसके बाद दो मैच प्वाइंट थे लेकिन मिन ने उन दोनों को ही बचा दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी को जब तीसरा मैच प्वाइंट मिला तो उन्होंने उस पर जीत दर्ज करने में कोई गलती नहीं की। फाइनल में वह स्थानीय खिलाड़ी और शीर्ष वरीयता प्राप्त कैरोलिना मारिन और इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया तुनजुंग के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

## गायकवाड़ के शानदार छक्के जबर्दस्त टाइमिंग की देन : कुंबले

**अहमदाबाद।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ के छक्के जड़ने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि यह इस बल्लेबाज की जबर्दस्त टाइमिंग की देन है। कुंबले ने आईपीएल के आधिकारिक प्रसारकों द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , एक पारी में नौ छक्के लगाना अद्‌भुत है। उसके छक्के भी बेदाग थे। ऐसा नहीं है कि उसने बहुत जोर लगाने की कोशिश की। उसके छक्के जबर्दस्त टाइमिंग का नतीजा थे। भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने भी गायकवाड़ की तारीफ करते हुए कहा , ऐसा लग रहा था कि रूतुराज गायकवाड़ किसी और ही विकेट पर खेल रहे थे। उसकी तकनीक काबिले तारीफ है। पटेल ने यह भी कहा कि गिल के फॉर्म को देखकर लग रहा है कि वह इस सत्र में 600 रन बनाएगा। उसने अपनी ख्याति के अनुरूप बल्लेबाजी की और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के फॉर्म को आईपीएल में कायम रखा।

# आईटीएफ मैसुरु ओपन :शशिकुमार-विष्णु वर्धन ने युगल खिताब जीता



**भाषा।** मैसुरु

**भारत** के मुकुंद शशिकुमार और विष्णु वर्धन ने शनिवार को यहां हमवतन बी रित्विक चौधरी और निक्की पूनाचा की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ शानदार जीत से आईटीएफ मैसुरु ओपन का युगल खिताब अपने नाम किया। मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में चौधरी और पूनाचा की जोड़ी को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। मैच के दौरान मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने सात ब्रेक प्वाइंट बचाए और दो मौकों को अंक में तब्दील कर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले मुकुंद-विष्णु की जोड़ी ने आस्ट्रेलिया के ब्लेक एलिस और यूक्रेन के व्लादिस्लाव ओरलोव की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पर 6-4, 7-5 की उलटफेर भरी जीत से युगल के फाइनल में जगह बनाई थी। एकल वर्ग में भारतीय चुनौती एस डी प्रज्वल देव के सेमीफाइनल में हारने से समाप्त हो गई थी। प्रज्वल देव को ब्रिटेन के जॉर्ज लोफहागेन ने दो घंटे चले मुकाबले में 7-5, 6-4 से शिकस्त दी। अब लोफहागेज का सामना आस्ट्रेलिया के आठवें वरीय ब्लेक एलिस से होगा जिन्होंने अमेरिका के ओलविर क्राफोर्ड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## सिनेर ने शीर्ष रैंकिंग वाले अलकाराज को हराया

**मियामी गार्डन्स।** दसवीं वरीयता प्राप्त इटली के जानिक सिनेर ने मियामी ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन कार्लोस अलकाराज को 6- 7, 6- 4, 6-2 से हरा दिया। सिनेर ने इसके साथ ही अलकाराज के दस मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाई। अब अलकाराज शीर्ष रैंकिंग भी नोवाक जोकोविच को गंवा देंगे। पिछले साल भी मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे सिनेर का सामना अब रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने अब तक इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेले पांचों मैच जीते हैं।